## आज का दिन

इस तारीख को साहित्य और सिनेमा को दोहरा नुकसान हो चुका है। अंग्रेजी साहित्य के महान कवि और नाटककार विलियम शेक्सपियर की मौत 23 अप्रैल 1616 को ही हुई थी और भारतीय सिनेमा के बेहतरीन निर्देशकों में शुमार सत्यजीत रे भी 23 अप्रैल 1992 को इस दुनिया को अलविदा कह गए थे। यह तारीख यू-ट्यूब से भी जुड़ी है। दुनियाभर में सोशल नेटवर्किंग के सबसे सशक्त माध्यमों में शुमार यू-ट्यूब पर पहला वीडियो 23 को ही अपलोड किया गया था।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 293 | रांची, मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com


## क्विक न्यूज

### सिंहभूम लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी 23 को करेंगी नामांकन

**रांची।** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी 23 अप्रैल को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। जोबा माझी को झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन ने सोमवार को सिंबल प्रदान किया।

जोबा माझी के नामांकन में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, झामुमो की स्टार प्रचारक पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन और राज्य के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन साथ रहेंगे। नामांकन से पूर्व चाईबासा के खुटकट्टी मैदान में जनसभा आयोजित किया गया है, जिसे स्टार प्रचारकों के अलावा कोल्हान से पार्टी के विधायक, मंत्री समेत गठबंधन दलों के नेतागण संबोधित करेंगे।

नामांकन कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में झामुमो समेत गठबंधन दलों के नेता, कार्यकर्ता और समर्थकों के भाग लेने की संभावना है। प्रत्याशी जोबा माझी चक्रधरपुर स्थित आवास में दिवंगत पति शहीद देवेंद्र माझी को श्रद्धांजलि अर्पित कर समर्थकों के साथ चाईबासा के लिए रवाना होंगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। इसी अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है।

### सिंहभूम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने दाखिल किया नामांकन पत्र

पश्चिमी सिंहभूम । सिंहभूम लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार गीता कोड़ा ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। गीता कोड़ा ने अपराह्न 01:40 बजे जिला निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष परचा दाखिल किया। इससे पहले गांधी मैदान से खूंटकटी तक रैली निकाली गई।

# अर्जुन मुंडा आज दाखिल करेंगे नामांकन पत्र, राजनाथ सिंह भी रहेंगे मौजूद

खूंटी, एजेंसी

खूंटी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के अलावा कई विधायक और और भाजपा नेता मौजूद रहेंगे।

बताया गया कि अर्जुन मुंडा पूर्वाह्न 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके पूर्व भाजपा प्रत्याशी सुबह दस बजे सोनमेर माता मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। भाजपा नेताओं ने बताया कि नामांकन के पश्चात स्थानीय पतरा मैदान में एक जनसभा का आयोजन अपराह्न एक बजे से किया जायेगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि जनसभा में छह विधानसभा क्षेत्रों के 15 हजार से अधिक कार्यकर्ता भाग लेंगे।

**कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा 23 भरेंगे नामांकन पत्र, मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री और विधायक रहेंगे मौजूद**

खूंटी, 22 अप्रैल (हि.स.)।





खूंटी(सु) सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी मंगलवार को अपराह्न दो बजे नामांकन पत्र दखिल करेंगे। नामांकन के दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, राज्य के मंत्री रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, कांग्रेस कें प्रदेश प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव गुलमा अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की, तमाड़ के विधायक विकास सिंह मुंडा, कोलेबिरा के विधायक नमन विक्सल कांगाड़ी, सिमडेगा के विधाायक भूषण बाड़ा सहित कांग्रेस और झामुमो के कई नेता मौजूद रहेंगे। यह जानकारी खूंटी लोकसभा प्रभारी बंधु तिर्की ने सोमवार को कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सुनीता गोप सहित कई नेता मौजूद थे। बंधु तिर्की ने बताया कि नामांकन के पूर्व दोपहर साढ़े बारह बजे कॉओपरेटिव मैदान में जनसभा होगी, जिसमें इंडी गठबंधन के 15 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश और संविधान बचाने के लिए है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का हाल के दिनों में अपमान किया गया, मणिपुर की घटना हो या छत्तीसगढ़ हर जगह आदिवासियों को अपमानित किया जा रहा है। लोकसभा प्रभारी ने कांग्रेस की पांच गारंटी की जानकारी देते हुए कहा युवा न्याया के तहत हर साल शिक्षित युवा कों एक लाख रुपये नकद, किसानों की कर्ज माफी, न्यूनतम समर्थ्र्ञन मूल्य, न्यूनतम मजदूरी चार सौ रु सामाजिक और आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति और हर वर्ग की गणना कराई जायेगी।

## भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने दाखिल किया पर्चा

खूंटी। भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने सोमवार को जिला खूंटी संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बबिता कच्छप ने कहा कि यहां के जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए मैं चुनाव लड़ रही हूं और यहां के आदिवासी-मूलवासियों की आवाज को संसद में उठाऊंगी।

उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले मैंने यहां के आदिवासी-मूलवासियों की समस्याओं को लेकर जन आंदोलन किया था, जिसे कुछ लोगों ने पत्थलगड़ी आंदोलन करार दिया था। मेरे आंदोलन को कुछ असामाजिक तत्वों ने बदनाम करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में चुनाव कराने का कोई नियम नहीं है। यहां पर इलेक्शन नहीं सेलेक्शन की बातें होती थी। आजादी के पहले इतिहास का देखा जाय, तो आदिवासी क्षेत्रों में चुनाव नहीं होता था। 1950 से पहले जो भी अंग्रेजी कानून होते थे, जो भी रेगुलेशन होते थे, उसमे चाहे बंगाल रेगुलेशन या मद्रास रेगुलेशन, इसमें साफ था कि आदिवासी क्षेत्रों में अंग्रेजों का कानून लागू नहीं होता था। आजादी के बाद एसटी कमिशन की जो रिपोर्ट है, उसमें साफ-साफ कहा है कि जितने भी पुराने और नए कानून बने हैं।

## रतन टाटा कीस मानवतावादी सम्मान से सम्मानित

नई दिल्ली, उज्ज्वल दुनिया सं



विश्व प्रसिद्ध भारतीय उद्योगपति और टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को सोमवार को प्रतिष्ठित केआईआईएस (कीस) मानवतावादी सम्मान- 2021 से सम्मानित किया गया। मुंबई में उनके निजी आवास पर आयोजित पुरस्कार समारोह में कीट-कीस-कीम्स के संस्थापक एवं कंधमाल से लोकसभा सांसद प्रो.अच्युत सामंत ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। रतन टाटा को यह सम्मान उनके सामाजिक विकास और अनुकरणीय कॉर्पोरेट नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया है।

समारोह में टाटा समूह के अध्यक्ष एन.चंद्रशेखरन और तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज सहित अनेक प्रतिष्ठत जन उपस्थित थे। इस पुरस्कार की घोषणा 2021 में की गई थी, लेकिन तब कोरोना महामारी के कारण यह पुरस्कार अब प्रदान किया गया है।

इस मौके पर डॉ. सामंत ने कहा कि रतन टाटा इस सम्मान से सम्मानित करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि " रतन टाटा के सामाजिक कार्य और नेतृत्व ने बचपन से ही उन्हें प्रभावित किया है। उनके पिता टाटा कंपनी के एक कर्मचारी थे। तब से, रतन टाटा का सम्मान करता आ रहा हूं और उन्हें पसंद करता रहा हूं।" 2008 में डॉ. अच्युत सामंत द्वारा शुरू किया गया ह्यकीस मानवतावादी सम्मानह्ण दुनिया भर में मानवीय कार्यों की भावना को मूर्त रूप देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता देने के लिए समर्पित है।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा धनबाद लोकसभा सीट पर लड़ेगी चुनाव : सरयू राय

**धनबाद।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा सुप्रीमो सरयू राय ने कहा कि उनकी पार्टी धनबाद लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अगले 24 घंटे के भीतर अपने पार्टी के प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर देगी। सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है। राय ने कहा कि अनुपमा सिंह उनसे मिलने जरूर आई थी, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है। सोमवार को सरयू राय प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

सरयू राय ने इस दौरान केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही उन्हें सजा हुई है। जबकि वर्ष 2022 में धनबाद के एसएसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दाखिल किया था, जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुलू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों में कई संगीन धाराओं वाले भी केस दर्ज हैं, जिसमें 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

वहीं सूत्रों की माने तो सरयू राय खुद धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। वह फिलहाल जमशेदपुर पश्चिमी सीट से विधायक हैं। यह सीट उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर जीता था। यदि सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए परेशानी हो सकती है।

## रांची के मुख्य चौक-चौराहों पर नगर निगम एक माह तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाए : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हुई। कोर्ट ने मौखिक तौर पर रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव से जानना चाहा कि लालपुर में सड़क पर लगे सब्जी मार्केट के दुकानदारों को हटाने पर क्या कार्रवाई हुई है?

इस पर रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लालपुर में डिस्टलरी पुल के पास वेंडर मार्केट बना हुआ है। इसमें नॉनवेज (मीट) के दुकानदारों को वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर दिया गया है लेकिन सब्जी विक्रेताओं के लिए वेंडर मार्केट पूरी से तैयार नहीं हुआ है। इसमें करीब दो माह का समय लगेगा। लालपुर में 273 सब्जी विक्रेता हैं, जिनमें से करीब 110 सब्जी विक्रेताओं को ही वेंडर मार्केट बनने पर शिफ्ट किया जा सकेगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है।

इस पर कोर्ट ने रांची नगर निगम से कहा कि ऐसी व्यवस्था रखें ताकि सभी सब्जी विक्रेता वेंडर मार्केट में शिफ्ट हो सकें, जिससे लालपुर में सड़क लोगों के चलने के लिए सुलभ रहे।

## गर्मी और लू का प्रभाव नहीं लेकिन तैयारी में चुनाव आयोग, 26 अप्रैल के मतदान पर बैठक

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने आज देश के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और लू चलने की रिपोर्टों के मद्देनजर बदलते मौसम की स्थिति को समझने और सामान्य अवधि के दौरान गर्म मौसम की स्थिति के कारण किसी भी जोखिम को कम करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक की।

मौसम विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक ने आज चुनाव आयोग को सूचित किया कि दूसरे चरण के लिए इस महीने की 26 तारीख को होने वाले मतदान में लू चलने से संबंधित कोई बड़ी चिंता नहीं है। दूसरे चरण में मतदान वाले 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के लिए मौसम का पूर्वानुमान सामान्य है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के अतिरिक्त सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के विभाग प्रमुख और मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) डीजी मौसम विज्ञान ने भाग लिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आयोग, आईएमडी, एनडीएमए और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों की एक टास्क फोर्स आवश्यकता पड़ने पर मतदान से पांच दिन पहले गर्मी की लहर और आर्द्रता के प्रभाव की समीक्षा करेगी। आयोग ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को राज्यों में स्वास्थ्य अधिकारियों को चुनाव संचालन को प्रभावित करने वाली लू की स्थिति के लिए तैयारी करने और सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने को कहा है।

आयोग 16 मार्च के अपने परामर्श के अनुसार मतदान केंद्रों पर शामियाना, पीने के पानी, पंखे और अन्य सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं आदि सहित पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य के सीईओ के साथ अलग से समीक्षा करेगा। मतदान केंद्र क्षेत्रों में गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए एहतियाती उपायों (क्या करें और क्या न करें) के लिए जनता के बीच आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियां की जाएंगी।

# वेंकैया नायडू, डा. पद्मा सुब्रमण्यम और बिंदेश्वर पाठक समेत कई हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित

नई दिल्ली, उज्ज्वल दुनिया सं



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-क में वर्ष 2024 के लिए 3 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति भवन के दरबार हाल में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण प्रदान किया। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक की पत्नी अमोला ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

राष्ट्रपति ने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पॉप गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, डॉ. सीताराम जिन्दल, हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. तेजस मधुसूदन पटेल, दत्तात्रेय अंबादास मायालू और डॉ. चन्द्रेश्वर प्रसाद ठाकुर को पद्म भूषण प्रदान किया। राष्ट्रपति ने इसके अलावा टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और असम के ओजपली लोक नर्तक द्रोण भुइयां सहित अन्य को पद्मश्री प्रदान किया।

इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों या क्षेत्रों में दिए जाते हैं। इनमें कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और सिविल सेवा आदि शामिल हैं।

## नक्सली आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा दो-तीन वर्षों में नक्सलवाद को खत्म कर देंगे : गृहमंत्री

कांकेर, एजेंसी

**भूपेश बघेल की सरकार में नक्सलियों पर नहीं होती थी कार्रवाई**

केंद्रीय गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के नरहरपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम देश के कई राज्यों से नक्सलवाद का खात्मा कर चुके हैं, दो से तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ से भी नक्सलवाद खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सली आत्मसमर्पण कर दें, अन्यथा यह लड़ाई जारी रहेगी। इस देश से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को समाप्त किया और अब नक्सलवाद समाप्ति की कगार पर है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पांच वर्ष तक भूपेश बघेल की सरकार थी, नक्सलियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया तो चार महीने में ही 90 से ज्यादा नक्सलियों को मार गिराया, 123 गिरफ्तार हुए और 250 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। हमने नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर लाने के साथ-साथ विकास का काम भी किया है।

# कोलकाता हाई कोर्ट ने रद्द की करीब 26 हजार शिक्षकों की अवैध नियुक्तियां, ममता बोलीं : सुप्रीम कोर्ट जाऊंगी

कोलकाता,एजेंसी



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए हुई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का सोमवार को आदेश देते हुए इसे अमान्य एवं अवैध करार दिया। इन विद्यालयों में 24 हजार 640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक अभ्यर्थी 2016 की एसएलएसटी परीक्षा में शामिल हुए थे। 25 हजार 753 लोगों को नौकरी दी गई थी, जिन्हें तुरंत हटाने का आदेश दिया गया है।

न्यायमूर्ति देबांग्शु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर राशिदी की खंडपीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को (रद्द की गई) नियुक्ति प्रक्रिया के संबंध में और जांच करने तथा तीन महीनों में एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। पीठ ने पश्चिम बंगाल विद्यालय सेवा आयोग (एसएससी) को लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा की तारीख से एक पखवाड़े के अंदर नयी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश भी दिया। साथ ही जिन लोगों को नौकरी से बर्खास्त किया गया है, उनसे अभी तक मिले पूरे वेतन को 12 फीसदी ब्याज के साथ वापस लेने को कहा गया है। नियुक्तियों को रद्द करने के संबंध में पीठ का आदेश आने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं जिनकी नौकरियां चली गई हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको न्याय मिले और आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे।

वहीं, भाजपा ने कहा कि यह ममता बनर्जी सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करता है। बंगाल के लिए भाजपा के सह प्रभारी अमित मालवीय एक्स पर एक पोस्ट में यह आरोप लगाया कि यह सरकार प्रायोजित सबसे बड़ा भर्ती घोटाला था जिसमें लाखों युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गांगुली ने अदालत के फैसले को उचित करार देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से तत्काल इस्तीफे की मांग की।

अदालत में कुछ याचिकाकताओं की ओर से पेश हुए वकील फिरदौस शमीम ने कहा कि इन रिक्तियों के लिए कुल 25 हजार 753 नियुक्ति पत्र जारी किए गए थे। खंडपीठ ने आदेश पर रोक लगाने के कुछ अपीलकताओं के अनुरोध को भी खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने पीठ का गठन किया था। पीठ ने एसएलएसटी-2016 के जरिए नौवीं, दसवीं, 11वीं और 12वीं कक्षाओं के शिक्षकों तथा ग्रुप-सी और डी पदों पर एसएससी द्वारा नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों के चयन से संबंधित 350 याचिकाओं तथा अपीलों पर विस्तारपूर्वक सुनवाई की। मामले में सुनवाई 20 मार्च को पूरी हुई थी और पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

उच्च न्यायालय ने चयन प्रक्रिया के जरिये की गई सभी नियुक्तियों को संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) और अनुच्छेद 16 (किसी भी सरकारी पद पर नौकरी में भेदभाव रोकने) का हनन करने वाला करार दिया। अदालत ने इन नियुक्तियों को अमान्य एवं अवैध करार दिया और रद्द कर दिया। पीठ ने 282 पन्नों के अपने फैसले में सीबीआई को उसके द्वारा दर्ज किये गए सभी चार मामलों में आगे की जांच करनी है।




## जमशेदपुर ने कोडरमा को 8 विकेट से हराया

**रामगढ।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छावनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर16 में जमशेदपुर और कोडरमा के बीच मैच खेला गया। कोडरमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 26.2 ओवर मे 85 रन पर सिमट गई। जिसमें ध्रुव कुमार ने 33 रन एवं सोनू कुमार ने 10 रन कि पारी खेली।जमशेदपुर के गेंदबाज हिमांशु भारद्वाज ने 8 ओवर में 27 रन देकर 5 विकेट एवं श्रेष्ठ चौहान 5,2 ओवर में 7 रन देकर 3कोडरमा कि टीम को बैकफुट पर ला दिया। लक्ष्य की पीछा करने उतरी जमशेदपुर ने 14.2 ओवर में 2 विकेट पर 91रन बनाकर अपने झोली में डाल लिया। मुख्य बल्लेबाज विघ्नेश कुमार ने 43 रन एवं शिवम् कुमार 15 रन का योगदान दिया। कोडरमा की ओर से पीयूष कुमार एवं चिंटू कुमार को एक-एक विकेट पर संतोषी करना पडा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**रामगढ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत रामगढ़ जिले में सफलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने, मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता तथा निर्वाचन के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों में बनाए जाने वाले इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉक्टर बिमल कुमार के साथ रामगढ जिला अंतर्गत चितरपुर, गोला सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों, विभिन्न विद्यालयों आदि का निरीक्षण किया।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आलोक में भवन में उपलब्ध कमरों की संख्या, शौचालय, जलापूर्ति, विद्युत सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया गया वहीं उनके द्वारा संबंधित अधिकारियों को केंद्र को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूप के रूप में तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए वहीं उन्होंने क्षेत्र में पडने वाले मतदान केन्द्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता का भी जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मतदान की तिथि के दिन सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।..

## एक-नजर

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण व वन उत्सव मनाने की जरूरत : बिजयंत कुमार




**भुरकुंडा (रामगढ)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित बच्चों के बीच ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी दिवस पर आयोजित भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साह के साथ शामिल होकर पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने भाषणों में वर्तमान समय में होने वाले जलवायु समस्याओं के बारे में बताया। साथ ही विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक परीक्षणों और दुनिया में होने वाले परिवर्तनों को भी उन्होंने विस्तार तरीके से सबों के समक्ष रखा। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार कहा कि आज प्रकृति विभिन्न प्रकार के जलवायु संकटों से जूझ रही है। इन समस्याओं और संकटों से बचने के लिए हमें पौधारोपण और वन उत्सव को मनाने की आवश्यकता है। साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा के लिए विभिन्न संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता में शिवम कुमार, सुमित, विवेक, सुजल, आयुष, सौरभ प्रजापति, सौरभ, सृष्टि, रंगीला, प्रिया शर्मा, विदुषी वारी, सब्बा, श्रेया, शिवानी, कुमुद कृष्ण, छवि, अलिया अरसी, स्वाति, सोनाक्षी, रीता, नव्या मिश्रा, परी, वैष्णवी, नमन, प्राची, स्नेहा वर्मा, गुंजन, प्रिया, पम्मी और शाहीन फातिमा आदि शामिल हुए। वहीं जूरी की भूमिका प्राचार्य विजयंत कुमार, धर्मेश सोनी, जय किशोर महतो, सूरज देव सिंह, अंजली सिन्हा, कंचन सोनी, कृष्ण कुमार अम्बष्ठा, सेंसाई कंचन दास, मोहनलाल बेदिया आदि ने निभाई।..

### सौंदा डी के हुसैनीनगर में तेज रफ्तार से आ रही बाईक पोल से टकराई, दो घायल, रिम्स रेफर

**भुरकुंडा (रामगड)।** भुरकुंडा ओपी अंतर्गत सौंदा डी पंचायत के हुसैनीनगर में सडक दुर्घटना में बाईक सवार दो युवक घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनो घायलों को उपचार के लिए सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों का बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार भुरकुंडा पावर हाउस निवासी 42 वर्षीय राजकुमार भुंइया व सौंदा निवासी 17 वर्षीय कृष्ण कुमार लोहार बाइक पर सवार होकर भुरकुंडा से सौंदा डी की ओर तेज गति से जा रहे थे। इसी बीच नलकारी पुल के निकट सौंदा डी के हुसैनीनगर में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों घायल हो गये। घटना में राजकुमार भुंइया के सर में काफी गंभीर चोट लगी है। वहीं कृष्णा कुमार लोहार को अंदरूनी चोट आई है। स्थानीय लोगों व एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल राजकुमार भुंइया व कृष्ण कुमार लोहार को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।...

### दो कलयुगी पुत्रों ने पिता को डंडे लाठी से पीट पीटकर गंभीर रूप से किया घायल

**गुमला** जिला अंतर्गत रायडीह थाना स्थित कोठा टोली निवासी एक वृद्ध महिला को दो कलयुगी पुत्र अर्जुन महतो और भी महत्व नेअपनी ही जन्मदाता तेतर महतो और सबसे छोटा भाई शिव महतो को बीते रात लाठी डंडे से पीट पीटकर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया , आनन-फानन में परिजनों ने दोनों गंभीर घायलों को गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों के देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं, देख तेरे संसार की हालत क्या हो गई भगवान , कितना बदल गया इंसान, घरेलू मामला होने के कारण अबतक गुमला सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है ।...

### तत्वज्ञान से होगा मानव समाज का जीवन कल्याण : संत रामपाल जी

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत ढुठुवा गाँव में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में जिला स्तरीय विशाल सत्संग समागम प्रोजेक्टर के माध्यम से सम्पन्न हुआ ! सत्संग कार्यक्रम की अनुमति अनुमंडल पदाधिकारी, थाना से प्राप्त थी अतः सर्व कार्यक्रम चुनाव आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए किया गया, सत्संग में श्रद्धालुओं को पवित्र वेद, पुराण, कुरान शरीफ,बाइबल, गुरु ग्रंथ साहिब व श्रीमद् भागवत गीता आदि धर्म ग्रंथो में छिपे हुए रहस्यों का महत्व बताया गया! इस दौरान सृष्टि की रचना कब और कैसे हुई ? प्रत्येक जीव क्यों जन्म लेता है व क्यों मरता है? जीव कहां से आता है और वह कहां जाता है ? जीव की गति होती है या नहीं, 84 लाख योनियों क्यों भोगनी पड़ती है? इससे छुटकारा कैसे मिलता है ! आदि रहस्याओं को सत्संग में श्रद्धालुओं को बताया गया संत रामपाल जी महाराज की ओर से समाज में फैली कुरीतियां व बुराइयों को दूर करने का मिशन चलाया हुआ है साथ ही आए दिन हो रहे अपराध से बचाव के लिए गांव-गांव व शहर - शहर में सत्संग व जागरूकता अभियान चला रहे हैं सत्संग से जु? जिला संयोजक राजेश महतो ने बताया कि पवित्र धर्म के पवित्र सद्ग्रन्थों में छुपे ऐसे कई गु? रहस्यों को सरल शब्दों में बताने वाले शास्त्र प्रमाणित पुस्तकें जीने की राह, ज्ञान गंगा, गीता तेरा ज्ञान अमृत भी श्रद्धालुओं को वितरित की गई! साथ ही बताया गया कि संत से उपदेश लेने पर तत्व ज्ञान तो होता ही है साथ ही साथ सर्व सुख भी मिलता है मर्यादा में रहकर भक्ति करने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है ! सत्संग में विशेष रूप से राजेश महतो, प्रेम ठाकुर, सतप्रकाश ठाकुर, रामु कुमार, राजकिशोर पटेल, कुलदीप कुमार, जयलाल महतो, कुमारी जूही, लक्ष्मी कुमारी, अंजू देवी , मंजू देवी समेत सैकड़ो की संख्या में पुरुष एवं महिला श्रद्धालु उपस्थित थे!.

### लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा बीडीओ ने कार्यालय कक्ष में कर्मियों के साथ की बैठक

**घाघरा** बीडीओ ने कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कर्मियों के साथ सोमवार को बैठक किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने कर्मियों से मतदान केंद्रो में मूलभूत सुविधा,बिजली, पेयजल,शौचालय,फर्नीचर की जानकारी ली। इसके साथ ही मतदान केंद्रो में मतदान करने आने वाले दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधा,बुजुर्गों को दी जाने वाली सुविधा संबंधित कई जानकारी ली। सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रो में मूलभूत सुविधा पूरा हो गया है। तो आप एक प्रमाण पत्र भरकर दे।जिससे पता चले कि आपके अंडर में पड़े मतदान केंद्रो में सारी मूलभूत सुविधा पूरा हो चुकी है। मतदान केंद्रो में मतदाताओं के लिए पानी की व्यवस्था पूरी करने का निर्देश दिया।मतदान केंद्रो के बाहर मतदाताओं को धूप से बचाव को लेकर भी राहत देने को लेकर कार्य करने की बात कही।वही बीडीओ दिनेश कुमार ने कर्मियों को हर हाल में जल्द से जल्द मूलभूत सुविधा और अन्य सुविधाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मतदान केंद्रो में मतदान करने आने वाले दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधा,बुजुर्गों को दी जाने वाली सुविधा संबंधित कई जानकारी ली। सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्रो में मूलभूत सुविधा पूरा हो गया है। साथ ही यह भी कहा कि मतदान कर्मियो, मतदाताओं को किसी भी तरह के परेशानी मतदान केंद्रों में ना हो। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, बीपीओ बेबी कुमारी, शंकर खेरवार, सतीश कुमार बंसल, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, उपेंद्र उरांव, कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो सहित कई कर्मी उपस्थित थे ।

## प्रकृति के साथ खिलवाड के कारण ही पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग का शिकारः प्रवीण राजगडिया

**भुरकुंडा (रामगढ)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को अर्थ डे के अवसर पर पेंटिंग, स्लोगन, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न कक्षाओं से करीब दो सौ प्रतिभागी शामिल हुए। बच्चों ने अर्थ डे से संबंधित पेंटिंग, स्लोगन, पोस्टर, कविता के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया। पृथ्वी के नष्ट होने के कारणों एवं उसके संरक्षण के उपायों पर चर्चा की गई। बच्चों व शिक्षकों ने धरती को नष्ट होने से बचाने का संकल्प दोहराया। अर्थ डे मनाने के इतिहास और पृथ्वी से जुडे रोचक तथ्यों से भी बच्चों को अवगत कराया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक प्रवीण राजगडिया ने कहा कि सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए मनुष्य प्रकृति के साथ खिलवाड कर रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग की



शिकार हो रही है। पृथ्वी हमारा घर है। हमारी जिम्मेवारी है कि हम इसे आनेवाली पीयिों के लिए सुरक्षित रखें। पर्यावरण क्षरण से मानव स्वास्थ्य, वन्यजीव और पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी दिवस जैसे आयोजन से हम लोगों के बीच इस गंभीर मुद्दे पर जागरूकता फैलाकर हालात को सुधारने में सहयोग कर सकते हैं। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि आज धरती व प्रकृति पर अत्याचार काफी बढ गया है, जो पूरी दुनिया के लिए कहीं से भी अच्छा नहीं है। दोहन के कारण जलस्रोत समाप्त हो रहे हैं। पेड-पौधों को काटे जाने से धरती बंजर बनती जा रही है। हवा जहरीली हो गयी है।

यह बात अब हमें पूरी गंभीरता से सोचनी होगी कि हम अपने आनेवाली पीढी के लिए कैसी धरती छोडना चाहते हैं। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।..

## खिलाडियों की सफलता ही गुरूओं के लिए सबसे बडा उपहारः नरेंद्र सिन्हा

**भुरकुंडा (रामगढ)।** रामगढ जिला के 12 सदस्यों की कराटे टीम ने रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश राय टानाभगत इंडोर स्टेडियम में 20-21 अप्रैल को आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर 16 मेडल जीतकर क्षेत्र का मान ब?ाया है। प्रतियोगिता में शामिल टीम 6 गोल्ड, 5 सिल्वर एवं 5 ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाया है। गोल्ड मेडल जीतने वालो में चंद्र प्रकाश उपाध्याय, आर्या अग्रवाल, प्रियंका कुमारी, रवि सोरेन, ऋषि राज एवं संजय कुमार शामिल हैं। वहीं सिल्वर मेडल प्राप्त करने वालो में चंद्र प्रकाश उपाध्याय, अनुष्का, चंदन कुमार, प्रमोद कुमार एवं रवि सोरेन और ब्रोंज मेडल पाने वालो में विधि कुमारी, प्रणय कुमार, ऋषि राज, अनुष्का कुमारी एवं प्रियंका कुमारी शामिल है। उक्त जानकारी देते हुए




रामगढ जिला कराटे संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र सिन्हा ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा आयोजित किया गया था। यह प्रतियोगिता कैडेट, जूनियर, अंडर 21 एवं सीनियर ग्रुप के कता एवं कुमिते फॉर्मेट में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में रामगढ जिला के नेशनल जज विनय रंजन, मार्शल टुडू एवं नंदू साव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में गोल्ड मेडलिस्ट आगामी 8 से 12 मई को देहरादून स्टेडियम में होने वाले (केआईओ) नेशनल कराटे प्रतियोगिता के में भाग लेंगे। अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि खिलाडियों की सफलता ही गुरूओं के लिए सबसे बडा उपहार होता है। खिलाडियों की सफलता पर रामगढ जिला कराते संघ के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, सचिव शशि पांडये, संजय सोनकर, सुमित कुमार, प्रदीप हांसदा, योगेंद्र गंझू, राशि सिन्हा, कमल नायक एवं बबलू करमाली ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के तीसरे दिन हुए मटकोर, शिव-पार्वती विवाह आदि अनुष्ठान

**भुरकुंडा (रामगढ)।** रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में चल रहे पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा के तीसरे दिन सोमवार को यज्ञाचार्य द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मटकोर, शिव-पार्वती विवाह आदि अनुष्ठान संपन्न कराये गये। वहीं महायज्ञ के चौथे दिन मंगलवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, अग्नि प्रवेश और पांचवे दिन बुधवार को



प्राण प्रतिष्ठा के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। वहीं गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। इधर यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए सुबह से श्रद्धालुओं की भीड उमडी रही। सैंकडो महिला-पुरूष व बच्चों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। पूजा में बतौर यजमान सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी शामिल हुए। पूजा के दौरान ऊं नमः शिवाय, हर-हर महादेव सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। वहीं रात्रि में भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसमें कथा वाचक संतोष जी महाराज के अमृत वाणी की वर्षा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं महिला-पुरूषों ने डुबकी लगाई।

श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराने में जुटे हैं समिति के लोग

श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, सह सचिव कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह ।

## सड़क में बैरिंग टूटने से पिकअप वाहन पल्टा चालक गंभीर रूप से हुआ घायल

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**गुमला** – गुमला बाइपास रोड , स्थित तिर्रो जंगल के समक्ष पिकअप वाहन पल्टने के कारण छत्तीसगढ़ जशपुर जिला अंतर्गत दुलदुल ग्राम निवासी पिकअप वाहन चालक 28 वर्षीय कालेश्वर राम गंभीर रूप से घायल हो गया , चालक ने बताया कि छत्तीसगढ़ जयपुर दुलदुल ग्राम से तरबूज लोडकर बोकारो गया हुआ था, और बोकारो में तरबूज उतार कर वह वापस अपने घर छत्तीसगढ़ जसपुर स्थित दुलदुला ग्राम वापस जा रहा था , इसी क्रम में गुमला बायपास रोड स्थित तर्री जंगल के समक्ष पिकअप वाहन का बैरिंग टूट गया और पिकअप वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, और पिकअप वाहन का चालक पिकअप गाड़ी के अंदर ही फंस गया ,।

तब घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने पिकअप गाड़ी को उठाकर पिकअप वाहन के चालक कालेश्वर राम को पिकअप वाहन से निकाला और आनन-फानन में इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों के देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं।...

## आज 22 अप्रैल को लोहरदगा लोकसभा चुनाव के लिए चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये



**गुमला** – आसन्न लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लियें आज गुमला उपायुक्त सह आसन्न लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कच्छ में चार विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये, पहला नामांकन पत्र महेंद्र उरांव सीपीआई पार्टी ने नामांकन पत्र दाखिल किये, दूसरा नामांकन पत्र , मनी मुंडा , भागीदार पार्टी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, तीसरा नामांकन पत्र स्टेफन किण्डो, स्वतंत्र पार्टी (निर्दलीय) और चौथा नामांकन पत्र - बिहारी भगत, पीपल एस पार्टी ऑफ़ इंडिया ( डेमोक्रेटिक) ने चौथ नामांकन पत्र दाखिल किया । विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों में अपने-अपने विभिन्न स्थानों से एक जुलूस के शक्ल में अपने अपने पार्टी समर्थकों के साथ गाजे बाजे के साथ निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा निर्धारित निश्चित स्थान तक पहुंचे और उपयुक्त गुमला सह निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में पहुंचकर अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किये ।.

## समीर उरांव 24-04-24 को अपना नामांकन दाखिल करेंगे

**गुमला :** आगामी 24-04-24 को लोहरदगा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव निर्वाचन पदाधिकारी गुमला के समक्ष अपना नामांकन दाखिल करेंगे !नामांकन जुलूस में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। इसे सफल बनाने हेतु भाजपा की बैठक चुनावी कार्यालय में जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह व जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया नामांकन जुलूस में लोहरदगा लोकसभा के सभी बूथों से कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के नामांकन जुलूस में शामिल होकर प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करेंगे,कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संगठन द्वारा पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

बैठक में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह,जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा,प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू,पूर्व




विधायक गंगोत्री कुजूर,सन्नी टोप्पो,मांडर विधानसभा प्रभारी ओमप्रकाश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

वहीं झारखंड प्रदेश भाजपा सामाजिक संपर्क अभियान टोली की बैठक चुनावी कार्यालय में लोहरदगा लोकसभा के संयोजक श्याम सुंदर साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

**इसमें मुख्य रूप से अभियान प्रमुख राकेश भास्कर उपस्थित हुए।**

अभियान प्रमुख राकेश भास्कर ने कहा प्रदेश नेतृत्व द्वारा जातीय समीकरण के हिसाब से विधानसभा स्तरीय सामाजिक अभियान टोली का निर्माण किया गया है, यह टोली सामाजिक-राजनैतिक,प्रबुद्धजनों से संपर्क करेंगे,लाभार्थियों से मिलकर मोदी जी की गारंटी पर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। लोहरदगा लोकसभा के पांचों विधानसभा में अभियान समिति के सदस्य गांव-गांव जाकर भाजपा के लिय वोट मांगेंगे। धन्यवाद ज्ञापन लोहरदगा लोकसभा अभियान टोली के सह संयोजक सागर उरांव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू,सह अभियान प्रमुख उमेश रंजन साहू,राधा मोहन साहू,अनुपचन्द्र अधिकारी,बिहारी प्रसाद, अजय पंकज, लालमोहन साहू दिनेश्वर प्रसाद ,निर्मल गोयल, विनोद राम,किशोर मिश्रा, विपिन सिंह आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।..

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की करें समीक्षा: रवि कुमार

**रांची, ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में सभी मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किये गए हैं। पदाधिकारी मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए इन मॉडल मतदान केंद्रों को थीम बेस्ड मतदान केंद्र के रूप में विकसित करें। मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान केंद्र ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए उन्हें मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के लिए प्रेरित करें। रवि कुमार ने यह बात शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले जिलों धनबाद, बोकारो, रांची एवं पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ संबंधित जिलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्यों एवं तैयार कार्ययोजनाओं का निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के दौरान कही।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य करना है। उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगढिया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए माइकिंग के जरिये मतदान दिवस की जानकारी देने और मतदान के महत्व को लेकर जागरुकता फैलाने का निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिया।



रवि कुमार ने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिलकर इनके संस्थानों में शत-प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें। साथ ही उन्हें मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि स्वीप के कार्यक्रम से सभी लोगों को नवाचारी प्रयासों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ वैसे मतदान केंद्र, जहां मतदान प्रतिशत कम था, उनको टारगेट कर संबंधित कारणों को दूर करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें।

रवि कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र में बनी सोसायटी को टारगेट कर वहां मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके साथ यंग वोटर को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए संस्थाओं में कराए जाने वाले स्वीप कार्यक्रमों के समय उन संस्थानों के अर्हता प्राप्त कर चुके योग्य मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र शत-प्रतिशत बन चुके हैं, इसकी भी पुष्टि कर लें।

रवि कुमार ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए डेमोक्रेसी रूम बनाने एवं उनसे प्रोजेक्ट के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रोजेक्ट प्राप्त करा लें।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के कार्यों को वृहत स्तर पर कराते हुए कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर कारणों की समीक्षा कर लक्षित होकर जागरुकता फैलाएं। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की स्वयं भौतिक समीक्षा करने का निर्देश दिया।

रांची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने अपने जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। साथ ही तैयार कार्ययोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता उपस्थित थे।

## लोकतंत्र के महापर्व के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

बेड़ों

### बीडीओ और अंचलाधिकारी ने बुथों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर की समीक्षा, दिए गए कई निर्देश




लोकतंत्र के महापर्व की सफलता को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव और अंचलाधिकारी प्रताप मिंज की अगुवाई में प्रखंड के विभिन्न सेक्टरों में बैठक का आयोजन कर जहां एक और विधि व्यवस्था के साथ सफल क्रियान्वयन का प्रयास किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान के जरिए वोट प्रतिशत बढ़ाने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। इस संबंध में सोमवार को प्रखंड के डोरंडा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा और करकारी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय नरकोपी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा की लोकसभा का चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है जिसका सफल क्रियान्वयन हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए यह जरूरी है कि न केवल वोट के दिन को ही बल्कि उसकी संपूर्ण तैयारी में गुजरने वाले हर एक दिन को हम उत्सव की तरह मनाऐ और इसकी तैयारी में जुटे रहे। समर्पण की महत्वपूर्ण भावना के बिना लक्ष्य तक पहुंच पाना कठिन है। मौके पर उन्होंने अब तक की तैयारी का जायजा लिया। मौके पर अंचल अधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि हर एक मतदान केंद्र में मुकम्मल सुविधा मुहैया कराना हम सब का दायित्व है। बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के अलावे मतदान कर्मी एवं पुलिस बल की सुविधाओं का भी खास ख्याल रखना है। साथ ही साथ मतदाताओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने उपस्थित कर्मियों , जनप्रतिनिधियों एवं जिम्मेदार ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि यह हम सब का फर्ज है कि लोगों को जागरुक करते हुए ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाए। मौके पर इन सेक्टर में पढ़ने वाले तमाम बुथों से संबंधित जानकारी ली गई साथी कई निर्देश भी दिए गए। खासतौर पर ब्लू एवं संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया के लोगों को प्रेरित और जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए। इससे पूर्व उत्क्रमित मध्य विद्यालय डोरंडा में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने बच्चों के साथ संयुक्त रूप से मध्यान भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की , जनप्रतिनिधियों के अलावे क्षेत्रीय कमी भी उपस्थित थे।

## हिज ब्लेसिंग कान्वेंट स्कूल के दसवीं वर्ग के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई

पिस्का नगडी

प्रखंड के चेकपोस्ट स्थित हिज ब्लेसिंग कान्वेंट स्कूल के दसवीं वर्ग के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई।राज्य स्तरीय जल छाजन प्रशिक्षण सभागार में आयोजित विदाई समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार सह अधिवक्ता केशव कुमार भगत ने कहा कि अपने अंदर के आंखें खोलने के लिए, अच्छे बुरे को समझने के लिए, स्वविवेक को मजबूत करने के लिए पढ़ाई बहुत आवश्यक है परन्तु अन्य विधाओं में भी पारंगत हो कर ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है।

समारोह का शुभारंभ स्कूल के संस्थापक प्राचार्य पुरूषोत्तम केशरी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गय। स्वागत भाषण करते हुए श्री केशरी ने कहा कि छोटे छोटे बच्चों को स्कूल में रखना, उन्हें पढाना, अनुशासित करना एक बड़ी चुनौती है।

समारोह में सत्र 2023-24 के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई।इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए इसके साथ विदाई लेने वाले विद्यार्थियों ने भी स्कूल में बीते हुए अनुभव को साझा किया। विदाई लेने वाले सभी विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा अभिभावकों को डायरी प्रदान कर स्वागत किया गया। मंच संचालन टिकैत कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन सूरज कुमार ने किया।

मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकायें और अभिभावक गण उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने में शिक्षक शिक्षिकायें और विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही।

## जीवन में सुख, शांति और खुशहाली के लिए सिड़बोंगा की स्तुति जरूरी: धर्मगुरु सोमा कंडीर



**खूंटी, ।** अड़की प्रखंड के बिरबांकी में सोमवार को सरना धर्म सोतोः समिति का शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में धीरजू मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा व सोमा मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिड़बोंगा की पूजा कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई।

मौके पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम जीवन की भाग-दौड़ में अपने धर्म-संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं, जिससे हम आर्थिक संपन्नता में भी तरह-तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। समाज में बुराइयां फैल रही हैं। लोभ, लालच व अहंकार से हम त्रस्त हैं। अतः जीवन में सुख, शांति और खुशहाली के लिए सिड़बोंगा की स्तुति जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं, जिससे सबको समान कृपा मिलती है।

हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए।

धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने जिस समृद्ध समाज की कल्पना की थी वह आज भी अधूरी है। हमारे महापुरुष अपनी धर्म, संस्कृति एवं समाज के साथ ही जल-जंगल-जमीन के संरक्षण व संवर्धन के लिए हमेशा तत्पर रहे। आज हमें उनसे प्रेरणा लेकर सरना धर्म कोड के लिए डटकर संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में श्वेता बाखला, मोती नाग, मथुरा कंडीर, बाजीनाथ मुंडा, एतवा मुंडा, गुरूआ मुंडा, रमण मुंडा, सागर मुंडा, करमू हेंब्रोम, सूरज मुंडा, विश्राम टूटी, मंगा मुंडा, सलीम मुंडा, बिरसा कंडीर, चौतन मुंडा, मंगल सिंह मुंडा आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

## संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत : सुदेश महतो

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि संगठनात्मक मजबूती हमारी ताकत है। राज्य के हर गांव में हमारी पहुंच है। इस पहुंच को और मजबूत व सुदृढ़ करने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। पार्टी कार्यकताओं को समर्पण भाव के साथ काम करते रहने की आवश्यकता है। यह साल हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है।



सुदेश कुमार महतो सोमवार को बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय प्रखंड एवं ग्राम प्रभारियों की बैठक में बोल रहे थे। मौके पर उपस्थित सभी प्रभारियों के साथ उन्होंने विभिन्न रणनीतियों और भावी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की।

महतो ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देशहित में सोचने वाले एनडीए गठबंधन और अपने निजी स्वार्थ व हित के बारे में सोचने वाले इंडी गठबंधन के बीच है। एक तरफ हमारे पास नरेन्द्र मोदी जैसा प्रभावी चेहरा है तो दूसरी तरफ न कोई चेहरा है न कोई संकल्प है। इंडी गठबंधन का उद्देश्य देश का विकास नहीं, बल्कि जनता को भ्रमित कर मोदी और एनडीए को रोकना है। हमारा लक्ष्य राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर भारी मतों से एनडीए की जीत सुनिश्चित करना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

महतो ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए जिम्मेदारी को आप सभी पूरी निष्ठा के साथ निभाए।

इन दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास,सबका प्रयास की अवधारणा के तहत सभी वर्गों के लिए कई जनकल्याणकारी कार्य हुए। पार्टी कार्यकर्ता इन सभी कार्यों और संकल्प पत्र में किए गए वादों को लेकर जनता के बीच जाएं। साथ ही क्षेत्र के वोटरों को बूथ तक लाने में कार्यकताओं की अहम भूमिका है।

## श्री धोली सती दादी जी की उत्सव मनाया गया महिलाओं ने की मंगल पाठ एवं भजन कीर्तन

रांची

### नाचो गाओ खुशी मनाओ दादी आई है..

### सजा है प्यारा दरबार दादी जी का

श्री धोली सती दादी प्रचार समिति कोलकाता के तत्वाधान में भगवती प्रसाद सर्राफ के आवास मे श्री धोली सती दादी जी की उत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण हर्षोल्लास धूमधाम के साथ मनाया गया। दादी जी की दरबार का अलौकिक श्रृंगार किया गया। दादी उत्सव का शुभारंभ शाम 5 बजे गणेश पूजन के साथ किया गया। तत्पश्चात भगवती प्रसाद सर्राफ, मधु सर्राफ सपरिवार के साथ पूरे विधि विधान से पूजन कर पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर सवामणि भोग प्रसाद लगाया गया। तत्पश्चात श्री धोली सती दादी प्रचार समिति कोलकाता के 16 सदस्यीय दादी भक्तों की टीम के साथ पधारे प्रचारक प्रकाश सर्राफ के नेतृत्व में मंगल पाठ एवं भजन कीर्तन किया गया। दादी के उत्सव मे सभी महिलाएं परंपरागत राजस्थानी वेशभूषा मे सुसज्जित होकर दादी जी के जीवन चरित्र पर मंगल पाठ की। एवं संगीतमय संकीर्तन पर खूब झूमी। पूरा दरबार भक्तिमय एवं दादीमय से गुंजायमान रहा।



प्रकाश सर्राफ ने अपने समधुर भजनों से गंगा प्रवाहित कर श्री धोली सती दादी जी के श्री चरणों में भजनों की लड़ी लगा दी। इनके गाए भजनों मे-

नाचो गाओ खुशी मनाओ दादी आई है..

डोली चढ़कर दादी जी ससुराल चली..

दादी दादी बोल दादी सुण लेसी सुण लेसी दादी सुण लेसी..

हारे हारे हारे तुम हारे के सहारे....

सजा है प्यारा दरबार दादी जी का...

मंगल भवन अमंगल हारी नारायणी तेरो नाम सुखाई..

भजनों पर श्रोता खूब झूमे।

रात्रि 9 बजे सामूहिक महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ धोली सती दादी जी का उत्सव संपन्न हुआ। धोली सती दादी प्रचार समिति कोलकाता के प्रकाश सर्राफ ने कहा कि दादी भक्तों का उत्साह और स्नेह देखकर बड़ी सुखद अनुभूति हुई आशा है कि इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते रहेंगे। उन्होंने समिति का गठन रांची मे भी शीघ्र करने की बात कही। उक्त जानकारी देते हुए समिति के संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर- नंदकिशोर सर्राफ, विनोद सर्राफ, निरंजन सर्राफ, संजय सर्राफ, संतोष सर्राफ, सुबोध सर्राफ, कुशाग्र सर्राफ, नितिन सर्राफ, भावेश सर्राफ, अजय सर्राफ, मनीष सर्राफ, अर्चना सर्राफ, मधु सर्राफ, निधि सर्राफ, शशि सर्राफ, सविता सर्राफ, करुणा बागला, संचिता सर्राफ, मंजू सर्राफ, अनुराधा सर्राफ, सुनीता सर्राफ, कांता सर्राफ,के अलावे बड़ी संख्या मे दादी भक्त उपस्थित थे।

## सीबीआई के नाम पर 40 हजार की साइबर ठगी

**रांची, ।** राजधानी के बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल गोविंदपुर डी पंचायत अंतर्गत वैशाखी कॉलोनी निवासी गणेश दुबे से सीबीआई द्वारा जांच के नाम पर डराकर साइबर ठगों ने 40 हजार रुपये ठग लिए।

इस संबंध में गणेश दुबे ने कहा कि सोमवार को उनके मोबाइल पर 92 3147037233 नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई इंस्पेक्टर बताते हुए कहा कि उनका बेटा आशीष दुबे जो कि सूरतकल में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है, रेप की घटना में संलिप्त था और वह पकड़ा गया है। उसे मीडियावालों से अलग रखा गया है। वरीय पदाधिकारी से बात हुई है। यदि उसे अपने बेटा को मामले से बचाना है तो 40 हजार रुपये दिये गये नंबर पर ट्रांसफर करना होगा।

गणेश दुबे फोन सुनकर काफी डिस्टर्ब हो गये और उसे 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**रांची, ।** रांची के बेड़ो थाना पुलिस ने राज मिस्त्री सरबर अंसारी हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए पांच लोगों को पकड़ा है। इनमें पंचम उरांव, शंकर उरांव और महावीर उरांव शामिल है। जबकि मामले में दो नाबालिग को निरुद्ध किया गया है।

इनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक बरामद किया गया है।

## सार-संक्षेप

### पृथ्वी के बढ़ते तापमान को रोकने के लिए वायुमंडल में कार्बन उत्सर्जन को कम से कम करने की जरूरत:रिहा शर्मा




**कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पृथ्वी दिवस का आयोजन**

**चान्हो** प्रखंड अंतर्गत चोरिया मोड़ स्थित कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सोमवार को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को अपनी धरती का महत्त्व बताया गया तथा उसे साफ-सुथरा और हरा-भरा रखने का महत्व सिखाया गया। इनका उद्देश्य इन वस्तुओं को पुनः उपयोग में लाना (रिसाइकिल करना) । वे प्लास्टिक बॉटल खिलौने, ई वेस्ट, तेल और दूध के पैकेट, धातु के बने डिब्बे इकट्ठा किए।इस अवसर पर अनेक छात्राओं ने संवाद बोल कर पृथ्वी दिवस की जानकारियों दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या रिहा शर्मा ने पृथ्वी दिवस पर बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि (कार्बन फुटप्रिंट)अर्थात कार्बन का उत्सर्जन कर इंसान तीव्र गति से कर पृथ्वी को प्रदूषित कर रहा है जिसके कारण पृथ्वी के वातावरण एवं तापमान में भारी बदलाव का सामना हमे करना पड़ रहा है।

पृथ्वी दिवस के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं से यह दृढ़ संकल्प कराया कि हम अपन पर्यावरण और पृथ्वी को हराभरा और प्रदूषण मुक्त बनाने का प्रयत्न करेंगे एवं वृक्षारोपण करें।

### भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने दाखिल किया पर्चा

**खूंटी।** भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बबिता कच्छप ने सोमवार को जिला खूंटी संसदीय सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बबिता कच्छप ने कहा कि यहां के जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने के लिए मैं चुनाव लड़ रही हूं और यहां के आदिवासी- मूलवासियों की आवाज को संसद में उठाऊंगी।

उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले मैंने यहां के आदिवासी-मूलवासियों की समस्याओं को लेकर जन आंदोलन किया था, जिसे कुछ लोगों ने पत्थलगड़ी आंदोलन करार दिया था। मेरे आंदोलन को कुछ असामाजिक तत्वों ने बदनाम करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में चुनाव कराने का कोई नियम नहीं है। यहां पर इलेक्शन नहीं सेलेक्शन की बातें होती थी। आजादी के पहले इतिहास का देखा जाय, तो आदिवासी क्षेत्रों में चुनाव नहीं होता था। 1950 से पहले जो भी अंग्रेजी कानून होते थे, जो भी रेगुलेशन होते थे, उसमे चाहे बंगाल रेगुलेशन या मद्रास रेगुलेशन, इसमें साफ था कि आदिवासी क्षेत्रों में अंग्रेजों का कानून लागू नहीं होता था। आजादी के बाद एसटी कमिशन की जो रिपोर्ट है, उसमें साफ-साफ कहा है कि जितने भी पुराने और नए कानून बने हैं, उसको आदिवासी क्षेत्रों में लागू करने के लिए यहां के रीति-रिवाज और स्थानीय लोगों की जमीन को ध्यान में रखते हुए लागू किया जाना चाहिए। बबीता कच्छप ने कहा कि यह बात सही है कि हमने ग्रामीणों से वोट बहिष्कार की बात कही थी। सरकार तक बातें पहुंचने के लिए वह एक आंदोलन था।

### सीआईडी ने ठगी मामले में पांच आरोपितों के खिलाफ दायर किया आरोप पत्र

**रांची।** एसबीआई बैंक से लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर और लोन पास कराकर अपने बैंक अकाउंट में पैसा जमा कर पैसे की ठगी मामले में सीआईडी की टीम ने सोमवार को पांच आरोपितों के खिलाफ सीआईडी कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। यह आरोप पत्र कमल कुमार सिंह, मोहम्मद जमीर मियां, बिट्टू कुमार रजक, मेहुल कुमार और राहुल कुमार के खिलाफ दायर किया गया। रामगढ़ और पतरातू इलाके में रहने वाले ये आरोपित बैंक अधिकारियों को पांडेय गिरोह के नाम से डरा-धमका कर उनसे लोन पास करवाते थे।

सीआईडी ने इन्हें 16 दिसंबर, 2023 को गिरफ्तार किया था। सीआईडी थाने में दर्ज शिकायत के आधार पर सीआईडी ने 09 नवंबर, 2023 को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। रामगढ़ और पतरातू इलाके में रहने वाले अधिकतर सीसीएल कर्मी आरोपितों के टारगेट में रहते थे। ये आरोपित लोन दिलाने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर एसबीआई से उनके नाम पर लोन लेते थे और बिना उनकी जानकारी के लोन पास कराकर उनके पैसे को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लेते थे।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन 23 अप्रैल को अमन अग्रवाल को करेगा सम्मानित

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में 23 अप्रैल दिन मंगलवार को अपराह्न 2:30 बजे महाराजा अग्रसेन भवन मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि अग्रवाल समाज के युवा अग्रणी चाईबासा निवासी अमन अग्रवाल का प्रतिभा सम्मान समारोह मे सम्मानित किया जाएगा। अमन अग्रवाल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

सूचित किया जाता है, की ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर उक्त क्षेत्रों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा अन्तर्गत जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (Control Room) का गठन किया गया है। विदित हो की इस प्रमण्डल अन्तर्गत कुल अधिस्थापित चापाकल की संख्या 17744 है, जिसमें से दिनांक–01.04.2024 से 21.04.2024 तक मरम्मति कराने हेतु शिकायत प्राप्त हुआ है, 567 जिसमें से 496 मरम्मति कराकर चालू कर दिया गया है। इस प्रमण्डल अन्तर्गत दस वाहनों एवं दस गैंगों को रखकर सभी प्रखण्डों में बन्द चापाकल की मरम्मति का कार्य किया जा रहा है एवं सभी वाहनों पर टोल फ्रि नं0 अंकित है, जिस पर आमजनों शिकायत कर सकते है। टोल फ्रि नं0 18003456502 Control Room में शिकायत हेतू मो0 नं0–8210032587 पर शिकायत कर सकते हैं।

PR 323991 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

# मनीष जायसवाल ने करीब 250 पंचायत के 500 गांवों में किया जनसंपर्क, मिला जनसर्थन

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल का टिकट कन्फर्म होने के तुरंत बाद से पिछले करीब 50 दिनों से अनवरत बिना रुके, बिना थके, आंधी- तूफान, बारिश और 42- 44 डिग्री तापमान गर्मी में अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनता के बीच बने रहते हैं। शुरुआती दौर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा हजारीबाग सदर, बड़कागांव, मांडू, बरही और रामगढ़ के कोडरमा जिला अंतर्गत चंदवारा, चतरा जिला अंतर्गत पिपरवार, रामगढ़ जिले के अंतिम और सुदूरवर्ती पश्चिमी बंगाल राज्य के पुरुलिया जिले के सिमाना क्षेत्र से सटे बरलंगा से लेकर हजारीबाग जिले के अंतिम छोर बिहार राज्य के गया जिले के सिमाना क्षेत्र से सटे चोरदाहा चेकपोस्ट तक पहुंच बनाते हुए क्षेत्र के लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें अपना प्रणाम प्रेषित किए। तत्पश्चात हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी 34 भाजपा मंडलों के भाजपा कार्यकर्ताओं संग परिचयात्मक बैठक के समन्वय स्थापित कर उनसे चुनाव अभियान में अपने तरीके से मैदान में उतरते और प्रचार प्रसार में सहयोग करने का अपील किया। जिसके बाद एनडीए गठबंधन में शामिल क्षेत्र के आजसू सहित अन्य दलों के कार्यकर्ताओं से संपर्क साधकर उनतक अपनी पहुंच बनाई। तत्पश्चात सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गांवों तक पहुंचने का निर्णय लिया और पिछले करीब 21 दिनों से लगातार एक दिन- एक भाजपा मंडल क्षेत्र के दौरे को पूर्ण किया। सुबह से देर शाम तक प्रतिदिन एक भाजपा मंडल क्षेत्र के तूफानी दौरे



के क्रम में प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायत के डेढ़ दर्जन गांवों में अपना चुनावी जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम चलाया। वे प्रतिदिन करीब अपनी गाड़ी से 250 किमी से अधिक चलते हुए पिछले 21 दिनों में करीब 5 हज़ार किमी और अबतक करीब 10 हज़ार किमी से अधिक चले। मनीष जायसवाल क्षेत्र दौरे के क्रम में हर मौसम और झंझावतों को झेलते हुए करीब 10-12 किमी पैदल यात्रा कर रहें हैं यानी अबतक करीब 2200 किमी पैदल यात्रा कर चुके हैं। पिछले 50 दिनों से करीब 250 से अधिक पंचायतों के करीब 500 से अधिक गांवों के मतदाता तक पहुंचकर भाजपा और अपने पक्ष में वोट मांगने से क्षेत्र में जनता के बीच मनीष जायसवाल को लेकर एक अलग माहौल स्थापित हुआ है। क्षेत्र की जनता कड़ी धूप और प्रचंड गर्मी के बावजूद सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के अथक मेहनत और परिश्रम को देखते हुए उन्हें खूब प्यार, स्नेह, आशिर्वाद और पूर्ण समर्थन का भरोसा जता रही है। निर्धारित चुनावी जनसंपर्क अभियान के उपरांत सुबह घर से निकलने से पूर्व क्षेत्र से आए लोगों से संवाद करते हैं और देर रात्रि तक क्षेत्र में आयोजित धार्मिक और व्यक्तिगत आयोजनों में शरीक होते हैं ।

एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के

सम्मानित जनता जनार्दन द्वारा मिल रहा अपार स्नेह, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से अभिभूत हूँ। लोगों से मिल रहा अपार जनसमर्थन आगामी चुनावों में भाजपा की प्रचंड विजय का शंखनाद है ।

खोरठा में वार्तालाप, खटिया में संवाद, सत्तू का शर्बत और गुड का मिठास, क्षेत्र में मिल रहा है मन-मन के मनीष को जन -जन का आशीष

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल जनता से अधिकतर समय खोरठा में वार्तालाप, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में खटिया पर बैठकर संवाद करते दिख रहें हैं। गर्मी में कहीं पानी मांगकर चलती गाड़ी में प्यास बुझा रहें हैं तो कहीं जनता का प्रेम सत्तू और गुड़ का शर्बत से मिठास घोल रहा है।

मनीष जायसवाल के मेहनत और थकावर को भांपकर जनता चाय पिलाकर उन्हें ऊर्जावान बनाए रखना चाहती है। प्रत्याशी मनीष जायसवाल ग्रामीणों के बीच हरदिन दोपहर का भोजन भी पत्तल में कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों संग मिलकर करते हैं।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत खरकी पंचायत सेवक ने की बैठक

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत स्थित पंचायत भवन में रविवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सभी वार्ड सदस्य,आंगनबाड़ी सेविका, सहिया एवम सखी मंडल के सक्रिय सदस्य के साथ पंचायत सेवक जग नारायण राम ने बैठक किया। बैठक में पंचायत सेवक ने कहा कि जितने भी पंचायत में मतदाता हैं सभी निष्पक्ष और बिना लोभ लालच के अपना मतदान करेंगे। वैसे व्यक्ति जिनकी उम्र 85 वर्ष या उससे अधिक है या दिव्यांग हैं या अपना वोट देने के लिए जाने में असमर्थ हैं वैसे लोगों के लिए जिले के दो कर्मी वीडियो ग्राफर के साथ उनके घर जाएंगे और निष्पक्ष रुप से मतदान करवाएंगे। साथ ही पिछले पांच साल की अपेक्षा इस साल 80त्न से अधिक मतदान करने के लिए संबंधित लोगों से आग्रह किया। जिस व्यक्ति की उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है और अभी तक मतदाता सूची में किसी कारणवश नाम नहीं जुड़ पता है वह नज़दीकी बी0एल0ओ0 आंगनबाड़ी सेविका के पास जाकर अपना मतदाता पहचान पत्र बनवा लें। मौके पर मुखिया मुनिया देवी, वार्ड सदस्या सुनीता देवी, मंजू देवी, जिबलाल बेसरा, उपमुखिया सीमा कुमारी, बी0एल0ओ0 रुबी देवी, मीना महतो, गीता कुमारी, नीतू देवी, बालदेव सिंह, किशोरी महतो, प्रवीण कुमार, जीतन साव, मेहिलाल बेसरा, फूलचंद मांझी, सहिया विमला देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।.

## लोस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल का जनसंपर्क अभियान हुआ तेज

**स्थानीय सांसद बनाकर टेकलाल बाबू का सपना पूरा करेगी जनता : जय प्रकाश भाई पटेल**

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटेल ने आगामी लोकसभा चुनाव हेतु जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को उन्होंने पांच पंचायतों के विभिन्न गांवों का दौरा कर गठबंधन को वोट करने की अपील की। जनसंपर्क के क्रम में उन्होंने सबसे पहले विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चानो पंचायत का दौरा किया। इसके बाद सारुकूदर, गोविंदपुर, खरना फिर भेलवारा पंचायत के गावों का दौरा किया। इस दौरान जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति में बदलाव आज देश की मांग है। दक्षिण से आ रही खबरों ने इसे सच भी साबित कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस के 5 न्यायों को गिना कर लोगों से कहा कि आपके सपने तभी पूरे होंगे जब आप बदलाव लाएंगे। उन्होंने सभी से बिना किसी बहकावे के मतदान करने को आग्रह किया। स्थानीय पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इस वर्ष जनता स्थानीय सांसद बना कर टेकलाल बाबू के



सपने को पूरा करने का काम करेगी। जनसंपर्क के दौरान गठबंधन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जेपी पटेल का विभिन्न जगहों पर स्वागत किया। ग्रामीणों ने भी फूल माला पहना कर जेपी पटेल के प्रति स्नेह जताते हुए आशीर्वाद दिया। जनसंपर्क में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष टेकोचंद महतो, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, चानो पंचायत समिति सदस्य खिरिया देवी, सारुकुदर पंचायत समिति सदस्य महेश महतो, मुखिया उत्तम महतो, परमेश्वर महतो, हेमलाल महतो,अनिल राय, बालेश्वर महतो, राहुल कुमार, शेख कल्लू, फिरोज अंसारी, अनिल पटेल, डॉक्टर इम्तियाज अहमद, कैला राय आदि मौजूद रहे।.

## यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में सोमवार 22 को पृथ्वी दिवस मनाया गया

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में सोमवार 22 अप्रैल को वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया । इस दिन को मनाने के पीछे क्लाइमेट चेंज और प्रदूषण जैसे कई जरूरी मुद्दों के बारे में लोगों को जागरूक बनाने की कोशिश करते हुए प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रश्मि प्रधान ने कहा कि पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी। अब इसे 192 से अधिक देशों में प्रति वर्ष मनाया जाता है। यह तारीख उत्तरी गोलार्द्ध में वसन्त और दक्षिणी गोलार्द्ध में शरद का मौसम है। यह पृथ्वी का बड़ा ही मनाया जाने वाला दिवस है। हैं।



यह यह धरती हमें विरासत में नहीं मिली है बल्कि, इसे हमने अपने बच्चों से उधार लिया है। इसका मतलब है कि पृथ्वी पर मौजूद सभी संसाधनों का इस्तेमाल हमें ऐसे करना चाहिए, ताकि हम अपने आने वाली पीढ़ी के लिए जीवन जीने के लिए अनुकूल वातावरण और संसाधन छोड़ सकें। साल विश्व पृथ्वी दिवस को एक थीम के तहत मनाया जाता है. इस बार साल 2024 के लिए वर्ल्ड अर्थ डे का थीम है प्लेनेट वर्सेज प्लास्टिक। इसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक के खपत को कम करने के लिए लोगों में जागरुकता फैलाई गई। डॉ जयदीप सान्याल ने कहा कि इस खास दिन को मनाने का विचार अमेरिकी सीनेटर गेलॉर्ड नेल्सन और हार्वर्ड के छात्र डेनिस हेस को सबसे पहले आया था. वे दोनों संयुक्त राज्य अमेरिका में बिगड़ते माहौल और जनवरी 1969 में सांता बारबरा, कैलिफोर्निया में बड़े पैमाने पर तेल रिसाव से बहुत परेशान थे. इस दिन लाखों लोग एक साथ मिलकर पृथ्वी को नुकसान पहुंचाने वाली चीजें जैसे कि पेड़ों की कटाई जैसे मुद्दों पर चर्चा करते हैं. इस मौके पर दुनियाभर में तरह तरह के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं. पृथ्वी दिवस मनाने का मकसद लोगों को धरती की अहमियत से अवगत कराना है. इसके साथ ही इसे हरा भरा और सुंदर बनाए रखने का प्रण लेना चाहिए। इस अवसर पर नेशनल यूनिवर्सिटी आफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची में आयोजित डिबेट प्रतियोगिता में विजयी यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं आकर्ष, शगुफ्ता और ईफत को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ उर्मिला कुमारी ने दिया। इस अवसर पर अनेक छात्र-छात्राएं सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।.

## नापो खुर्द रामनवमी मेला में झांकी प्रदर्शन में मुरली पहाड़ धाम प्रथम



**बड़कागांव।** नापो खुर्द रामनवमी मेला में झांकी व जुलूस प्रदर्शन में मुरली पहाड़ धाम को प्रथम, हिंद युवा क्लब नापो खुर्द को द्वितीय एवं गांधी युवा क्लब मेन रोड नापो खुर्द को तृतीय स्थान का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही बजरंग युवा क्लब बरवाणिया को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5001 रुपया नगद एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं बेहतर कला प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। बताते चले की लड़कियों के द्वारा कला का भी प्रदर्शन किया उनमें है सोनम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सोनिया कुमारी को मैन ऑफ द देवानंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। झांकी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मुरली पहाड़ धाम के झांकी निदेशक मुकेश कुमार द्वारा झांकी प्रस्तुति बच्चों पर हो रहे दुष्कर्म के आधारित पर था। जिसका अध्यक्ष पिंटू कुमार, सचिव देवनाथ कुमार, कोषाध्यक्ष गणेश साव, संरक्षक चंदर साव उर्फ चंदर भाई थे एवं अन्य का योगदान सराहनीय रहा है। पुरस्कार वितरण के मौके पर मुख्य रूप से पर नापो खुर्द रामनवमी पूजा समिति एवं मुखिया गणेश साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव,।

## नहीं रहे होक्सा के अध्यक्ष हर्ष वर्मा उर्फ रिको, शोक की लहर

**हजारीबाग।** हजारीबाग ओल्ड जेवेरियन एसोसिएशन के अध्यक्ष हर्ष वर्मा उर्फ रिको (66 वर्ष) नहीं रहे। उन्होंने सोमवार को कनहरी मार्ग स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनका निधन हृदयाघात से होने की बात कही जा रही है। वह संत जेवियर्स स्कूल हजारीबाग में 1974 बैच के विद्यार्थी थे और वर्ष 2012 से होक्सा के अध्यक्ष थे। परिवार में उनकी पत्नी नीलिमा वर्मा, बेटा किंजल वर्मा और बेटी इस्पिता वर्मा समेत भरा-पूरा परिवार है। उनका जन्म 21 मार्च 1958 को हुआ था। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। अध्यक्ष के निधन की खबर सुनकर होक्सा



समेत अन्य लोगों में शोक की लहर छा गई। होक्सा के मीडिया प्रभारी विजय जैन ने कहा कि यह होक्सा के लिए बडी क्षति है। अध्यक्ष हर्ष वर्मा उर्फ रिको काफी लोकप्रिय, मृदुभाषी और सहयोगी व्यक्ति थे। उनके निधन की भरपाई संभव नहीं है।..

## डेंटल कॉलेज एवं मिशन होस्पिटल द्वारा मांडू में आयोजित हुआ निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा मांडू प्रखण्ड के राधा नगर स्थित मोती कृष्णा स्कूल में दिन सोमवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डेंटल कॉलेज द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क दांत का जांच एवं मिशन होस्पिटल द्वारा जरूरतमंदों का निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य का जांच हुआ। जिसमें कुल 55 जरूरतमंदों का मुफ्त जांच हुई। चिकित्सकों ने जरूरतमंदों का उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया। निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ टूथ ब्रश एवं टूथ



पेस्ट वितरण भी किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर के आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधि-व्यवस्था में अपना सरहानीय योगदान दिया। वहीं मिशन होस्पिटल द्वारा निशुल्क ओपीडी परामर्श में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, आरबीएस एवं ईसीजी का जांच मुफ्त हुआ। जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज के साथ अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श भी दिया गया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह डेंटल कॉलेज सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ सौम्या राज एवं डॉ मेधा कृष्णन ने दांतों से संबंधित कई बिमारियों से बचने का आवश्यक सलाह दी।

## एक-नजर

### मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि आज तक 23 अप्रैल 2024 जल्दी करें

**हजारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जो व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं और वे मतदाता सूची में नाम निर्बंधित कराने की योग्यता रखते है। लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में निर्बंधित नहीं है। तो वें अपना नाम जुड़वाने हेतु, फॉर्म 6 भरकर अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्र के बी.एल.ओ./ सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी/निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (सम्बन्धित प्रखण्ड / कार्यालय में) से प्रपत्र (निःशुल्क) प्राप्त कर फोटोग्राफ एवं आवश्यक कागजात भरकर उक्त नामित पदाधिकारी को/कार्यालय में जमा कर सकते है ।

### झारखंड पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने सोमवार को नगर क्षेत्र के वार्डों का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने मटवारी, कोर्रा आदि मोहल्ले में जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि आज राष्ट्रीय पार्टियों के छलावे में आकर हजारीबाग की जनता ठगी का शिकार हो रहे हैं। हमारे युवा डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं मगर रोजगार का कहीं पता नहीं जिसके कारण बेरोजगारी की समस्या चरम सीमा पर है। जिस कारण लोग पलायन करने को मजबूर हैं। विकास की योजनाएं धरातल पर दिखाई नहीं देती जिसके कारण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र विकास कोसों दूर है। इस चुनाव में हमारी प्राथमिकता युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देना है ताकि पलायन की समस्या का जड़ से निदान होगा। स्थानीय तौर पर ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर उपस्थित जन समूह ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस बार स्थानीय उम्मीदवार को ही जीत दिलाएंगे और झारखंड पार्टी के स्थानीय मुद्दों पर और जल जंगल जमीन जैसे मुद्दों पर मोहर लगाने का काम करेंगे। इस मौके पर झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा, जिला सचिव नजराना परवीन मुखिया नारायण प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### विद्यालय में बारातियों के ठहराव से स्कूल प्रशासन परेशान, खाली पड़े मिले लंच व शराब की बोतल



**बरही।** शादी व्याह के मौसम आते ही प्रखंड के कई स्थानों पर विद्यालयों में बारातियों की ठहराए जाने से विद्यालय प्रशासन परेशान है. ऐसी ही एक घटना राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौरिया करमा की सामने आई है। जहां बीते रात बारातियों को ठहराया गया था। रात भर बाराती विद्यालय में ही रुके थे जो सुबह विदा हुए। इस दौरान बारातियों को विद्यालय में ही स्वागत किया गया। कुछ बारातियों ने खाना नाश्ता के साथ शराब का भी सेवन किया और खाली डब्बे व शराब की बोतलें विद्यालय में ही छोड़ कर चले गए। जिससे सोमवार की सुबह विद्यालय खुलने पर विद्यालय प्रबंधन को कठिनाइयों का सामना झेलना पड़ा और अनावश्यक साफ सफाई में विद्यालय का समय बर्बाद हुआ। इसकी शिकायत विद्यालय प्रधान ने स्थानीय मुखिया से करते हुए विद्यालय परिसर में बरात नहीं ठहरने की मांग किया है। मुखिया ने मामले को गंभीरता से लिखते हुए मामले पर उचित कारवाई का आश्वासन दिया है। इस घटना को लेकर बुद्धिजीवियों में भी आक्रोश है और विद्यालय में बारात ठहराव का विरोध किया है।।

### सडक दुर्घटना में युवक घायल, रांची रेफर

**पदमा।** पदमा चौक स्थित पुराना बैंक ऑफ इण्डिया के समीप रविवार देर रात को स?क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक कि पहचान पदमा चौक निवासी अमित कुमर साहूँ उम्र 35,पिता स्व चंदर साहू के रूप मे बताया जा रहा हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक रात्रि करीब 9 बजे खाना पीना खा कर अपने घर के समीप खडा था, इसी दौरान इटखोरी से आ रही तेज रफतार बोलेरो ने युवक को जोरदार टककर मरते हुए नव दो ग्यारह हो गया ,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.घायल युवक को वहां मौजूद लोगो ने तुरंत इलाज हेतु ह?रीबाग सदर अस्पताल ले गए, जहाँ उसकी स्थित गंभीर बताते हुए रांची रेफर दिया गया.फिलहाल खबर लिखें जाने तक थाना मे आवेदन नहीं दिया गया था।....

### मायुमं एवं चेतना शाखा द्वारा प्रत्येक बच्चो के लिए पांच दिवसीय स्वास्थ्य कार्यकम 22 से 26 अप्रैल तक

**रामगढ।** अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच रामगढ कैंट शाखा एवं मारवाड़ी युवा मंच चेतना महिला शाखा द्वारा एक नया प्रयास... प्रत्येक बच्चो के लिए स्वास्थ्य कार्यकम का आयोजन सम्मिलित रूप से ब्रिगेडियर पूरी पार्क में आरंभ किया गया है। संस्था के मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत इस पांच दिवसीय झारखंड प्रांतीय कार्यक्रम के अंतर्गत युवा मंच एवं चेतना शाखा द्वारा सम्मिलित रूप से बच्चों के लिए पूरे पांच दिन लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। और भी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इन पांच दिवसीय प्रांतीय कार्यक्रम में प्रत्येक दिन हम अलग अलग कार्य सभी वर्ग के बच्चों के लिए करेंगे जो क्रमशः बच्चो को नियमित ब्रश करने एवं इसके तरीको के बारे में जानकारी देना, बच्चो को गुड टच/ बैड टच के बारे में जानकारी देना,पढाई के साथ ड्ड साथ जीवन में खेल-कूद का महत्व समझाना, जंक ड के बदले पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी देना खुद को सफाई के साथ रखना जैसे खाने के पहले हाथ धोना इत्यादि के बच्चो को स्थानीय जू, पार्क इत्यादि का भ्रमण करवाना,सोशल मिडिया के प्रयोग के बारे में बारे मे जानकारी उपलब्ध करवाना, पढाई के तनाव से बचने के उपाय,मेडिटेशन, योग इत्यादि की जानकारी देना आदि है। इसके अंतर्गत *बच्चो के पोषण, शारीरिक गतिविधि, मानसिक स्वास्थ्य और सीखने के बीच संबंध से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध करवाना रहेगा* कार्यक्रम का प्रथम दिन ब्रिगेडियर पूरी पार्क से आरंभ होगा, द्वितीया दिन शीतल अग्रवाल आवास, तृतीय दिन हैलो किड्स रॉबिनहुड स्कूल, चतुर्थ दिन शीतल अग्रवाल आवास, एवं पाँचवा दिन डीयू मिशन चर्च स्कूल में समाप्त होगा ।

### हेसला में भाकपा-माले पार्टी का मनाया गया 56वां स्थापना दिवस

**गिद्दी।**भाकपा-माले का 56 वां स्थापना दिवस के अवसर पर हेसला में पार्टी सदस्यों ने स्थापना दिवस मनाया।स्थापना दिवस के मौके पर उपस्थित साथियों के बीच यह आह्वान किया गया कि भाकपा- माले ने अपने स्थापना काल से ही लगातार शोषित- पीड़ति, वंचित, समाज में हासिये पर रहने वाले गरीब-गुरबों की हक- अधिकार के लिए संघर्ष करती रही है। मेहनत कशों की आवाज बुलंद करती रही है।

## प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में पेंटिंग्स और इको ब्रिक्स बनाकर बच्चों ने दिया पृथ्वी बचाने का संदेश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पेंटिंग्स प्रतियोगिता और इको ब्रिक्स निर्माण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय में गठित इको क्लब के मेंबर और शिक्षकों ने वृक्षारोपण कर किया । विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक विजय मसीह ने कहा की जिस तेजी से प्राकृतिक संसाधन का दोहन हो रहा है पृथ्वी को काफी क्षति पहुंची है ऐसे में पृथ्वी दिवस के माध्यम से उन मुद्दों की तरफ ध्यान आकर्षित करना है जिनकी वजह से प्रकृति को नुकसान हो रहा है। वही कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज कुमार मालाकार ने बताया कि वर्ष 2024 पृथ्वी दिवस का थीम है ग्रह बनाम प्लास्टिक जिसकी विस्तृत चर्चा कर कहा कि हमारे दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक जहर घोल रहा है अब जागरूकता से ही इसके खपत को 2040 तक 60 प्रतिशत तक कम करने का टारगेट को पूरा किया जा सकता है। बच्चो ने भी एक से बढ़कर एक पेंटिंग और इको ब्रिक्स बनाकर पृथ्वी के बचाव और नुकसान के कारकों को दर्शाया। पेंटिग्स प्रतियोगिता में प्रथम प्रमोद कुमार, द्वितीय राजनंदनी ,तृतीय साइना परवीन और लक्ष्मी कुमारी और इको ब्रिक्स बनाने वाले छात्र छात्राओं में सोनम परवीन ,चांदनी कुमारी , राजनीधी ,शमा परवीन,आरसी मलका आदि को फलदार पौधा देकर सम्मानित किया गया । पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक इमरान अयूब हुसैनी, डॉ. मैनेजर नाथ पांडेय,अशोक कुमार, डॉ. विकास सिंह, प्रिया ,उषा रानी महतो,जाहिदा बानो, महेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, भारती नायक, सदा सदफ, अजय बैठा, उत्तम सिंह, राकेश कुमार, सुरेश कुशवाहा,कोमल पांखी, दिलीप कुमार का अहम योगदान रहा ।...

# इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल पहुंचे विष्णुगढ़

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़ ।** इंडिया महागठबंधन से हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के द्वारा सोमवार को विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांव का भ्रमण किया गया। इस जनसंपर्क कार्यक्रम की शुरुआत उनके पैतृक आवास प्रखंड अंतर्गत चानो से किया गया। चानो में जयप्रकाश भाई पटेल का फूलमाला पहनाकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आयोजित जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत तेतरिया मोड़, चानो, मंडइटांड़, झपाटांड़, नया बांध, महुआटांड़, फराचांच, बोरा टोला, सारुकुदर एवम चीहुटियां का भ्रमण किया गया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष टेकोचंद महतो, कांग्रेस जिला महासचिव रामजन्म राय, प्रमुख प्रतिनिधि बेलाल अंसारी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, चानो पंचायत समिति सदस्य खिरिया देवी, सारुकुदर पंचायत समिति सदस्य महेश महतो, मुखिया उत्तम महतो, परमेश्वर महतो, हेमलाल महतो, अनिल राय, बालेश्वर महतो, राहुल कुमार, शेख कल्लू, फिरोज अंसारी, अनिल पटेल, डॉक्टर इम्तियाज अहमद, कैला राय समेत कई लोग शामिल थे।..

## राष्ट्रपति पदक से सम्मानित वैली क्युएटी कमांडो विवेक तिवारी ने बुजुर्गों के साथ मनायी शादी की वर्षगांठ

### ऐसे मौके पर यहां आने से मन काफी प्रसन्न और प्रभावित होता है : विवेक तिवारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** जहां एक और हर कोई अपनी शुभ दिन पर पार्टी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करता है तो वही हजारीबाग जिले के निवासी राष्ट्रपति पदक से सम्मानित वैली क्युएटी कमांडो विवेक तिवारी ने अपनी शादी की दूसरी वर्षगांठ शहर के एसपी कोठी स्थित ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के संग बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया बुजुर्गों के साथ केक काटकर शादी की वर्षगांठ जैसी महत्वपूर्ण दिन को मनाया। साथ ही बुजुर्गों के बीच फल,नाश्ता का वितरण किया। बुजुर्गों से वैवाहिक जीवन के सुख मय पाल के लिए आशीर्वाद लिया। सभी बुजुर्गों ने दोनों हाथों से विवेक तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी स्नेहा उपाध्याय को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप दोनों सदैव खुश रहे, आपके जीवन में ईश्वर का आशीर्वाद सदैव बरसता रहे। इस अवसर पर विवेक तिवारी, उनकी धर्मपत्नी स्नेहा उपाध्याय, उनकी माताजी अनुराधा देवी, अनुराग उपाध्याय विधि तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर विवेक तिवारी ने कहा कि जीवन के हर एक दिन में हम अपने मौज मस्ती में रहते हैं पर ऐसे दिनों में यहां पर आने से मन काफी प्रश्न और प्रभावित होता है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि अपने जन्म दिवस शादी के वर्षगांठ जैसे महत्वपूर्ण दिन पर यहां अवश्य आए और बुजुर्गों की सेवा करें। उनकी सेवा करने से अपार आशीर्वाद प्राप्त होता है और भविष्य सुखमय में होता है।.

# ग्रामीणों ने हिरण के शावक को वन विभाग को सौंपा

उज्जवल दुनियां संवाददाता

**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेंगवरी गांव के ग्रामीणों ने हिरण के शावक (बच्चे) को पकड़कर वन विभाग बड़कागांव के कर्मियों को सौप दिया है!

इस संदर्भ में ग्रामीण सह वन सुरक्षा समिति बेंगवरी के अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि 4 हिरणों का झुंड बेंगवारी गांव पानी की तलाश में आ पहुंचा तीन हिरण पानी की खोजबीन के लिए खेत में लगे फसलों की ओर विचरण करने लगे! वहीं हिरण का एक बच्चा झुंड से भटक कर गांव में प्रवेश कर गया! काफी मशक्कत के बाद एक घर में हिरण घुस गया!



तब जा कर ग्रामीणों के सहयोग से हिरण पकड़ में आया! हिरण को सुरक्षित रखते हुए वन विभाग बड़कागांव वन प्रक्षेत्र कार्यालय के कर्मियों को सूचना दिया। जिसपर वन विभाग के कर्मी आकार अपने साथ ले गए! वहीं क्षेत्र के ग्रामीणों ने मांग करते हुए कहा कि जंगली जीव जंतुओ के सुरक्षित आश्रय और खाना पानी की पर्याप्त व्यवस्था हेतु वन क्षेत्र को टेंडर उजड़ना बंद कराई जाय!वहीं हिरण का एक बच्चा झुंड से भटक कर गांव में प्रवेश कर गया! काफी मशक्कत के बाद एक घर में हिरण घुस गया! ताकि जंगली जीव जंतु सुरक्षित जीवन ब्यक्तित करे!

उपरोक्त प्रकरण पर बड़कागांव वन विभाग के फॉरेस्टर बिनोद बेसरा ने बताया कि जंगली पशु का आबादी वाले क्षेत्र में आने और ग्रामीणों के पकड़ में आने से हिरण भयभीत हो कर बीमार हालत में हो गया है अभी चिकित्सकीय इलाज चल रहा है! उचित स्थिति के आधार पर सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा!.

# शादी की शहनाइयों की गूंज पल भर में मातम में बदली

### गांव से निकल रही बारात गाड़ी ने दर्जनों लोगो को कुलचा, 3 वर्षीय बालक की मौत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बेंदगी गांव में रविवार की शाम एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। शादी की शहनाइयों की मीठी धुन पल पर में चीखों और मातम में तब्दील हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बेंदगी निवासी सिकंदर रविदास पिता रेवल रविदास का रविवार को शादी होनी थी, वह दूल्हा बनकर गाजे बाजे के साथ अपनी दुल्हन को लाने बारात लेकर निकलने की तैयारी में था, बारात का हिस्सा सैकड़ों लोग थे। साथ ही दर्जनों लोग बारात देखने सड़क पर ख? थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार बेंदगी निवासी सिकंदर रविदास पिता रेवल रविदास का रविवार को शादी होनी थी, इसी बीच बारातियों की गा?ी में से एक आल्टो वाहन संख्या डब्लू बी 02 एके 3155 अनियंत्रित हो गई और अपने चपेट में 3 वर्षीय बालक शानवी कुमार पिता शंकर रविदास, राधिका देवी पति शंकर रविदास, मंजू कुमारी, सुम देवी, सुरेश रविदास, कुलेशर रविदास, मधु देवी, मंजू देवी सहित 12 लोगों को अपने चपेट में ले दिया।

आनन फानन में सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल बरही लाया गया, जहां चिकित्सको ने शानवी कुमार को मृत घोषित कर दिया। कई लोगो को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया और कई लोगो का उपचार अनुमंडलीय अस्पताल बरही में चल रहा है। बारात बरही से बरकट्ठा जाने वाली थी और यह घटना करीब सा? बारह बजे की है। घटना की खबर सुनकर सामाजिक कार्यकर्ता सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव, दिनेश साव, मनोज रविदास सहित कई लोग अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचकर घटना की जानकारी लिया और घायलों का बेहतर उपचार करवाने में सहयोग की।

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अपना उम्मीदवार कुंज बिहारी साहूः शंभू साव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** लोकहित अधिकार पार्टी के हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र उम्मीदवार कुंज बिहारी साहू बड़कागांव विधानसभा के विभिन्न गांवों में अपने जन जागरूकता अभियान के तहत ग्राम चेपा खुर्द पहुंचे, जहां शंम्भू साहू की सुपुत्री सुरभि कुमारी एवं स्वर्गीय बालेश्वर साहू एवं मो0 माधो देवी की सुपुत्री काजल कुमारी की शादी समारोह में शामिल हो अपने आशीर्वचनों से अलंकृत किया एवं सुकन्याओं को शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत के विषय में बताया कि विवाह होने के बाद भी पढ़ाई जारी रखते हुए संवैधानिक हक अधिकार पानें का प्रयत्न करें। हजारीबाग लोकसभा प्रभारी रामविलास साव ने कहा कि कुंज बिहारी साहू गरीब जरूर है पर गरीब वंचित शोषित उपेक्षित कमजोर पीड़ित विस्थापित लोगों के लिए दरियादिली दिखाते हैं। सभी के सुख-दुख में शामिल रहते हैं। उपस्थित महिला पुरुषों ने स्वागत किया और सराहना करते हुए लोकहित अधिकार पार्टी का चुनाव चिन्ह सेब छाप पर वोट देने का संकल्प लिया। मौके पर कृष्ण कुमार, राजन कुमार, शम्भू कुमार साहू, कुलदीप कुमार, जुगेश्वर साहू, धनेश्वर साहू, शिव साहू, परमेश्वर साहू, उर्मिला कुमारी, शीला देवी, शांति कुमारी, माधव देवी, बालमती देवी, तेतरी देवी सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित थे।.

## एक बार फिर इंगुनिया उच्च विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चौपारण।** कहा जाता है कि पडने वाले किसी भी परिस्थिति में सफलता के झंडे गाढ की देते हैं। यह चरितार्थ कर रहा है इंगुनिया उच्च विद्यालय के मैट्रिक का परिणाम, जी हां प्रत्येक वर्ष के भांति इस बार भी इस विद्यालय का परिणाम शानदार व उत्साहवर्धक रहा। जहां 147 परीक्षार्थियों में 107 प्रथम, 31 दुतीय व 3 विद्यार्थी तृतीय स्थान प्राप्त किया। परिणाम खाश इसलिए बन जाता है क्योंकि कम संसाधनों के बावजूद शिक्षकों अथक मेहनत व बच्चों लगन व कठिन परिश्रम का परिणाम सुखद व गौरवान्वित करने वाला होता है। साथ ही इन बच्चों को गडने में स्थानीय कोचिंग संस्थानों का भी अहम योगदान है जिसमे एसके पारा माउंट के संचालक सपन कुमार चंद्रवंशी की भूमिका अहम है। इन विद्यार्थियों ने अच्छे प्रदर्शन किया अर्पिता अभ्या 90.20त्न, विद्यालय टॉपर व प्रखंड स्तर पर टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। आलोक कुमार 88.60त्न सेकेंड टॉपर, शांतनु कुमार 88.40 थर्ड टॉपर, आयुष कुमार 86.00त्न,रितिका 84.80त्न, अभिजीत 84.60त्न, सौरव 86.00त्न, सुजल 84.80त्न, रौशनी, उज्जवल, अंकित,सुजल, अश्वनी, दीपा, आलोक, अभिजीत, अंशु, शशि,दीपाली, कोमल तथा कई सारे विद्यार्थियों ने 80त्न से ज्यादा अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया।...

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय बाबुगांवका मैट्रिक परीक्षा का परिणाम शत् प्रतिशत रहा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**हजारीबाग।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, हजारीबाग में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023-24 में भैया बहन का परिणाम शत् प्रतिशत रहा। जिसमें कुल 83 भैया बहन वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 71 भैया बहन प्रथम श्रेणी एवं शेष द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। बहन कुमकुम कुमारी 480 अंक एवं 96 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बहन सुरुचि कुमारी 474अंक एवं 94.8त्न, तृतीय स्थान बहन निशा कुमारी 471अंक एवं 94.2त्न, चतुर्थ स्थान भैया रुपेश कुमार 467अंक एवं 93.4त्न,पंचम स्थान बहन रिषु कुमारी 466 अंक एवं 93.2त्न, षष्ठ स्थान भैया चन्दन दांगी 460 अंक एवं 92त्न, सप्तम स्थान भैया वरुण कुमार 453 अंक एवं 90.6त्न, अष्टम स्थान बहन विद्योत्तमा भारती 451अंक एवं 90.2त्न,नवम स्थान भैया एश्वर्य राज 446 अंक एवं 89.2त्न,दशम स्थान बहन नेहा कुमारी एवं भैया राजन कुमार दोनों 441 अंक एवं 88.2त्न प्राप्त करते हुए विद्यालय में प्रथम दस स्थान प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक डॉ जटाधर दूबे, अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष, सचिव राम बहादुर सिंह, सहसचिव अनूप कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हरि शंकर सिंह, सदस्य महेन्द्र राम, सत्यभामा, गंगाधर दूबे इत्यादि ने संयुक्त रूप से भैया बहन एवं समस्त आचार्य एवं महिला आचार्य को बधाई और शुभकामनाएं दी की अगले वर्ष इससे अच्छा परिणाम कामनाएं किए ताकि राज्य स्तर में स्थान प्राप्त हो। विद्यालय परीक्षा प्रमुख पवन कुमार गुप्ता, अल्पना सिन्हा, राज कुमार सिंह, रेवत लाल प्रसाद, मुकेश कुमार सिन्हा, आनन्द किशोर प्रजापति, विवेक कुमार, अर्चना सिन्हा, शिव शरण ठाकुर, राहुल कुमार पाण्डेय, सचिन कुमार पाण्डेय, रवीन्द्र कुमार, पिंटू कुमार राय, रविकांत पाठक, पप्पू कुमार पाण्डेय, सुशील सौरभ, निखत प्रवीण, बेबी कुमारी इत्यादि ने संयुक्त रूप से भैया बहन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## एक-नजर

### लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर इंटर सांइस कॉलेज में आज से पुरुष मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु

**हजारीबाग।** लोकसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग द्वारा पुरुष मतदान पदाधिकारी यथा पीओ, पी 1, पी 2, पी 3 का प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार 23 अप्रैल 2024 से 26 अप्रैल 2024 तक निम्न प्रकार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

23 अप्रैल इ2024

पीठासीन पदाधिकारी के पीन संख्या 341600057 से 341605334 तक का प्रशिक्षण पूर्वाहन 10ञ्00 बजे से अपराह्न 1ञ्00 बजे तक एवं पीन संख्या 341605337 से 341614311 का प्रशिक्षण अपराह्न 2ञ्00 से अपराह्न 5ञ्00 बजे तक निर्धारित किया गया है।

24 अप्रैल 2024

प्रथम मतदान पदाधिकारी के पीन संख्या 341600008 से 341605372 तक का प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक एवं पीन संख्या 341605374 से 341614310 का प्रशिक्षण अपराह्न 2 बजे से अपराह्न 5ञ्00 बजे तक।

25 अप्रैल 2024

द्वितीय मतदान पदाधिकारी के पीन संख्या 341600028 से 341603279 का प्रशिक्षण 10ञ्00 पूर्वाह्न से 1ञ्00 बजे अपराह्न तक एवं पीन संख्या 341603281 से 341614290 का प्रशिक्षण कार्यक्रम 2ञ्00 बजे अपराह्न से 5ञ्00 बजे अपराह्न तक।

26 अप्रैल 2024

तृतीय मतदान पदाधिकारी के पीन संख्या 341600014 से 341610355 का प्रशिक्षण पूर्वाहन 10ञ्00 से अपराह्न 1ञ्00 तक एवं पीन संख्या 341610358 से 341614309 का प्रशिक्षण अपराह्न 2ञ्00 से अपराह्न 5ञ्00 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम इंटर साइंस कॉलेज, जबरा हजारीबाग में आयोजित किए जाएंगे।

### उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापोखुर्द मैट्रिक की परीक्षा में विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम

**बड़कागांव।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय नापो खुर्द के छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में लहराया सफलता का परचम, शत-प्रतिशत सफलता पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बोर्ड परीक्षा में विद्यालय से 131 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था जिसमें सभी विद्यार्थीयों ने सफलता प्राप्त किया। वहीं प्रथम श्रेणी से 115 विद्यार्थी, द्वितीय श्रेणी से 15 विद्यार्थी व तृतीय श्रेणी से 1 बच्चे ने सफलता प्राप्त की। वहीं सात बच्चों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। जिसमें प्रियंका कुमारी 95त्न अंक लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं मोहम्मद नुमन 94.6त्न, राजन कुमारी 93.6त्न छाया कुमारी 93.4त्न, रवीना कुमारी 91.8त्न, बादल कुमार 91.3त्न, राहुल कुमार 91त्न अंक लाकर सफलता प्राप्त की है ।छात्र-छात्राओं के शत प्रतिशत सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं अध्यनरत बच्चों को इनसे प्रेरणा लेने की बात कही है।बच्चों की सफलता पर बधाई देने वालों में विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रशांत कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवराम शर्मा, सहायक शिक्षक कुमार सुनील, आशीष कुमार, प्रकाश आनंद, रामप्रवेश साव, संजय राम, कंप्यूटर शिक्षक सुनील कुमार सहित विद्यालय परिवार शामिल हैं।..

### पूर्व विधायक पहुंचे सदर, घायलों के समुचित इलाज के किया सहयोग, मासूम बच्चे की मौत पर जताया शोक



**बरही।** बीते रात बारात निकलने के पूर्व बेंदगी गाँव में हुए हादसे की जानकारी मिलते ही पूर्व विधायक मनोज यादव घायलों से मिलने हजारीबाग सदर अस्पताल पहुंचे। घायलों से मिला, कुशल क्षेम जाना और समुचित इलाज की व्यवस्था करवाया। साथ ही हादसे में असामयिक निधन होने वाले मासूम शानवी के शोक संतप्त परिजनों से भी मुलाकात किया। उन्हे सांत्वना दिया और दुख की इस घड़ी में हर संभव मदद के आश्वासन दिए। ज्ञातव्य हो कि बीते रात्रि प्रखंड के बेंदगी गांव निवासी सिकंदर रविदास की बारात निकलने के पूर्व अनियंत्रित ऑल्टो कार से दुर्घटना ग्रस्त होने से दर्जनों लोग महिला पुरुष घायल हो गए थे। इसी हादसे में वाहन से कुचलने से तीन वर्षीय मासूम शानवी के मौत हो गई थी। इस घटना से पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है।..

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर चिकित्सा प्रभारी ने बच्चों के साथ दवा खाकर बच्चों को स्वच्छ रहने के प्रति किया जागरूक



**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित संचालित विद्यालय बी एम मेमोरियल स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। साथ ही स्वच्छ रहने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़कागांव के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने बच्चों के साथ दवा खाकर किया। मौके पर डॉ. अविनाश कुमार ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की महत्वता पर जोर डालते हुये बताया कि 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को पेट के कीड़े की दवा जरूर खानी चाहिए। अधिकांश बच्चों में पेट से संबंधित अधिक बीमारियों का खतरा होता है। जिस वजह से बच्चों में खून की कमी, कुपोषण, मितली, उल्टी व दस्त होना तथा वजन में कमी होना जैसे दुष्प्रभाव होते है क्योंकि ज्यादातर बच्चें बाहर खेलते समय कब किस चीज को हाथ लगाते हैं। उनको पता ही नही होता है। उन्हीं गंदे हाथों से घर की सारी चीजों को छूना, बिना हाथ पैर धोकर कुछ भी खा लेना, बिना ढका हुआ पानी पीना इन्हीं सब लापरवाही की वजह से बच्चों के पेट में बीमारियाँ होती हैं। जो कभी-कभी घातक भी साबित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 1 साल से 19 साल तक के बच्चों को साल में दों बार एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाती है। जिससे बच्चों में होने इन सब समस्याओं से बचाया जा सके। साथ ही उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि एक वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम को सफल बनाए। उन्होंने बताया कि जो बच्चे आज किसी कारणवश एल्बेंडाजोल की दवा नहीं खा पाई है। उन्हें अगले दिन खिलाई जाएगी। मौके पर विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा ने एल्बेंडाजोल टेबलेट खाने से होने वाले फायदे के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं स्कूल में लगभग 700 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। बच्चें भी गोली खाने के लिए उत्सुक दिखे। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी नवीन कुमार ।

# धूमधाम से मनाई गई भगवान महावीर की जयंती,केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी हुई शामिल

**झुमरीतिलैया :-** भगवान महावीर जन्म जयंती के अवसर पर पानी टंकी रोड स्थित जैन मंदिर में संध्या में भगवान महावीर का पालना झूलाना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी जैन मंदिर पहुंची वहां पर मंदिर का दर्शन किया।भगवान महावीर की आरती की एवं पालना झुलाया। समाज के पदाधिकारी एवं महिला समाज की अध्यक्ष नीलम सेठी सचिव आशा गंगवाल प्रेम झाझंरी सरिता काला पार्षद पिंकी जैन ने माननीय सांसद महोदया का स्वागत अभिनंदन किया।समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा समाजसेवी सुरेश झाझंरी ने स्वागत भाषण दिया इस मौके पर स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सभी श्रद्धालु भक्तों और देशवासियों को भगवान महावीर जन्म जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के सिद्धांत और आदर्शों पर चलकर ही राष्ट्र महान बन सकता है।पूरे विश्व में उन्होंने सत्य अहिंसा और शांति का अलख जलाया जिसकी आज सबसे



अधिक जरूरत है। भगवान महावीर त्याग तपस्या की प्रति मूर्ति थे मनुष्य उनके जीवन चरित्र को अपनाकर ही अपना जीवन सुखमय बना सकता है। उनके दिव्य संदेश जियो और जीने दो को अपनाकर ही विश्व मैत्री स्थापित किया जा सकता है। रात्रि में महिला संगठन के द्वारा भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य भजन आदि किया गया। जिसमें महिला समाज की सदस्यों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का सफल बनाने में मुख्य रूप से आशा गंगवाल सुबोध गंगवाल कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जैन काला भंडारी सुनील जैन सेठी ने अपना योगदान दिया समाज के सह मंत्री राज छाबड़ा ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की सफलता पर पूरे जैन समाज के प्रति आभार प्रकट किया सामूहिक वात्सल्य भोजन में विशेष योगदान देने के लिए विनोद अजमेरा टुन्नू सुनील छाबड़ा सुशील छाबड़ा की प्रशंसा की समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन एवं राजकुमार अजमे रा ने बताया कि भगवान महावीर जयंती के अवसर पर जैन युवक समिति के सदस्य विकास विवेक सेठी लब्बू अभिषेक गंगवाल घोटू विवेक छाबड़ा आदि सदस्यों के द्वारा काली मंदिर के पास सैकड़ो गरीब जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया इस मौके पर ललित सेठी कमल सेठी सुरेश जैन पांडया ओम जी सेठी सुरेश सेठी पदम सेठी कैलाश जी जोशीला हनुमान पाटनी संदीप सेठी अतिथि के रूप में कृष्णा ब्रह्मपुरिया संजय शर्मा राजेश सिन्हा सुधीर सेठ आदि लोग उपस्थित थे जिनका समाज के पदाधिकारी ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा :-** प्रखंड अंतर्गत इंदरवा पंचायत के झरीटांड गांव में हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर हैंड इन हैंड इंडिया के डीजीएम रवि रंजन के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एपीएम तुलसी कुमार साव ने कहा कि पृथ्वी का संरक्षण हम सब का दायित्व है, उन्होंने बताया कि जिस तरह से प्लास्टिक पूरे धरती को प्रदूषित कर रहा है, इसके दुष्परिणामों से बचने के लिए हमें पूरी तरह से प्लास्टिक का उपयोग बंद करना होगा। वही तोप्ती सेन ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर हम पृथ्वी का श्रृंगार कर सकते हैं। जितनी संरक्षित पृथ्वी रहेगी उतना ही संरक्षित हमारा जीवन होगा। कार्यक्रम में पूजा, गंगा एवं लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह की दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी जो एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर अधिक से



अधिक पेड़-पौधे लगाने एवं प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का शपथ लिए। साथ ही साथ दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि हम अपने सभी परिचयतों को बताएंगे कि कभी भी जंगल में आग ना लगाए, जंगल को ना काटे, नदी एवं पहाड़ों की स्वच्छता को बनाए रखें तथा उन्हें संरक्षित रखें। कम से कम रासायनिक उर्वरक का प्रयोग करने, देशी बीजों को बढ़ावा देने, प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करने, वषारंभ होने पर कम से कम 10-10 पेड़ लगाने आदि का भी निर्णय लिया। मौके पर सुगिया देवी, शीला देवी, काजल देवी, बेबी देवी, सुनीता देवी, भोली देवी, रीना देवी, मानती देवी, कुंती देवी, सोमवारी देवी, चांदनी देवी, रेखा देवी, मनीषा देवी, सरस्वती देवी, रोशन खातून, आरती देवी, समीना खातून, राखी देवी, अनीता देवी, कमला देवी, विमला देवी, पूनम देवी, द्रौपदी देवी सविता देवी आदि उपस्थित थी।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर *पृथ्वी बचाओ* विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023 - 2025 के प्रशिक्षुओं के द्वारा अपनी कलात्मक कलाओं का शानदार प्रदर्शन करते हुए उक्त विषय पर पोस्टर बनाए गए ।

इस अवसर पर *महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमारी पृथ्वी के वातावरण में बहुत अधिक परिवर्तन आ गया है । जिसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। अतः हम सभी को अपनी पृथ्वी को सुरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हो । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जिससे हम शुद्ध




वातावरण में रह सके।

राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य पृथ्वी के वायुमंडल में हो रहे विभिन्न प्रकार के परिवर्तनों के प्रति सभी को जागरूक करना है। जिससे सभी पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारी को आवश्यक समझे।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बी. एड. सत्र 2023- 2025 के प्रशिक्षु मनीषा,विनीता,पूनम,शिफा नूरी,समीउल्लाह,रिंकी कुमारी आदि ने प्रतिभा लिया ।

संपूर्ण कार्यक्रम सौरभ शर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ।

# 154 वीं जयंती पर याद किए गए ब्लादिमीर लेनिन

**कोडरमा :-** सोवियत क्रांति के नायक ब्लादिमीर लेनिन की 153 वीं जयंती पर याद कर श्रद्धांजलि देते हुए मजदूर नेता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि लेनिन मजदूर वर्ग के विशाल हृदय में बस्ते हैं। वे हमारे शिक्षक हैं. उनके सिद्धांत आज भी हमारे साथ है. कॉमरेड लेनिन पूरे दूनिया में सर्वहारा वर्ग के नेता हैं।मार्क्सवाद के आधार पर वे बिना शोषण व बिना वर्गीय भेदभाव के समाजवादी व्यवस्था कायम करना चाहते थे। जिसका सफल प्रयोग कर 1917 के रूसी क्रांति के बाद 30 सालों में ही किया गया। सीटू नेता ने कहा कि क्रांतिकारी वैज्ञानिक भावना दोनों का मिलन ही मार्क्सवाद है। लेनिन ने कहा था कि ठोस परिस्थितियों का ठोस विश्लेषण के आधार पर ही वास्तविक क्रांति संभव है। चुनौतियों का मुकाबला इसी रास्ते से किया जा सकता है. आज देश में भाजपा सरकार की कॉरपोरेट परस्त नीतियों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर हो गई है।आज देश कमरतोड़ महंगाई व बेरोजगारी के गंभीर संकट से गुजर रहा है। मोदी सरकार के द्वारा जनविरोधी नीतियों को थोप कर देश की जनता पर लगातार हमला किया जा रहा है। देश की तमाम सार्वजनिक क्षेत्रों बैंक,बीमा,रेल,कोयला,स्टील आदि को निजीकरण कर पूंजीपतियों के हांथो में सौंप रही है।

सरकारी नौकरियाँ समाप्त कर नौजवानों के भविष्य को बर्बाद किया जा रहा है।मजदूरों को गुलाम बनाने के लिए 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार लेबर कोड में बदल दिया है. हिन्दू मुस्लिम के नाम पर देश में विभाजन की राजनीति की जा रही है. जो हमारी संस्कृति, लोकतंत्र और संविधान पर सीधा हमला है. देश का भविष्य खतरे में है।

अब जब लोकसभा चुनाव का बिगुल बज गया है।कॉमरेड लेनिन की जयंती पर सीटू मजदूर वर्ग को आह्वान करता है कि मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ हमें मजदूर वर्ग की व्यापक एकता और संघर्ष को मजबूत करने के साथ साथ भारत की संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस चुनाव में जनविरोधी भाजपानीत मोदी सरकार को उखाड़ फेंके।

## न्यायालयकर्मी इंदु कुमार दिवाकर के आकस्मिक निधन पर व्यवहार न्यायालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया

**कोडरमा** व्यवहार न्यायालय न्यायालय कोडरमा के न्यायालयकर्मी इंदू कुमार दिवाकर के आकस्मिक निधन पर व्यवहार न्यायालय कोडरमा परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया । इस शोक सभा में व्यवहार न्यायालय कोडरमा के सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया । उल्लेखनीय है कि कोडरमा व्यवहार न्यायालय में कार्यरत 1997 बैच के न्यायालय कर्मी इंदू कुमार दिवाकर का अचानक दिल्ली में इलाज के क्रम में निधन हो गया । वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे ।इंदु कुमार दिवाकर की सेवा 2 वर्ष के लगभग और थी । वह अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन का समाचार प्राप्त होते ही न्यायालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में शोक की लहर फैल गई ।आज सुबह से ही न्यू कॉलोनी कोडरमा स्थित उनके आवास पर कई न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दिया। आज न्यायालय परिसर में आयोजित शोक सभा में सभी न्यायिक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मृत आत्मा की शांति के लिए एवं परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की क्षमता प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की एवं सभी लोगों ने शोक प्रकट किया। इंदू कुमार दिवाकर एक कर्तव्य निष्ठ एवं मिलनसार प्रवृत्ति के व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाए थे।मौके पर कोडरमा के प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह, जिला जज तृतीय तरुण कुमार, जिला जज चतुर्थ राकेश चंद्रा ,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, अवर न्यायाधीश तृतीय प्रज्ञा बाजपेयी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो सहित अन्य कई न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण व विद्वान अधिवक्ता मौजूद थे । आज कोडरमा बरसोतियाबर स्थित मुक्तिधाम में इंदु कुमार दिवाकर की अंत्येष्टि की गई जिसमें न्यायालय कर्मी, अधिवक्ता सहित कई स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया। आज सुबह भाजपा नेत्री सह केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने उनके परिवार वालों से मिलकर ढाढस बंधाया और शोक प्रकट किया।

## शिव तारा सरस्वती विद्या मंदिर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बच्चों के द्वारा आमंत्रण कार्ड निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने दीप प्रज्वलन कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कक्षा षष्ठ से दशम वर्ग तक के भैया बहनों ने लोकतंत्र के महापर्व मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आमंत्रण कार्ड निर्माण प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय के बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्हें कहा गया कि राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के तहत क्विज कॉन्टेस्ट, वीडियो मेकिंग, पोस्टर डिजाइनिंग इत्यादि में भाग लेकर अपनी अपनी सहभागिता दर्शा सकते है। बच्चों ने इसके लिए कड़ी मेहनत कर आयोग द्वारा निर्धारित थीम मेरा मत मेरा भविष्य, एक वोट की शक्ति, बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, घर-घर में संदेश दो वोट दो वोट दो, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो ,बच्चा बच्चा करे पुकार वोट डालना हर बार ,आओ सब मिलकर वोट दें इत्यादि स्लोगनों को अपने द्वारा निर्माण कार्ड में लिखकर इस प्रतियोगिता कार्यक्रम में भाग लिए। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भैया बहनों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले को पुरस्कार से सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य - आचार्या उपस्थित थे।

# दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सह वार्षिकोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

**झुमरी तिलैया**

### सुंदरकांड पाठ,अखण्ड ज्योत के साथ सवा 25 घंटे का भजनों का कार्यक्रम हुआ प्रारम्भ

श्री हनुमान संकीर्तन मंडल का 43 वां वार्षिकोत्सव सह हनुमान जन्मोत्सव समारोह सोमवार को भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ। अड्डी बांग्ला रोड स्थित केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री से हनुमान दरबार की निकली सुसज्जित वाहन को स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में मंडल के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने राम नाम की पट्टी लगा रखी थी। यात्रा स्टेशन रोड से निकलकर झंडा चौक राजगढ़िया रोड होते हुए विद्यापुरी रांची पटना रोड ब्लॉक रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल केदारनाथ रामगोपाल की फैक्ट्री पहुंचकर समाप्त हुई। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन आयोजन स्थल में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहनों की प्रस्तुति राम,लक्ष्मण व हनुमान की जीवंत झांकी के साथ भजन



मंडलियों द्वारा गाए जा रहे भजनों से पूरा शहर गुंजयमान होता रहा। पूजा अर्चना के बाद सवा 25 घंटे की अखंड ज्योत, अलौकिक श्रृंगार व लाल परिधानों में शामिल सुंदरकांड पाठ में शामिल कतरास से आए पंकज शर्मा के नेतृत्व में हुआ।महिलाओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ के साथ संगीतमय भजनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार के साथ फूलों का भव्य श्रृंगार सजाया गया। मौके पर खीर चूरमा बुंदिया एवं पेडे का सवामणि प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा अर्चना पंडित अनिल मिश्रा ने कराई। जबकि यजमान में नवीन सिन्हा व ललिता सिन्हा शामिल हुए। सुंदरकांड में हिमांशु केडिया,प्रीति केडिया अखंड ज्योत महेश पेड़िवाल के द्वारा प्रज्वलित की गई।शोभायात्रा में भारत विकास परिषद के नारायण सिंह, ए.आर. इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अभिषेक पांडेय, सुषमा सुमन, प्रदीप सुमन, मंडल सचिव विक्की केसरी, अरविन्द चौधरी,सत्येंद्र सिन्हा, संजय बनर्जी, ज्योति पहाड़ी, राहुल सिंह, नितिन मिश्रा, लखन सिंह, पीयूष सिंह, सत्येंद्र सिन्हा,विजय सिंह, गौतम पांडेय सहित दर्जनों मंडल के सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेरणा शाखा की सारिका लड्ढा,श्रेया केडिया, मंडल के संरक्षक मधुसूदन दारूका, अनिल अग्रवाल के अलावा चन्द्रशेखर जोशी,भैरो प्रसाद,मनोज जोशी,गौतम पांडेय आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**श्री राम जानकी बैठे हैं कि प्रस्तुती ने बांधा समां**

दो दिवसीय इस कार्यक्रम में धनबाद से आए भजन गायक दीपक अरोड़ा, अनिता अरोड़ा द्वारा प्रस्तुत भजन हनुमान जी हमारे श्री राम जी के प्यारे हम पर दया करो...,श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में....जैसे भजन की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समा बांध दी। अनीता अरोड़ा द्वारा भजन प्रस्तुत भजन तेरे लिए मैं प्यारी प्यारी चुनरिया लाल लाई हूं....पर श्रद्धालु भक्त गोते लगाते रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### सतगावां प्रखण्ड के कलीडीह अवस्थिय सासानवी फ्यूल सेन्टर पर मतदाता जागरूकता का दिया गया संदेश

**सतगावां :-** आगामी 20 मई 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेघा भारद्वाज के अपील पर आम नागरिक के साथ साथ व्यवसायी वर्ग भी मतदाताओं को वोट देने के प्रति जागरूक करने में रुचि लेने लगे है और इसी क्रम में सतगावां प्रखण्ड के कलीडीह अवस्थित सासानवी फ्यूल सेन्टर के संचालक अमित अग्रवाल अपने पेट्रोल पंप पर ग्राहकों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक करने के लिए स्वीप कोडरमा के तहत चलो चले बूथ,हमर बूथ हमर भागीदारी का स्लोगन के साथ सेल्फी पॉइंट एवं चुनाव का पर्व,देश का गौरव जैसे बैनर,पोस्टर लगाकर जागरूक करने का पहल किया जा रहा है वहीं पेट्रोल पंप संचालक के द्वारा अपील किया गया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में शत प्रतिशत मतदान कर देश के सर्वोच्च नागरिक होने का भागीदारी सुनिश्चित करें।

### पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

**सतगावां** :- थाना प्रभारी विजय गुप्ता के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड के कटैया जंगल में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जंगल में शराब माफियाओं के द्वारा अवैध रूप से संचालित पाँच भठ्ठियों को पुलिस ध्वस्त किया।साथ ही मौके पर 800 किलो ग्राम जावा महुआ को विनिष्ट किया।वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध महुआ शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगी।

छापेमारी अभियान में एस.आई.रौशन कुमार पासवान, हवलदार रामदेव प्रसाद यादव ,कॉन्स्टेबल ,अशोक कुमार ,पवन कुमार आदि शामिल थे।

### सुरक्षा बीमा के तहत 2 लाख का चेक किया प्रदान

बैंक ऑफ इंडिया फुलवरिया शाखा में अग्रणी जिला प्रबंधक निवास कुमार ने शाहिदा खातून को 2 लाख का चेक प्रदान किया। शाहिदा खातून के पति नौशाद अंसारी की आकस्मिक मृत्यु हो गई थी जिन्होंने फुलवरिया बैंक आफ इंडिया शाखा से पीएमजेजेबीवाई के तहत सुरक्षा बीमा करवाया था।शाखा में आयोजित इस कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति पीएमएसबीवाई पीएमजेजेवाई एवं रुपे एटीएम कार्ड का प्रयोग करता है तो उन्हें 6 लाख तक का बीमा का फायदा मिल सकता है।जिसमे पीएमएसबीवाई के तहत 2 लाख पीएमजेजेबीवाई के तहत 2 लाख एवं रुपए कार्ड के तहत 2 लाख का लाभ मिल सकता है जिसके लिए सालाना प्रीमियम पीएमएसबीवाई ?20, पीएमजजवाई के लिए 436 रुपया देना पड़ता है, खरखार गांव की रहने वाली शाहिदा खातून ने इसके लिए बैंक को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। एवं उन्होंने कहा पैसे से क्षतिपूर्ति तो नहीं किया जा सकता है लेकिन एक गरीब परिवार के लिए बहुत बड़ी मदद हो जाती है, शाखा प्रबंधक स्वाती ने सभी ग्राहकों से सुरक्षा बीमा योजना लेने के लिए आग्रह किया। इस मौके पर मार्केटिंग ऑफिसर अकांश, फुलवरिया शाखा से रवि चौधरी, शिवानी राय आदि उपस्थित थे।

### कैपिटल यूनिवर्सिटी में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**झुमरीतिलैया** :- कैपिटल विश्वविद्यालय के कृषि एवं बागवानी विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन अकादमी डॉ० प्रमोद कुमार ने वृक्षारोपन करके इस कार्यक्रम की शुरूआत की और कहा कि आज हम सभी मिलकर पृथ्वी दिवस के उत्सव को मना रहे है। यह दिन हर साल हमें याद दिलाता है कि हमारी पृथ्वी हमारी माँ है और इसका सरंक्षण करना हमारा धर्म है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए हमारे विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ० तेज नारायण ने कहा कि आज के दिन हमें एक संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी अपने भूमंडलीय साथियों के साथ एक बेहतर और स्वच्छ भविष्य के लिए मिलकर काम करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि हम अपनी पृथ्वी को हरा-भरा और सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे तथा अपने परिवारजनों के जन्मदिवस पर एक पौधा जरूर लगाएंगे। इस अवसर पर प्रो० वंदना मदानी ने बताया कि हम सभी को अपने पर्यावरण की जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है, जैसा कि हमलोग जानते हैं कि वाहनों, कल-कारखानों तथा नई-नई तकनीकों के उपयोग से हमारा वातावरण दूषित होता जा रहा है जिससे बहुत सारी बिमारियाँ निकलकर सामने आ रही है। अगर हम अपने-आप को स्वस्थ रखना चाहते है तो सबसे पहले हमें अपने पृथ्वी को स्वच्छ रखना होगा क्योंकि पृथ्वी के बिना हम अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकते तो हमें अपने पृथ्वी के संरक्षण और समृद्धि के लिए, उन सभी कदमों का समर्थन करना चाहिए जो हमें एक स्वचछ, हरित और स्वास्थ पूर्ण पर्यावरण की दिशा में ले जाते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी अहम भूमिका निभाई और सभी ने मिलकर वृक्षारोपण में सहायता की। कार्यक्रम का समापन परीक्षा नियंत्रक डॉ० तेज नारायण द्वारा कैपिटल विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों को एक पौधा भेट स्वरूप देकर किया गया।

### डीएवी कोडरमा के बच्चों ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया ,कोडरमा में बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ वल्ड अर्थ डे मनाया । पृथ्वी दिवस लोगों में जागरूकता बढ़ाता है और पर्यावरण को बचाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि प्रकृति के साथ हमारे कितने गहरे संबंध हैं और इसके बिना मानव जीवन संभव नहीं है।

कक्षा एकेजी से पाँचवीं तक के बच्चों ने विभिन्न क्रिया - कलापों द्वारा इस पावन दिवस को मनाया । बच्चों ने विश्व को हरा-भरा रखने की ओर संकेत करते हुए हरे - हरे पोषाक पहन कर आए जिसमें वे बड़े ही मन मोहक लग रहे थे। छोटे -छोटे बच्चों ने हैंड प्रिटिंग की ।

बच्चों ने

क्रॉस वर्ड पहेली को सुलझाया । पेपर कटिंग कर टियर एंड पेस्ट कर आकर्षक चित्र बनाए । साथ ही अलग -अलग गतिविधियों द्वारा बच्चों ने कपड़े की थैली को प्रयोग में लाने तथा प्लास्टिक बैग को प्रयोग नहीं करने की सलाह दी । बच्चों ने पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखते की शपथ ली।एक नाटक प्रस्तुत की गई जिसमें गीला कचरा , सूखा कचरा को अलग रखने तथा यह संदेश दिया गया कि गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग नीले और हरे रंग के कूड़ेदानों में डाला जाना चाहिए। कुछ बच्चों ने अपने घर के आस-पास पौधे लगाकर एवं सफाई कर पृथ्वी को स्वच्छ रखने के लिए जन मानस को जागरूक किया । बच्चों ने सुंदर -सुंदर चित्र व श्लोगन भी बनाकर जागरूकता का प्रयास किया।

विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सभी को शुभ कामनाएँ देते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस जलवायु संरक्षण को समर्पित है। प्रदूषण और वनों की कटाई जैसी चीजों से बचाने के लिए हमें प्रयत्न शील रहना होगा । कूड़े को उठाने और वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों में भाग लेकर, हम अपनी दुनिया को रहने के लिए एक खुशहाल व स्वस्थ जगह बना सकते हैं ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक , श्वेता सिंह , चाँदनी दुबे , लक्ष्मी कुमारी , विदिशा , संध्या कुमारी , शिल्पी गुप्ता , लक्की पाठक तथा कृति कुमारी ने मुख्य भूमिका निभाई ।

# पृथ्वी दिवस पर हिंडालको द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरणविद ने पौधरोपण कर किया

## पृथ्वी से केवल लेना ही नहीं देना भी सीखें : कौशल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर की ओर से पृथ्वी दिवस पर सोमवार को कजरी मध्य विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, विशिष्ट अतिथि पाटन वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल राजु रजक, पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने भाग लिया। पर्यावरणविद ने कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर किया। श्री कौशल ने पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हिंडाल्को के सीएसआर की टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रकृति से हमें सिर्फ लेने नहीं कुछ देने की परंपरा को विकसित करने की जरूरत है। मानवीय भूल के कारण बडे पैमाने पर वनों को समाप्त कर दिया गया जिसका परिणाम यह है कि पूरा पर्यावरण प्रदुषित हो गया जिसके कारण आज तापमान लगातार बढ रहा है और सुखाड अकाल की विभीषिका झेलना पड रहा है। इससे बचने केलिय हम सभी को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र अपनाने होंगे। अपने घरों में होने वाले उत्सवों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण कर उसे बचाने का संकल्प लेने की जरूरत है। पर्यावरण धर्म गुरु कौशल ने कहा कि वे 1967 से लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम के साथ पौधारोपण एवं वितरण करते आ रहे हैं। उनके इस उल्लेखनीय कार्यों को आइसीएससी एवं सीबीएसई पाठ्यक्रम में प?ाया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम का समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। प्रभारी वनपाल राजु रजक ने कहा कि आने वाले कल की खुशहाली के लिए सभी को पौधरोपण करना होगा। पंचायती राज पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने लोगों से पौधा लगाने के साथ साथ अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि जब तक सामूहिक भागीदारी नहीं होगी तब तक पर्यावरण का संरक्षण नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्लास्टिक के प्रयोग से सबसे ज्यादा प्रदुषण फैल रहा है। प्लास्टिक मानव जीवन के लिए जहर के समान है।

इसलिए प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का संकल्प लेने की जरूरत है। मौके पर हिंडाल्को के दीपनारायण सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक पाठक, अरुण तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, रेणु देवी,अंजय मेहता, सहित कई लोग मौजूद थे।..

# कोई ना रहे प्यासा, अगर हर जगह खुलेगी पनशाला : अजय श्रीवास्तव




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड की पहल पर चैनपुर के नेउरा स्थित जीनीयस किड्स स्कूल द्वारा पनशाला खोला गया। पनशाला का उद्घाटन संयुक्त रूप से प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा, अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव दिव्येन्दु गुप्ता तथा विद्यालय की निदेशिका गजाला अहसन रूबी ने राहगीरों को पानी पिलाकर तथा अल्पाहार देकर किया। मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों की तरह ब?-ब? मान्यता प्राप्त विद्यालयों को भी पनशाला खोलकर इस तपिश गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया जाना चाहिए। वहीं मौके पर उपस्थित एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि कोई न रहेगा प्यासा, अगर हर जगह खुलती है पनशाला। अध्यक्ष ने इस पहल के लिए एसोसिएशन की ओर से विद्यालय परिवार को बधाई दी। एसोसिएशन के सचिव दिव्येन्दु ने कहा कि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड ने नेउरा के जीनीयस किड्स स्कूल से इसकी शुरुआत की है और आगे भी यह परंपरा जारी रहेगी। शायर एमजे अजहर ने कहा कि गर्मी के दिनों में लोगों को सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है।

इस बात का ख्याल रखते हुए जीनीयस किड्स द्वारा पनशाला खोलना राहत की बात होगी। मौके पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के कार्यालय सचिव सह मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल, सदस्य सिकंदर आजम, रोशन कश्यप, वीरेंद्र दुबे, उमेश, चैनपुर नेउरा के सदर अब्दुल मोतलीब अंसारी, रियासत अंसारी, रिजवान अंसारी, इम्तियाज अंसारी, विद्यालय के बाबर जी, अखिलेश कुमार, सुशील कुमार, मौसम जी, सतीश कुमार, धीरज कुमार, बिट्टू कुमार आदि मौजूद थे।.

## एक शिक्षा सबो का अधिकार यात्रा हुआ प्रारम्भ




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** शिक्षा के व्यापारीकरण के विरुद्ध आज पांकी के राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ पदयात्रा प्रारंभ की गयी। यात्रा को स्थानीय नागरिकों द्वारा पूर्ण समर्थन दिया गया। लोगों ने बताया कि सभी इस शिक्षा के व्यापारी करण से त्रस्त हैं। सभी लोग अपने बच्चों को पढाने के लिए काफी मशक्कत करनी पढ रही है। इस पर सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है। इस यात्रा में समाजसेवी कमलेश कुमार सिंह, मजदूर नेता राकेश सिंह, शिव शिष्य परिवार धनंजय राय, समाजसेवी लड्डू जी, बबलू चावला, रजनीश, नागेंद्र गुप्ता, रिद्धि एवं सिद्धि सहित कई अन्य लोग उपस्थित शामिल हैं। यात्रा का विश्राम आ कुन्दरी में होगा एवं कल यात्रा पुनः प्रारंभ होगी। कल मेदनीनगर में यात्रा के समय हजारों अभिभावक उपस्थित रहेंगे। चार बजे उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर यात्रा की समाप्ति की जायेगी।.

## पृथ्वी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। गोष्ठी में उदय राम ने कहा कि पृथ्वी दिवस 1970 से प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को मनाया जाता है। पृथ्वी दिवस का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी को संरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरुक करना। हमें प्रकृतिक के साथ संतुलन में रहना है और हमें अपने पर्यावरण की देखभाल करनी चाहिए। हमें प्रकृतिक के साथ एक संतुलित और मधुर संबंध बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि हम समृद्धि और सुरक्षा के साथ जीवन जी सकें। पृथ्वी दिवस के माध्यम से लोग प्रकृतिक को समझने के साथ साथ उसकी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के आनुपातिक संसाधनों का उपयोग कम करने, प्रदूषण कम करने, पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए कई कदम उठाने हैं। आज प्लास्टिक कचरा एक बडी पर्यावरणीय चुनौती बन गया है जिसका हमारे वन्य जीवों के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य पर विनाशकारी प्रभाव पड रहा है। हमें प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए एकजुट होना होगा। पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को बचाने का संकल्प लें।

गोष्ठी मेंसंजय राम, जयपाल मोची, संजीत कुमार, जलील अंसारी, अनिल राम, प्रेम कुमार, संजय चैरसिया, उमेश कुमार पासवान, राजू राम, रामनरेश महतो, संजय तिवारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। दीपक कुमार ने धन्यवाद व्यापित किया।.....

## विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पलामू का टोली बैठक संपन्न




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल पलामू की टोली बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रांत के निर्देशानुसार हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम पूरे जिला में कम से कम 500 मंदिरों में आयोजित किया जाएगा। मेदिनीनगर नगर निगम और ग्रामीण मिलाकर 51 मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा और हनुमान जी की आरती आयोजित करने की योजना बनी है। इसके अलावा सभी प्रखंडों में कम से कम 31 मंदिरों में इस कार्यक्रम को अनिवार्य रूप से आयोजित करने की योजना है। यथा सम्भव जिला के सभी पंचायतों और गांवों के मंदिरों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाए। रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हो चुका है। अभी विश्व हिंदू परिषद का केंद्रीय कार्यक्रम राम जन्मोत्सव जो 09 अप्रैल से प्रारंभ हुआ है जिला के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में लगभग 500 स्थान पर आयोजित किए जाने का लक्ष्य है। अभी तक 350 से ज्यादा जगहों पर श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अंतिम तिथि 24 अप्रैल 2024 था, जिसे ब?ाकर 30 अप्रैल 2024 कर दिया गया है। श्री राम जन्मोत्सव के बाद कल 23 अप्रैल 2024 को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव है। इस वर्ष बजरंग दल ने शोभा यात्रा का कार्यक्रम ना कर सभी मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करने का निर्णय लिया है। जिला के सभी प्रखंडों, पंचायतों तथा गांवों के सभी मंदिरों मे श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद ने श्री महावीर मंडल, विभिन्न दुर्गा पूजा समिति तथा अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से भी श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ आयोजित करने का आह्वान किया है। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से समाज के बीच एक नई चेतना का संचार तथा हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

हनुमत कृपा से युवाओं को धर्म, समाज एवं देश हित में काम करने हेतु बल, बुद्धि और युक्ति प्राप्त होगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में विहिप विभाग सह मंत्री महेंद्र नाथ, जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी,बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, राहुल मिश्र, इत्यादि की सहभागिता रही।..

# पथरा सूर्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुई गंगा आरती



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा में अशर्फी प्रसाद सोनी द्वारा नवनिर्मित भगवान सूर्य मंदिर का छह दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत रविवार को संध्या सात बजे बनारस के पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा आरती की गई। इलाके में गंगा आरती पहली बार हुई है। गंगा आरती देखने के लिए लोगों की भीड उम? पडी। दिन में सूर्य भगवान की प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूर्णाहूति तथा भंडारा का आयोजन किया गया। अशर्फी प्रसाद सोनी ने तालाब के बीचो-बीच अपने निजी खर्च से सूर्य मंदिर का निर्माण कराया है। शनिवार को सूर्य भगवान की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण किया गया था। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सह मुखिया पति व्यास राम चैरसिया ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भव्य आकर्षक सूर्य मंदिर का निर्माण कर अशर्फी प्रसाद सोनी ने उदाहरण प्रस्तुत किया है। अशर्फी प्रसाद सोनी ने तालाब के बीचो-बीच अपने निजी खर्च से सूर्य मंदिर का निर्माण कराया है। शनिवार को सूर्य भगवान की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण किया गया था। ये रहें या ना रहे इनका नाम इलाके के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। जिला पार्षद प्रमोद सिंह ने कहा कि अशर्फी प्रसाद सोनी के सुपुत्र एवं धर्म पत्नी दुर्गावती देवी ने सूर्य मंदिर निर्माण में स्वीकृति एवं सहयोग प्रदान किया। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने कहा कि आज अशर्फी प्रसाद सोनी ने धर्म की ज्योति जलायी है,उसे हम सबों को मिलकर जलाते रहना होगा। पूर्व जिला पार्षद विकास कुमार चैरसिया उर्फ संटू चैरसिया ने कहा कि धर्म की पताका को हमेशा लहराते रहना है। उन्होंने कहा कि इलाके का यह पहला सूर्य मंदिर है। व्यास राम चैरसिया ने कहा कि यह स्थल बहुत ही रमणीक है। दो तालाबों के बीच टापूनुमा स्थान पर भव्य महावीर मंदिर, दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर और अब सूर्य मंदिर भी है। यह जगह पर्यटन स्थल बनने की पूरी अहर्ता रखता है। यहां पर प्रतिवर्ष सैक?ों शादी विवाह होता है। हजारों लोग यहां छठ पर्व करते हैं। पर्यटन स्थल बनने से तालाबों का सुंदरीकरण के साथ ही मंदिर और गांव का विकास भी होगा। उपस्थित सभी अतिथियों ने आश्वस्त किया कि सब मिलकर उपायुक्त से लेकर राज्य सरकार तक पर्यटन स्थल बनाने हेतु आवाज बुलंद करेंगे।

मौके पर पूर्व जिला पार्षद मीना गुप्ता, डालटनगंज कनक मंदिर के नरेश प्रसाद सोनी, आचार्य पंडित प्रेम कुमार मिश्रा, आशीष भारद्वाज, बृजेश शुक्ला, मंदिर निर्माता अशर्फी प्रसाद सोनी, आनंद सोनी, संतोष सोनी, श्रीकांत पाण्डेय, सरयू गुप्ता, वार्ड सदस्य सुबोध गुप्ता, प्रेम गुप्ता, सिकंदर चैधरी, काशी प्रसाद गुप्ता, आशुतोष रौशन ऊर्फ भैयाजी, राजू गुप्ता, जवाहर गुप्ता, पवन गुप्ता, धनंजय सोनी, अवधेश पांडे, विशुनदेव महतो, श्रवण गुप्ता, विशाल गुप्ता, लल्लू गुप्ता सहित काफी लोग उपस्थित थे।.

## एक-नजर

### शराबी युवक ने की अपने ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

**लातेहार (उज्ज्वल दुनिया)।** जिले के गारू थाना क्षेत्र के डबरी में एक सिरफिरे युवक रंजन उरांव ने अपने ही परिवार के तीन लोगों की कुल्हाडी से मारकर हत्या कर दी। घटना रविवार रात की है। मृतकों में आरोपित का पिता सूरज उरांव (65), भाभी अनुपमा देवी (35) तथा एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी (32) शामिल है। आरोपित रंजन उरांव ने अपने चचेरे भाई अमलेश उरांव और अपनी पत्नी हीरामणि देवी को भी कुल्हाडी से मारकर घायल कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपित रंजन उरांव रविवार की रात शराब के नशे में घर आया था। किसी बात को लेकर अपने पिता से विवाद हो गया तो सबसे पहले उसने कुल्हाडी से अपने पिता की हत्या कर दी। इसके बाद रंजन ने अपने चचेरी भाभी अनुपमा देवी और एक अन्य रिश्तेदार मंसूरिया देवी को भी कुल्हाडी से काट डाला। आरोपित ने अनुपमा देवी का तो सर ही धड से अलग कर दिया, जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं आरोपित ने अपना चचेरे भाई और पत्नी पर भी जानलेवा हमला किया। लेकिन दोनों किसी प्रकार बच गए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद रात में ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। सोमवार को पुलिस ने तीनों मृतकों के शव को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा जा रहा है। डबरी गांव काफी सुदूरवर्ती गांव है। यहां मोबाइल का नेटवर्क भी काम नहीं करता है। इस कारण घटना की जानकारी रात में लोगों को नहीं हो सकी थी। सोमवार को जब घटना की जानकारी लोगों को हुई तो पूरे गांव में कोहराम मच गया।.

### चतरा के भजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने गांवों का दौरा किया



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह आगामी 26 अप्रैल को नामांकन करेंगे। इसको लेकर उन्होंने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत उन्होंने घुटुवा, एकता, शिवरी, बौलिया, सोहडी, चपराना समेत कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का परिणाम है कि पूरे देश में विकास की गंगा बह रही है। देश प्रगति की ओर है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, विश्वनाथ यादव, गंगेश्वर यादव, विकास कुमार सिंह, अर्जुन कुमार, सुमित कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### झारखण्ड में मजबूर नही मजबूत सरकार चाहिएः सतीश कुमार

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि इन्डिया गठबन्धन का झारखण्ड में चम्पई सोरेन के नेतृत्व में मजबूरन सरकार चल रही है। राज्य में मजबूर नहीं मजबूत सरकार चाहिए। यह सरकार जनहित में किसी तरह का निर्णय नहीं ले सकती है। उन्होंने कहा है कि इन्डिया गठबन्धन लोकसभा चुनाव में मुद्दाविहीन हो गया है। केवल झूठ, लूट, भ्रष्टाचार व अपराध इसका असली एजेन्डा है। झारखंड राज्य के निर्माण में अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले आन्दोलनकारियो को अपने राज्य में प्रताति होना पड रहा है। 23 वर्ष के युवा झारखण्ड में आन्दोलनकारियो को अपनी पहचान ढूंढना पड रहा है। आन्दोलनकारी चिन्हिकरण आयोग अब तक आन्दोलनकारियों को चिन्हित नहीं कर पायी है। झारखंड आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन की सरकार आन्दोलनकारियों के मान-सम्मान और पेंशन की व्यवस्था नहीं कर पा रही है। आन्दोलनकारी को जेल जाने की बाध्यता अब तक समाप्त नहीं की गयी है। लगातार झारखण्ड आन्दोलनकारियों की मौत हो रही है। कई आन्दोलनकारी गंभीर बिमारी से त्रस्त हैं। सरकार सुधी लेना तो दूर मौत पर दो शब्द बोल कर श्रध्दांजलि तक नहीं दे रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आन्दोलनकारियो की बैठक की थी। मगर वह भी ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हुआ। आंदोलनकारी के राहत व सहायतार्थ कोई भी घोषणा नहीं की गयी। आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने लगातार आन्दोलनकारियो के सवाल को सदन से लेकर सडक तक उठाते रहे हैं। अब समय आ गया है कि आन्दोलनकारी संगठित होकर लोकसभा व विधान सभा चुनाव में, जिन दलों का आन्दोलनकारियो की समस्याओं से सरोकार नहीं है, उन्हें सबक सिखाने का संकल्प लें।.

### जंगल से शव बरामद

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** नौडीहा बाजार थाना के रिसियपा जंगल में शव बरामद किया गया। जिसकी पहचान 40 वर्षीय रामजी भुइया पिता धनेश्वर भुइयां पिछुलिया निवासी के रुप में किया गया। थाना प्रभारी अमित द्विवेदी ने बताया कि प्रथम दृश्य हत्या प्रतीत होता है। शव बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु पीएमसीएच अस्पताल मेदिनीनगर भेज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसडीपीओ सतेन्द्र नारायण सिंह भवनाथपुर में



**भवनाथपुर-** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सिंदुरिया गांव में रविवार की रात छापेमारी कर दो देशी कट्टा व पांच जिंदा कारतूस के साथ आलोक साह को गिरफ्तार किया है। सोमवार को थाना परिसर में श्री वंशीधर नगर एसडीपीओ सतेन्द्र नारायण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण, भयमुक्त एवं निष्पक्ष वातावरण में चुनाव कराने के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक गढ़वा के दिशा निर्देश के आलोक में गुप्त सूचना के आधार पर भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के नेतृत्व में सिंदुरिया गांव में छापेमारी किया गया, जहां से आलोक साह के पास से दो देशी कट्टा व पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसे गिरफ्तारी के पश्चात प्राथमिक दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार वीर, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई परवेज आलम, उपस्थित थे।

संपादकीय

# पर्यावरण के बदलते मिजाज से हमें सीखना होगा

पर्यावरण में हो रहे बदलाव के साथ-साथ, वैश्विक तापमान में लगातार बढ़ोतरी और मौसम की बिगड़ता ने हमें गंभीर चिंता में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के सामने हम विगत वर्षों से चर्चा करते रहे हैं, लेकिन अब तक इस समस्या का समाधान करने के लिए ठोस कदम उठाए नहीं गए हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज पर चचाएं तो होती हैं, लेकिन उनका समाधान अभी तक संभव नहीं हो पाया है।गत कुछ वर्षों में हमने भयानक आंधियों, तूफानों, और ओलावृष्टि के रूप में कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है। इन संकेतों से हमें यह समझना चाहिए कि हम अपनी प्राकृतिक संसाधनों को कैसे दुरुस्त करने के लिए नियोजित करते हैं। धरती के तापमान में वृद्धि के कारण मौसम का मिजाज कई तरह के परिणाम ले रहा है, जैसे सूखा, बारिश की भरमार, और तूफान। ये सभी परिणाम हमारे अनावश्यक उपभोग और विकास की भारी कीमत हैं।ग्लोबल वार्मिंग और जनसंख्या वृद्धि भी इस समस्या के मुख्य कारणों में शामिल हैं। हमें यह समझना होगा कि हमारे क्रियाकलापों के नतीजे कितने भयानक हो सकते हैं। हमें प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग सावधानी से करना होगा, ताकि हमारे भविष्य की सुरक्षा हो सके। इस समस्या का समाधान केवल सरकारी नीतियों और उपायों से ही नहीं हो सकता। हर व्यक्ति को इसमें अपना योगदान देना होगा। हमें अपने उपभोगों को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने के लिए सक्रिय रूप से काम करना होगा। हमें पेड़-पौधों को बचाने और जल संरक्षण के लिए कठोर नियमों को प्राथमिकता देनी चाहिए। अगर हम सभी मिलकर काम करें, तो हम इस मुश्किल समस्या का समाधान निकाल सकते हैं। यह हमारी भूमिका है कि हम अपनी पृथ्वी को स्वस्थ और सुरक्षित रखें, ताकि हमारे आने वाले पीढ़ियां भी स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें।

**धरती के तापमान में वृद्धि के कारण मौसम का मिजाज कई तरह के परिणाम ले रहा है, जैसे सूखा, बारिश की भरमार, और तूफान**

# लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। 102 सीटों पर हुए मतदान के बाद जो स्थिति सामने आई है। उसके बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव को धार्मिक ध्रुवीकरण की ओर ले जाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले मुस्लिम लीग के साथ जोड़ दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुसलमानों का कोई उल्लेख ही नहीं था। कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के जालौर में जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया, कांग्रेस यदि सत्ता में वापस आएगी, तो वह लोगों की संपत्ति को ज्यादा बच्चे वाले लोगों के बीच मुसलमानों में बांट देगी। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि वह माता और बहनों के सोने का सर्वे करेगी। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में यह भी सवाल किया, आपकी मेहनत की कमाई को क्या घुसपैठियों और नक्सली मानसिकता वाले लोगों के बीच में बांटना चाहिए। कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र को भी नहीं छोड़ेंगे। ऐसा कहकर उन्होंने महिलाओं के साथ-साथ हिंदुओं के बीच में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन चुका है मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी हो चुकी है। भाजपा को लगता था, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हिंदुओं का सैलाब भाजपा के साथ जुडेगा। उत्तर से दक्षिण तक पश्चिम से पूर्व तक हिंदुत्व की लहर चलना शुरू हो जाएगी। चारों शंकराचार्य के अयोध्या नहीं पहुंचने तथा मंदिर के शिखर का काम पूरा नहीं होने के बाद भी मंदिर में की गई प्राण प्रतिष्ठा शंकराचार्य ने को अपशगुन बताया था। उसके बाद से ही हिंदुत्व की हवा और मंदिर का जो लाभ भाजपा को मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के जिस बयान को आधार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुसलमानों से जोड़कर जो कहा है, ऐसा मनमोहन सिंह ने कभी नहीं कहा था। इसे कई बार मीडिया दिखा भी चुका है। योजना आयोग की बैठक में उन्होंने यह कहा था कि अल्पसंख्यक वर्गों की भी इसमें हिस्सेदारी होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया था। एससी, एसटी तथा अल्पसंख्यक समुदाय को भी आर्थिक लाभ मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की घोषणा पत्र की गलत व्याख्या की है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के बयान को तोड़मोड़ करके प्रस्तुत कर धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा इस बात को भूल रहे हैं कि 2024 का चुनाव 2014 और 2019 के चुनाव से अलग है। उस समय लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा कर रहे थे। 2014 के चुनाव में उन्होंने 60 महीने का समय मांगा था। अच्छे दिनों का वायदा किया था। महंगाई कम करने का वादा किया था। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम घटाने की बात कही थी। 2 करोड लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। काला धन देश में वापस लाकर 15 लाख रुपए गरीबों के खाते में भेजने की बात कही थी। तब कांग्रेस के प्रति लोगों में अविश्वास था। नरेंद्र मोदी के ऊपर जनता विश्वास कर रही थी। 2019 के चुनाव में प्रधानमंत्री ने एक बार का कार्यकाल और मांगा। नोटबंदी के बाद काला धन वापस लाने का भरोसा दिलाया। लोगों को काले धन से उन्हें आर्थिक मदद करने का भरोसा दिलाया। राम मंदिर बनाने का भरोसा पैदा किया। धारा 370 जैसे मामले में धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करके 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव भाजपा ने जीत लिया। पिछले 10 वर्षों में जो वायदे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए थे। उनमें से कोई भी वायदा पूरा नहीं हुआ।




युवाओं को नौकरी नहीं मिली, केंद्र एवं राज्य सरकारों ने अपने रिक्त पदों को नहीं भरा। सरकार ने ऐसी कोई नीतियां नहीं बनाई, जिससे युवाओं को रोजगार मिले। 2022 तक सबको पक्के मकान देने का वादा किया गया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ। कुछ ही लोगों को पक्के मकान मिले हैं। उन्हें भी रिश्वत देनी पड़ी है रही सही कसर हाल ही में चुनावी बांड का जो डाटा सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बाहर आया है उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईमानदार और भारतीय जनता पार्टी की भ्रष्टाचार मुक्त छवि को आम जनता के सामने उजागर कर दिया है। पिछले 10 वर्षों में देश में भ्रष्टाचार बढ़ा है, महंगाई बढी है। लोगों पर टैक्स और शुल्क बढ़ाए गए हैं। जिसके कारण गरीब हो या मध्यम वर्गीय परिवार सभी का जीना मुश्किल हो गया है। मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति कम हुई है। उसके ऊपर कर्ज बढ़ गया है।

जिसके कारण भाजपा के चुनाव प्रचार, गोदी मीडिया के प्रचार का असर आम जनता पर नहीं पड़ रहा है। पहली बार नरेंद्र मोदी, भाजपा और गोदी मीडिया को विश्वसनीयता के संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन सीधे मुकाबले में आकर खड़ी हो गई है। किसानों के आंदोलन और युवा बेरोजगारों के आंदोलन को जिस तरीके से डबल इंजन की सरकारों ने लाठी डंडे और अश्रु गैस से दबाया है। उसका असर इस चुनाव में देखने को मिल रहा है। इंडिया गठबंधन और कांग्रेस इस समय पूरी आक्रामकता के साथ गोदी मीडिया और सोशल मीडिया में जवाब दे रही है। गोदी मीडिया से अब भाजपा को फायदा कम नुकसान ज्यादा होने लगा है। इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी और झूठ और सच को लेकर गोदी मीडिया के सामने अपना पक्ष रखने लगे हैं।

उसके कारण भी भाजपा को वह लाभ गोदी मीडिया से नहीं मिल पा रहा है, जो कुछ माह पहले तक मिल रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के स्टार प्रचारक जो भी प्रचार कर रहे हैं। उसका असर आम जनता में होता हुआ नहीं दिख रहा है। धार्मिक ध्रुवीकरण में हिंदू-मुस्लिम का मुद्दा भी इस चुनाव में नहीं उठ रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में अब राजनीतिक विश्लेषक यह कहने लगे हैं। जिस तरह का चुनाव 1977 में आपातकाल के बाद हुआ था। लगभग वैसी स्थिति 2024 के चुनाव में देखने को मिल रही है।

# क्या पर्यावरण और प्रदूषण कभी चुनावी मुद्दा बनेगा?



नीरज कृष्णा




**धीरे-धीरे बुद्धि, स्मृति और भाषा के विकास के साथ और अपने कार्यों के परिणामों से चमत्कृत होते मनुष्य की दृष्टि में बदलाव शुरू हुआ**

माता भूमि पुत्रोह पृथिव्या अथर्ववेद की यह सुक्ति हमें धरती का महत्व समझाने के लिए काफी है, जिसका अर्थ है- पृथ्वी मेरी माता है और मैं उसका पुत्र। लेकिन सवाल ये है कि इसकी प्रासंगकिता क्या है। हमारी अनमोल सांस्कृतिक विरासत को जैसे हम भूलते जा रहे हैं, ठीक वैसे ही उनके निहीत शिक्षाओं को भी हम नजर अंदाज करते जा रहे हैं। क्योंकि यही कारण है कि जिसे हमें ग्रंथों में मां का दर्जा दिया गया, उसे हमें कैसे अपनी स्वार्थहीनता के चलते आग का गोला बना दिया है।

जाने कब से यह धरती मनुष्य समेत सभी प्राणियों, जीव-जंतुओं और वनस्पतियों आदि के लिए आधार बन कर जीवन और भरण-पोषण का भार वहन करती चली आ रही है। कभी मनुष्य भी (आज की तरह का) कोई विशिष्ट प्राणी न मान कर अपने को प्रकृति का अंग समझता था।

धीरे-धीरे बुद्धि, स्मृति और भाषा के विकास के साथ और अपने कार्यों के परिणामों से चमत्कृत होते मनुष्य की दृष्टि में बदलाव शुरू हुआ। प्रकृति की शक्ति के भेद खुलने के साथ मनुष्य स्वयं को शक्तिवान मानने लगा। धीरें-धीरे प्रकृति केप्रच्छन्न संसाधनों के प्रकट होने के साथ दृश्य बदलने लगा और मनुष्य बेहद उत्साहित हुआ और उनको स्रोत मान कर उनका दोहन करना शुरू किया।

औद्येगीकरण, आधुनिकीकरण और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के विकास के साथ मनुष्य और प्रकृति के रिश्तों में उलटफेर शुरू हुआ। प्रकृति को नियंत्रित करना और अपने निहित उद्देश्यों की पूर्ति में लगाना स्वाभाविक माना जाने लगा। बुद्धि-वैभव बढ़ने के साथ अपनी उपलब्धि पर आत्ममुग्ध इतराता-इठलाता मनुष्य अपने को स्वामी और प्रकृति को अपनी चेरी का दर्जा देना शुरू किया।मनुष्य ने अंधाधुंध प्राकृतिक संसाधनों को हथियाने की मुहिम छेड़ दी जो क्रमशः तीव्र होती गई है, यहाँ तक कि उसने हिंसात्मक रूप ले लिया है।

हमारी बेलगाम इच्छाओं को बिना कोई सवाल किए पूरा करती जा रही धरती मां को हमने ग्लोबल वार्मिंग के जरिए आग का गोला बना दिया है, अब जरूरी है कि इसे हरियाली रूपी संरक्षण प्रदान करें। 1880 के बाद से औसत वैश्विक तापमान में लगभग एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। ग्लोबल वार्मिंग एक सतत प्रक्रिया है, वैज्ञानिकों को आशंका है कि 2035 तक औसत वैश्विक तापमान अतिरिक्त 0.3 से 0.7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में जब पूरा विश्व समुदाय इसके परिणामों को लेकर चिंतित है तो हमारी भी जिम्मेदारी कहीं अधिक बढ़ जाती है कि हम इसके प्रति सकारात्मक प्रयास करें और युवाओं को जागरूक कर पृथ्वी के संरक्षण के महत्व को समझाए।

22 अप्रैल को दुनिया भर में पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व पृथ्वी दिवस 2024 जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई जैसी समस्याओं पर विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष की थीम ह्लग्रह बनाम प्लास्टिकह्व है।

आश्चर्य होता है कि ऐसे गंभीर मुद्दे, जो जिस हवा में हम सांस लेते हैं, जिस पानी को हम पीते हैं और जिस ग्रह पर हम रहते हैं, उसे प्रभावित करते हैं, हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा उनके सार्वजनिक संबोधनों और बैठकों में बहुत कम ध्यान दिया जाता है।

जैसे-जैसे चुनावी युद्ध का मैदान गर्म होता जा रहा है और लोकसभा चुनाव अभियान में राजनीतिक चर्चा चरम पर है, हमारे समय के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक - पर्यावरण और प्रदूषण - पर चर्चा का स्पष्ट अभाव है। जबकि भाषण आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक कल्याण के वादों से गूंजते हैं, पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर गहरी चुप्पी स्पष्ट रूप से स्पष्ट है।पर्यावरणीय गिरावट और प्रदूषण से निपटने के लिए व्यापक नीतियों की तत्काल आवश्यकता के बावजूद, ऐसा लगता है कि उन्हें राजनीतिक चर्चा में हाशिए पर धकेल दिया गया है।

पर्यावरण कोई पक्षपातपूर्ण मुद्दा नहीं है; यह एक ऐसा मामला है जो राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना हर नागरिक से संबंधित है। फिर भी, राजनीतिक घोषणापत्रों में इस मोर्चे पर सार्थक बातचीत का अभाव हमारे निर्वाचित प्रतिनिधियों की प्राथमिकताओं के बारे में गंभीर चिंता पैदा करता है। जलवायु परिवर्तन, वायु और जल प्रदूषण, वनों की कटाई, जैव विविधता की हानि - ये दूर की, अमूर्त समस्याएं नहीं हैं बल्कि गंभीर वास्तविकताएं हैं जो तत्काल ध्यान और कार्रवाई की मांग करती हैं।

किसी को आश्चर्य हो सकता है कि इतने महत्वपूर्ण मुद्दे को राजनीतिक क्षेत्र में क्यों दरकिनार कर दिया गया है। एक कारण यह धारणा हो सकती है कि पर्यावरण नीतियां वोट नहीं जीत सकती हैं या वे अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा या राष्ट्रीय सुरक्षा जैसी अधिक तात्कालिक चिंताओं से प्रभावित हैं। हालाँकि, ऐसा दृष्टिकोण अदूरदर्शी है। आज पर्यावरणीय मुद्दों को नजरअंदाज करने से कल गंभीर चुनौतियाँ सुनिश्चित होंगी, जो न केवल प्राकृतिक दुनिया को बल्कि हमारे स्वास्थ्य, आजीविका और अर्थव्यवस्थाओं को भी प्रभावित करेंगी।

इसके अलावा, पर्यावरणीय मुद्दों की गंभीरता और तात्कालिकता के बारे में राजनेताओं और नीति निमार्ताओं के बीच जागरूकता या समझ की कमी हो सकती है। पर्याप्त शिक्षा और जागरूकता के बिना, मानव कल्याण और ग्रह के स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय गिरावट और प्रदूषण के प्रभाव को नजरअंदाज करना या कम आंकना आसान है।

पर्यावरणीय चिंताओं पर चुप्पी में योगदान देने वाला एक अन्य कारक यह धारणा है कि यह एक विशिष्ट मुद्दा है जो जनता के बीच नहीं जुड़ता है। कई राजनेता यह मान सकते हैं कि पर्यावरण नीतियों पर चर्चा करने से अधिक ठोस, तात्कालिक चिंताओं के समान सार्वजनिक हित और समर्थन प्राप्त नहीं होगा। हालाँकि, यह धारणा जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण पर कार्रवाई की मांग करने वाले बढ़ते वैश्विक आंदोलन को नजरअंदाज करती है, खासकर युवा पीढ़ी के बीच जो पर्यावरणीय गिरावट का खामियाजा भुगतेगी।

जलवायु परिवर्तन की कोई राजनीतिक सीमा नहीं होती; यह अमीर और गरीब, शहरी और ग्रामीण समुदायों को समान रूप से प्रभावित करता है। राजनीतिक विमर्श में पर्यावरण संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज करना केवल अदूरदर्शिता नहीं है; यह भावी पीढ़ियों के लिए अन्याय है जिन्हें हमारी निष्क्रियता का परिणाम विरासत में मिलेगा।

पर्यावरणीय गिरावट का सीधा असर सार्वजनिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। प्रदूषण, चाहे वह वायु, जल या मिट्टी का प्रदूषण हो, मानव स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम डालता है, जिससे श्वसन संबंधी बीमारियाँ, कैंसर और कई अन्य बीमारियाँ होती हैं। इस मुद्दे को नजरअंदाज करने का मतलब उन लाखों नागरिकों की पीड़ा से आंखें मूंद लेना है।पर्यावरणीय गिरावट सामाजिक असमानताओं को बढ़ाती है। हाशिए पर रहने वाले समुदाय, जो अक्सर पहले से ही आर्थिक कठिनाइयों के बोझ से दबे होते हैं, पर्यावरण प्रदूषण का खामियाजा भुगतते हैं। वे दूषित जल स्रोतों, आस-पास के उद्योगों से वायु प्रदूषण और हरित स्थानों तक पहुंच की कमी से असमान रूप से प्रभावित हैं।

हालाँकि, चुनावी घोषणापत्रों में पर्यावरणीय विचारों की अनुपस्थिति राजनीतिक दलों को इन मुद्दों को संबोधित करने की उनकी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करती है। इसके विपरीत, यह पर्यावरण की सुरक्षा और प्रदूषण से निपटने के लिए राजनेताओं को जवाबदेह ठहराने के लिए व्यापक सार्वजनिक भागीदारी और दबाव की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

इसके अलावा, यह पहचानना आवश्यक है कि पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई और सभी दलों के बीच सहयोग की आवश्यकता है। पर्यावरणीय क्षरण की कोई राजनीतिक सीमा नहीं होती, और प्रभावी समाधानों के लिए द्विदलीय सहयोग और आम सहमति निर्माण की आवश्यकता होती है। राजनीतिक नेताओं को दलगत विभाजन से ऊपर उठना चाहिए और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की रक्षा करने वाली नीतियां बनाने और लागू करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

सार्वजनिक चुनावी सभाओं में पर्यावरण और प्रदूषण पर चर्चा की स्पष्ट अनुपस्थिति हमारे राजनीतिक परिदृश्य में व्याप्त गलत प्राथमिकताओं और राजनीतिक गणनाओं का एक निराशाजनक प्रतिबिंब है। हमारे ग्रह और भावी पीढ़ियों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए, हमें चुप्पी तोड़नी चाहिए, कार्रवाई की मांग करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पर्यावरणीय प्रबंधन राजनीतिक चर्चा और नीति निर्माण का एक अभिन्न अंग बन जाए।

यह जरूरी है कि पर्यावरणीय स्थिरता चुनाव अभियानों और शासन दोनों में राजनीतिक एजेंडे का केंद्रीय स्तंभ बने। इसके लिए हमें पर्यावरणीय मुद्दों को समझने और प्राथमिकता देने के तरीके में एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है - गौण चिंताओं के रूप में नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक कल्याण और अस्तित्व के अभिन्न अंग के रूप में।

नागरिकों को यह मांग करनी चाहिए कि राजनीतिक विमर्श और नीति निर्धारण में पर्यावरण संबंधी चिंताओं पर उतना ध्यान दिया जाए जिसके वे हकदार हैं। उन्हें पार्टी के घोषणापत्रों की जांच करनी चाहिए और चुनाव अभियानों के दौरान उम्मीदवारों से पर्यावरण के मुद्दों पर उनके रुख के बारे में सवाल करना चाहिए।

यह जरूरी है कि हम, नागरिक के रूप में, अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों से जवाबदेही की मांग करें और पर्यावरण को राजनीतिक एजेंडे में सबसे आगे रखने पर जोर दें। हमें राजनेताओं को पर्यावरणीय गिरावट और प्रदूषण की वास्तविकता का सामना करने, प्रदूषकों को जवाबदेह ठहराने और स्थिरता, संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाली नीतियों का समर्थन करने के लिए चुनौती देनी चाहिए।

नागरिकों के रूप में, हमारी यह मांग करने की ज़िम्मेदारी है कि हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि हमारे ग्रह के सामने आने वाली तत्काल पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करें। पर्यावरणीय स्थिरता को राजनीतिक विमर्श का एक गैर-परक्राम्य घटक बनाकर, हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ, अधिक लचीले भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। आइए पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर चुप्पी बरकरार न रहने दें - हमारे ग्रह का भाग्य अधर में लटका हुआ है।अपने सामूहिक प्रयासों से ही हम सभी इस अद्भुत ग्रह, जिसे हम पृथ्वी कहते हैं, के लिए सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

# संकटमोचन हनुमान के हृदय में बसते है राम!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

भगवान राम के परमभक्त हनुमान को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान की पूजा करने से हर प्रकार के संकट और बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं,ऐसी मान्यता है। अपने भक्तों को हनुमान हर भय, पीड़ा से मुक्त रखते हैं। हनुमान की स्तुति यूं तो हरदिन की जाती है,लेकिन हनुमान जयंती पर इसका विशेष महत्व है। इसी दिन हनुमान का जन्म हुआ था। इस दिन हनुमानजी के नाम का व्रत करके बूंदी, हलवा, लड्डू जैसी मीठी चीजों का भोग लगाने से हनुमान की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है।चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3:25 बजे से हनुमान जयंती शुरू होगी, और 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5:18 बजे पर समाप्त होगी। इस कारण से हनुमान जयंती 23 अप्रैल को मनाई जा रही है। सुबह 3:25 बजे से लेकर 5:18 बजे के बीच हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं। इस दिन चित्रा नक्षत्र भी पड़ रहा है, चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल है। मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित होता है। हनुमान जयंती पर एक और संयोग बन रहा है कि इस दिन मंगल मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। पौराणिक कहानियों के अनुसार हनुमान जी को अमरत्व का वरदान प्राप्त है। हनुमान बाबा पर आस्था और श्रद्धा रखने वाले भक्त मानते हैं कि हनुमान जी कलियुग में भी जीवित हैं और अपने भक्तों के सभी संकटों और कष्टों को दूर कर रहे हैं। जो लोग आकस्मिक संकट, रोग पीड़ा, मृत्यु भय जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें हनुमान जी की पूजा जरूर करनी चाहिए। भगवान राम के भक्त हनुमान जी की रामभक्ति अनुकरणीय रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के दशवे अध्याय में कहा है कि रूद्रो में शंकर मैं ही हूं। अर्थात मैं ही हनुमान भी हूं जो सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते है।



कहते है, हनुमान ने सुरसा की बात मान ली थी और उसका भोजन बनना स्वीकार कर लिया था, सुरसा ने ज्यों ही मुंह खोला, पवन पुत्र ने अपना आकार विशाल कर लिया। यह देख सुरसा ने भी अपना आकार बड़ा कर लिया। जब हनुमान ने देखा कि सुरसा ने अपनी सीमा लांघ कर मुंह का आकार और भी बड़ा कर लिया तो वे तत्काल अपने विशाल रूप को समेटते हुये उसके मुंह के अंदर गये और बाहर वापस आ गये। हनुमान के बुद्धि कौशल से प्रसन्न होकर सुरसा ने उन्हें आर्शीर्वाद देते हुये कहा पुत्र, तुम अपने कार्य में सफल हो। हनुमान ने अपने शरीर को पहले विशालकाय और फिर एक छोटे रूप से महिमा तथा लधिमा सिद्वि के बल पर किया था।

हनुमान रूद्र के ग्यारहवें अवतार माने जाते है। संकटमोचक हनुमान अष्ट सिद्वि और नव निधि के दाता भी है। हनुमान अणिमा, लधिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्रकाम्य, महिमा, इशित्व और वशित्व इन सभी आठ प्रकार की सिद्वियों के स्वामी है।आध्यात्मिक चिंतक डॉ मुरलीधर की माने तो, राम जब लक्ष्मण के साथ सीता जी को वन-वन खोज रहे थे तब वहां ब्राह्मण वेश में हनुमानजी अपनी सरलता, वाणी और ज्ञान से रामजी को प्रभावित कर लेते है।

वह वंशीकरण वशित्व सिद्वि है। माता सीता को खोजने के क्रम में जब पवन पुत्र सागर को पार करने के लिए विराट रूप धारण करते है तो उनका यह कार्य महिमा सिद्वि का रूप धारण कर लेता है। इसी प्रकार जब हनुमान सागर पार कर लंका में प्रवेश करने के लिए आगे बढ़े तो अति सूक्ष्म रूप धर कर अणिमा सिद्वि को साकार किया। माता सीता को खोजते खोजते जब बजरंग बली अशोक वाटिका में पहुंचे तो उनके लघु रूप बनने में लधिमा सिद्वि काम आयी।

इसी प्रकार पवन सुत की गरिमा सिद्वि के दर्शन करने के लिए महाभारत काल में जाना होगा, जब हनुमान महाबली भीम के बल के अंधकार को तोड़ने के लिए बूढ़े बानर का रूप धारण उनके मार्ग में लेट गये थे और भीम उनकी पूंछ को हिला भी नही पायें।

इसी प्रकार बाल हनुमान के मन में उगते हुये सूर्य को पाने की अभिलाषा जागी तो उन्होंने उसे पकड़ कर मुंह में रख लिया तो अभिलाषा सिद्वि के दर्शन हुये। प्राकाम्य सिद्वि को समझने के लिए पवन पुत्र की राम के प्रति भक्ति को समझना होगा।

रामभक्त हनुमान ने राम की भक्ति के अलावा और कुछ नही चाहा और वह उन्हें मिल गयी। इसलिए कहा जाता है कि हनुमान की कृपा पाए बिना राम की कृपा नही मिलती। पवन पुत्र की राम के प्रति अनन्य भक्ति का ही परिणाम था कि उन्हें प्रभुत्व और अधिकार की प्राप्ति स्वतः ही हो गयी इसे ही इंशित्व सिद्वि कहते है। इसी प्रकार नव रत्नों को ही नौ निधि कहा जाता है। ये है-पद्य महापद्य, शंख, मकर, कच्छप, मुकुंद, कुंद, नील और खर्ब। सांसारिक जगत के लिए ये निधियां भले ही बहुत महत्व रखती हों, लेकिन भक्त हनुमान के लिए तो केवल राम नाम की मणि ही सबसे ज्यादा मूल्यवान है। रावध वध के पश्चात एक दिन श्रीराम सीताजी के साथ दरबार में बैठे थे। उन्होंने सभी को कुछ न कुछ उपहार दिय। श्रीराम ने हनुमान को भी उपहारस्वरूप मूल्यवान मोतियों की माला भेंट की। पवन पुत्र उस माला से मोती निकाल निकालकर दांतों से तोड़ तोड़कर देखने लगे। हनुमान के इस कार्य को देखकर भगवान राम ने हनुमान से पूछा, हे पवन पुत्र आप इन मोतियों में क्या ढूंढ रहे हो? पवन पुत्र ने कहा, प्रभु में आपको और माता को इन मोतियों में ढूंढ रहा हूं। लेकिन इसमें आप कही नही दिखाई दे रहे है और जिस वस्तु में आप नही, वह मेरे लिए व्यर्थ है। यह देख एक दरबारी ने उसने कहा पवन पुत्र क्या आपको लगता है कि आपके शरीर में भी भगवान है? अगर ऐसा है तो हमें दिखाइए। नही तो आपका यह शरीर भी व्यर्थ है। यह सुनकर हनुमान ने भरी सभा में अपना सीना चीरकर दिखा दिया। पूरी सभा यह देखकर हैरान थी कि भगवान राम माता जानकी के साथ हनुमान के हृदय में विराजमान है।तभी तो हनुमानजी को राम का परमभक्त होने का सम्मान मिला और वे चिरंजीवी कहलाये।

**(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)**

# एक नजर

## भीम सेना भी उतारेगी धनबाद लोकसभा से प्रत्याशी

- समाजसेवी डॉक्टर परवेज नैय्यर होगें पार्टी के उम्मीदवार



बोकारो : धनबाद लोकसभा का प्रत्याशी बनाए जाने पर समाजसेवी डॉक्टर परवेज नैय्यर ने पत्रकार से बात करते हुए सर्वप्रथम धनबाद लोकसभा क्षेत्र में विश्वास जताने के लिए आजाद समाज पार्टी (का) उर्फ भीम सेना के शीर्ष नेतृत्व चंद्रशेखर आजाद ह्लरावणह्व के साथ प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान समय में जाति,धर्म और नफरत की राजनीति को खत्म करने और शिक्षा, चिकित्सा व रोजगार के साथ स्वच्छ नीति निर्माण के लिए चुनाव में उतरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के दबे कुचले गरीब शोषित वर्ग के लोगों की आवाज को केंद्र में बुलंद करने का काम करेंगे। इधर डॉक्टर नायर को धनबाद लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है। परिजनों और शुभचिंतको को इसकी खबर मिली है, बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है.

## एग्यारकुंड प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने एस एच एम एस इंटर महाविद्यालय में स्थापित तीन बूथों का निरीक्षण किया



एग्यारकुंड*। एग्यारकुंड प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी मधु कुमारी ने एस एच एम एस इंटर महाविद्यालय में स्थापित तीन बूथों का निरीक्षण सोमवार को किया। उन्होंने वोटर्स तथा मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए कमरों,पानी, बिजली ,पंखा ,शौचालय तथा रैंप तथा सफाई आदि की व्यवस्था का जायजा लिया।महाविद्यालय में मौजूद प्रो दीपक सिंह ने उन्हें चुनाव से संबंधित सारी व्यवस्थाओं से अवगत कराया। बीडीओ के साथ प्रखंड कर्मी रेणु मौजूद थी।

## चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा आमसभा कर किया गया मतदाता को जागरूक




एग्यारकुंड। लोकसभा चुनाव को लेकर चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर विभिन्न वार्डों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इसी अभियान के तहत सोमवार को वार्ड संख्या 16 में आमसभा का आयोजन किया गया । आमसभा के माध्यम से विभाग के कनिय अभियंता उत्तम कुमार ने उपस्थित महिला-पुरूष व युवा मतदाता को बतलाया कि वोट देना क्यों जरूरी है । उन्होंने लोगों से निर्भीक व निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाया गया । मौके पर सीआरपी राधा देवी,सीमा देवी, सुपरवाइजर अमर दास,चिनमय बनर्जी , अनिल साव,ओंकारनाथ श्रीवास्तव,भुवन राखा,राजेश बाउरी आदि थे ।

## मंतोष सोरेन एस टी मोर्चा से भाजपा को वोट देने की अपील की



जैनामोड़ : भाजपा एस टी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य बोकारो जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष मंतोष सोरेन को धनबाद लोकसभा क्षेत्र के एस टी मोर्चा प्रभारी बनाया गया है । इनके प्रभारी बनाए जाने के बाद एस टी मोर्चा के कार्यकताओं में उत्साह भर गया है । प्रभारी श्री मंतोष ने विस्थापित उतरी क्षेत्र बोकारो के बसतीजी , मानगो , कुंडौरी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों का सघन दौरा करते हुए भाजपा एस टी मोर्चा के कार्यकताओं को अपने अपने क्षेत्र में जमीनी स्तर पर मतदान कराने की अपील की । धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुललू महतो का संघन चुनावी दौरा 24 अप्रैल को विस्थापित उतरी क्षेत्र बोकारो में आयोजित किया जाएगा । श्री सोरेन के कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से खुदानवाज अंसारी , रीतवरण सोरेन , गजेन्द्र बेसरा ,ज्योति लाल मांझी , महादेव रविदास , चंदर हेम्ब्रम आदि शामिल थे.

## उत्पाद विभाग में छापामारी अभियान चला कर भारी मात्रा में विदेशी शराब जप्त की

बोकारो : आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त बोकारो द्वारा अवैध शराब के चौर्य व्यापार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाने का निर्देश दिया है।उक्त निर्देश के आलोक में सहायक आयुक्त उत्पाद को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक उत्पाद सदर के पर्यवेक्षण में एक छापामारी दल का गठन किया गया। उक्त दल के द्वारा ग्राम -चिद्री थाना- चतरोचट्टी में छापामारी की गई।विधिवत तलाशी के क्रम में घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब ,खाली बोतल ,लेबल एवम् ढक्कन बरामद हुआ। अभियुक्त जागो साव ,छोटन साव, राजेंद्र साव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी के दौरान विदेशी शराब-298 लीटर, खाली बोतल -1500 पीस, ढक्कन- 1100पीस, लेबल -500 पीस आदि जप्त किया गया है छापामारी दल में संजीत देव, निरीक्षक उत्पाद सदर, कृष्णा प्रजापत्ति, अवर निरीक्षक उत्पाद सदर, दीपिका कुमारी ,अवर निरीक्षक उत्पाद, तेनुघाट, सहित प्रतिनियुक्त गृहरक्षक शामिल थें.

## पौराणिक हनुमान मंदिर के प्रागंण में बैठक का आयोजन किया गया

मधुबन(गिरिडीह)पौराणिक हनुमान मंदिर के प्रागंण मे सोमवार को ग्रामीणों का एक बैठक का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण लाल ने किया।वही बैठक का संचालन समिति का सचिव नंदकिशोर सिंह ने किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष श्री लाल ने बताया की मंगलवार 23 अप्रैल को पौराणिक मान्यता प्राप्त हनुमानजी मंदिर के प्रागंण मे पूरे हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोउत्सव का आयोजन धूम धाम से मनाया जाएगा। जिसमे तमाम महोत्सव प्रेमियों को सादर आमंत्रित किया गया है।श्री लाल ने बताया की मंगलवार को प्रातःकाल 7 बजे विशेष पूजा आरती किया जाएगा।वही शाम 6 बजे से हनुमान मंदिर से पूरे नगर में झांकी भर्मण करवाते हुए नगर भ्रमण किया जाएगा।एवं रात 8:30 से मंदिर परिसर में कोलकाता निवासी पवन कुमार जैन(बांठिया)परिवार की ओर से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है।मौके पर मुख्य रूप से कैलाश प्रसाद अग्रवाल,भरत साहु,तेजनारायण मेहता,सुमन सिन्हा, बिनोद राम,रीतेष मंदिरवार,प्रशांत मंदिरवार, विनय वर्णवाल, उज्जवल रतन,अश्विन आकाश,उमेश रजक,केशव तिवारी, प्रकाश कुमार साव,सुनील साहू,दीलिप सिंह, रंजीत सिंह, विधाभुषण मिश्रा,दीलीप शर्मा आदि थे।

# स्टैंडिंग कमेटी का डीईओ सह डीसी ने किया बैठक

## निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा – निदेर्शों से कराया गया अवगत

- लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर चिन्हित डिस्पैच सेंटर झ रिसीविंग सेंटर की दी जानकारी
- 24 अप्रैल को ईवीएम झ वीवीपैट का होगा पहला रेंडमाइजेशन, राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य




उज्ज्वल दुनिया

बोकारो : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) श्रीमती विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की। बैठक में कमेटी के सदस्यगण समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा झ निर्देश से अवगत कराया। इस दौरान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों की डिस्पैच सेंटर (रवानगी केंद्र) एवं ईवीएम की रिसिविंग सेंटर (प्राप्ति केंद्र)/ काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) चिन्हित भवन/परिसर की जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि सामग्री-ईवीएम को साथ लेकर मतदान कर्मियों की रवानगी को ले डिस्पैच सेंटर के लिए बीएस सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को निर्धारित किया गया है। वहीं, मतदान के बाद ईवीएम के रिसिविंग सेंटर/काउंटिंग सेंटर के लिए आइटीआइ मोड़,बाजार समिति को निर्धारित किया गया है।

बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम-वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन आगामी 24 अप्रैल अपराह्न 03 बजे से होगा। उक्त तिथि/समय को प्रथम रेंडमाइजेशन के समय तथा वज्रगृह को खोलने एवं बंदकर सील करने के समय आप सबों की उपस्थिति अनिवार्य है।

मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, ईवीएम कोषांग के नोडल मो. सफीक आलम, ईवीएम कोषांग के पियूष, मीडिया कोषांग के अविनाश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों (झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, आजसू आदि) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# धनबाद संसदीय सीट से सरयू ने फिर दी चुनाव लड़ने का संकेत



- भाजपा और कांग्रेस दोनों को ही हो सकती है धनबाद में परेशानी

उज्ज्वल दुनिया

धनबादः धनबाद संसदीय सीट पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा का हमला लगातार जारी है। इस पार्टी के संरक्षक जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने एक बार फिर हमला बोलते हुए कहा है कि सोमवार तक उनकी पार्टी का धनबाद से चुनाव लड़ने के बारे में अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। लेकिन इसमें प्रत्याशी कौन होगा इस मामले में उन्होंने अब तक मामला गोपनीय रखा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तक इस मामले में पार्टी सर्वसम्मत निर्णय ले लेगी।एक प्रश्न के जवाब में उनका कहना था कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह उनसे मिलने आयी थी। बेटी बहू को आशीर्वाद देना हमारी संस्कृति है लेकिन उन्होने व्यक्तिगत रूप से सिर्फ आशीर्वाद दिया है। उसके पार्टी की टिकट का कोई संबंध नहीं। विश्वास सूत्रों का मानना है कि अगर सरयू राय धनबाद से चुनाव लड़ते हैं तो इसका खामियाजा भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दल को होना तय है। सरयू राय ने एक बार फिर पूर्व की तरह भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ जमकर आग उगला। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी भी 19 मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही सजा हुई है .जबकि वर्ष 2022 में धनबाद एसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दी थी जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है उन्होंने बताया की लंबित मामलों में कई संगींन धाराएं भी हैं जिसमें 5 से 10 वर्ष तक की सजा हो सकती है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुमीर्डीह मे 10वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत




उज्ज्वल दुनिया

बरवाअड्डा/ धनबाद - जिले के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुमीर्डीह में दसवीं का रिजल्ट में सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर परचम लहराया। विद्यालय के चंदन मंडल ने 459 अंक लाकर स्कूल में प्रथम स्थान, ईशा गोश्वामी 453 लाकर द्वितीय स्थान और आर्यन चौधरी ने 451 स्थान लाकर तीसरा हासिल कर माता - पिता, स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया । हर वर्ष यह विद्यालय में अच्छा रिजल्ट देकर विद्यार्थियों का भविष्य संवार रहा है जिसका कारण यहां का शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत जो बेहतर परिणाम दे रहा है । सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुर्मिडीह से 10वीं के उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों के शत प्रतिशत रिजल्ट पर भाजपा युवा नेता हरिशंकर साव ने सभी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा की स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य - शिक्षकों के कुशल दिशानिर्देश और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत के कारण आज यह विद्यालय में सभी 10वीं के विद्यार्थी शत प्रतिशत प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए जो इस क्षेत्र के लिए गौरव का बात है ।

सभी विद्यार्थी आगे भी बेहतर करेंगे और यहां का नाम रोशन करेंगे । वही बधाई और शुभकामना देने वालो में विद्यालय अध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव चेतन प्रसाद, प्रधानाचार्य प्रभात कुमार सिंह के साथ साथ शिक्षकगण, अभिभावकगण, क्षेत्र के समाजसेवी, बुद्धिजीवियों ने बधाई दिया ।

# जरीडीह थाना क्षेत्र में अवैध खनन से बालू की तस्करी जोरों पर

उज्ज्वल दुनिया



जैनामोड़ : जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनन से बालू की तस्करी जोरों पर जारी है । यह खनन खेतको , चलकरी और खांजो नदी की तट से किया जा रहा है । इन स्थानों के अंतर्गत बालू का लिज, टेंडर नहीं किया गया है ।

लेकिन प्रशासन की ताकत की अनदेखी करते हुए बालू का अवैध धंधा बिचौलियों द्वारा बारू पंचायत के बारु मुस्लिम टोला के रास्ते , दांतू -मायापुर,खेतको के रास्ते ,केंदुआडीह बस्ती बहादुरडीह पोलिटेकनिक के सामने वाली रास्ते, जैना बस्ती बाली रास्ते से प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में ट्रक एवं ट्रैक्टर के माध्यम से खुलेआम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए काली धंधा करने में दर्जनों थाना का दलाल और तस्कर शामिल हैं ।

जिसकी कारण खनन विभाग को बड़ी क्षति हो रही है । वहीं दूसरी ओर बाजार में बालू की मनमानी तरीके से कीमत बढ़ा कर बेची जा रही है । क्षेत्र के संभवन निर्माण कार्य करने वाले लोगों ने कहा कि सरकार द्वारा बालू खनन को लीज कराकर रेट का निर्धारण कर दिया जाता तो तस्करी पर रोक लग जाती । वहीं बालू का रेट में भी कमी हो जाती । बताया जाता है कि इस संबंध में खनन पदाधिकारी बोकारो , अंचलाधिकारी और क्षेत्रों के थाना प्रभारी को जानकारी होने के वावजूद भी प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जा रही है.

# जदयू ने लो स चुनाव में लिया ढुल्लू महतो को जीताने का संकल्प



उज्ज्वल दुनिया

धनबादः जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आह्वान पर लोकसभा चुनाव 2024 में धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीतने का संकल्प लिया गया। यह निर्णय सोमवार को हीरक रोड स्थित द रीत होटल में एक बैठक में ली गई। बैठक के पश्चात संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह ने सभी से आह्वान किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए घटक भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ढुल्लू महतो को हर हाल में जितना है. उन्होंने कहा कि पार्टी के केंद्रीय कमेटी ने यह निर्णय लिया है की धनबाद लोकसभा सीट से ढुल्लू महतो को हर हाल में जितना है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी हबीब खान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह कुशवाहा, प्रदेश सचिव राजू सिंह, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, वरिष्ठ नेता सकलदेव राय, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण महतो, स्मृति कांत सिंह, अशोक सिंह, विजय सिंह तथा जिला महासचिव जयपुर सिंह आदि शामिल थे।

# मेडिकल बिल आनलाइन जमा करने को आप्शनल करे कोल इंडियाः हरे राम पंडित

उज्ज्वल दुनिया

कोल इंडिया का तुगलकी फरमान, आनलाइन मेडिकल बिल जमा करना,कोल पेंशनर्स को डिप्रेशन में डाल दिया है। बिमारी के कारण, कम्प्यूटर के ज्ञान का अभाव, कम्प्यूटर/ लैपटॉप का नहीं होने के कारण, सेवा निवृत्त कोल अधिकारियों से मेडिकल बिल आन लाइन जमा करवाने के लिए कोल इंडिया प्रबंधन की जिद समझ से परे है।

जब से सी पी आर एम एस ई (कन्ट्रिव्युटरी पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम ) शुरू हुआ है हार्ड कापी सिस्टम ही चल रहा है।

जो सेवा निवृत्त कोल अधिकारी आनलाइन बिल भेज देंगे, अच्छा है, और जो नहीं भेज पाएंगे उनका आफ लाइन मेडिकल बिल जमा करे पी आर एम बी सेल एवं उसे वहीं आनलाइन में कन्वर्ट कर बिल का भुगतान करे।

कोल इंडिया प्रबंधन सेवा निवृत्त कोल अधिकारियों के साथ अमानवीय व्यवहार बन्द करे।

आनलाइन बिल जमा करने को मैन्डेटरी नहीं करते हुए आप्शनल करे। अन्यथा मेडिकल बिल रिइंबर्समेंट नहीं होने पर बुजुर्ग कोल पेंशनर्स के साथ अन्याय होगा।कोल इंडिया प्रबंधन कोल पेंशनर्स की लाचारी को समझते हुए मेडिकल बिल जमा करने के लिए दोनों सिस्टम यानी आन लाइन एवं आफ लाइन जारी रखे और इस सम्बन्ध में कार्यालय आदेश जल्द से जल्द दे।

कोल पेंशनर्स को उम्मीद है कि कोल इंडिया प्रबंधन उन्हें इलाज के अभाव में मरने नहीं देगा, और मेडिकल बिल का भुगतान हार्ड कापी सिस्टम में भी करते रहेगा।

# चंद्रप्रकाश चौधरी को फिर एक बार भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच की एक बैठक



टुंडी : गिरिडीह सांसद प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को फिर एक बार भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच की एक बैठक टुंडी में हुई जिसकी अध्यक्षता बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा ने किया। बैठक में टुंडी प्रखंड बुद्धिजीवी मंच का विस्तार भी किया गया जिसमें तारिनी पाण्डेय को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। मौके पर मंच के प्रदेश महासचिव डां. मुकुन्द मेहता, उपाध्यक्ष लंबोदर महतो, जिला कार्यकारी अध्यक्ष हलधर महतो, जयंत भगत, केन्द्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि दिनेश राय, प्रखण्ड अध्यक्ष रामचन्द्र राणा, कार्यकारी प्रखण्ड अध्यक्ष सोनू मंडल, ओबीसी प्रखण्ड अध्यक्ष शिवम जायसवाल, प्रखण्ड उपाध्यक्ष मिथुन मंडल, सुरेश बाउरी, अकबर अली, सुबोध पंडित आदि उपस्थित थे।

# सांसद सीपी चौधरी की जीत सुनिश्चित है : सदानंद महतो



तोपचांचीः सोमवार को तोपचांची प्रखंड अंतर्गत शिव मंदिर प्रांगण में आजसू पार्टी तथा ग्रामीणों की एक बैठक की गई।इस बैठक की अध्यक्षता अमर भारती ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि श्री सदानंद ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड आंदोलन की पार्टी है.यह पार्टी गिरिडीह लोकसभा को संभालने का काम करेंगी।सांसद सीपी चौधरी की जीत सुनिश्चित है।इस बैठक में सवसमिति से अमर भारती को पंचायत के युथ प्रभारी बनाया गया।इसमें मुख्य रूप से बेसल राज,विकी भारती शिवनारायण भारती,मीना देवी,आशा देवी,किरण देवी,कंचन देवी,शकीला खातून,समलोति देवी,कलावती देवी, साधुवाली देवी,मेनका देवी,सुंदरी देवी महिमा कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

# विद्यार्थियोंनेलियाप्लास्टिक-मुक्त हरी-भरी धरा बनाने का संकल्प

- डीपीएस बोकारो में जागरुकतापरक गतिविधियों के साथ अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया
- धरती मां की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व व धर्म : प्राचार्य डॉ. गंगवार

उज्ज्वल दुनिया



बोकारो : संपूर्ण जीव-जगत को अपनी गोद में शरण देने वाली धरती मां के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने तथा इसकी रक्षा के संकल्प के साथ सोमवार को डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्राइमरी व सीनियर, दोनों ही इकाइयों में विद्यार्थियों ने इस वर्ष की विषयवस्तु (थीम) प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक पर आधारित विभिन्न जागरुकतापरक गतिविधियों में भाग लिया और पृथ्वी की रक्षा का संदेश दिया। यह श्रृंखला प्राइमरी इकाई में धरती माता को समर्पित गीत-संगीत की प्रस्तुतियों से शुरू हुई। इस क्रम में कक्षा एक की छात्रा शान्वी श्रीनिधि ने धरा की महत्ता बताती अपनी प्रस्तुति से सभी को मोहित कर दिया। इसके पश्चात कक्षा चार एवं पांच के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक दिखाकर पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिकाधिक पौधे लगाने तथा पानी एवं बिजली की बचत करने का संदेश दिया गया। अंत में बच्चों ने प्रकृति के संरक्षण की शपथ ली। इसके पूर्व, विद्यार्थियों ने नारा-लेखन, काव्य-पाठ, पोस्टर व कलाकृति-निर्माण तथा आकर्षक चित्रांकन के माध्यम से पृथ्वी की रक्षा पर बल दिया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने इस दौरान बच्चों के साथ स्वयं भी पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी है, तो हम हैं। इसकी रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व और धर्म है। इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी का लक्ष्य प्लास्टिक पर निर्भरता को कम करना और पृथ्वी को प्लास्टिक-मुक्त बनाना होना चाहिए। इस दिशा में हमें लगातार ठोस कदम उठाने होंगे। इसके लिए उन्होंने बच्चों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। सीनियर इकाई में भी विद्यार्थियों ने पौधारोपण, पेंटिंग, शपथ-ग्रहण एवं अन्य गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन से तैयार की गई आकर्षक कलाकृति अपने प्राचार्य को भेंट की। प्राचार्य ने भी बच्चों को पौधे भेंट करते हुए पृथ्वी की रक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने 12वीं कक्षा के छात्र अर्जित अनुकूल द्वारा खास तौर से डिजाइन किए गए बैज पहने। विद्यालय के सभी कर्मियों ने दिनभर यह बैज लगाकर काम किया। उल्लेखनीय है कि प्रकृति के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) मनाया जाता है। 22 अप्रैल, 1970 में आधुनिक पर्यावरण आंदोलन के जन्म की सालगिरह का यह प्रतीक माना जाता है.

# श्री श्री 1008 महारूद्र हवनात्मक महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकला कलश यात्रा

- कलश यात्रा में शामिल हुये निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी

एग्यारकुंड। कृष्ण कांटा के जामबोनी गांव मे 22 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित श्री श्री 1008 महारूद्र हवनात्मक महायज्ञ सह शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकला कलश यात्रा, बराकर नदी से जल भरकर श्रद्धालु जय श्री राम के नारे से गूंजे क्षेत्र। जामबोनी गांव में कलश यात्रा के शुभ अवसर पर शामिल हुए निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी,कमेटी द्वारा श्री चटर्जी को स्वागत किया।कलश यात्रा के दौरान पूर्व विधायक साथ साथ चले। हजारों संख्या में महिला व पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए। बराकर नदी से जल भर कर पैदल यात्रा करके जामबोनी गांव में पहुंचे श्रद्धालु।

## एक नजर

## कोयरीडीह स्थित रंजीत राम के आवास एवं गोदाम में छापामारी कर 150 बोतल अवैध शराब को किया जब्त



गिरिडीह। गिरिडीह जिले के सरिया पुलिस और एफएसटी टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को जप्त किया है। सोमवार को टीम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई कर एक गोदाम से शराब जब्त किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगोदर-सरिया धनंजय प्रसाद राम के निर्देश पर जिला से प्रतिनियुक्त एफएसटी टीम के प्रभारी अनिल कुमार ने छापेमारी किया है। टीम ने कोयरीडीह स्थित रंजीत राम पिता वंशी राम के स्थित आवास एवं गोदाम में छापामारी कर छोटा-बड़ा करीब 150 बोतल अवैध शराब को जब्त किया है। वहीं मामले में एफएसटी टीम के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर सरिया थाना में केस दर्ज कर शराब माफिया को गिरफ्तार करने में पुलिस जुट गयी है।

## र्पियो ने बाईक सवार को पीछे से मारी टक्कर, बड़ी दुर्घटना टली



तिसरी प्रतिनिधि। तिसरी थाना क्षेत्र के थम्भाचक में सोमवार को बाराती से लौटने के क्रम में एक स्कार्पियो ने बाईक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे चालक बाईक सहित कई फीट दूर जा गिरा वहीं टक्कर मारने वाली स्कार्पियो भी सड़क किनारे स्थिति झाड़ियों में जा पलटी।
इस दुर्घटना में बाईक सवार सतगांवा निवासी बिपिन कुमार सिंह मामूली रूप से घायल हो गए जबकि स्कार्पियो में सवार लोग बाल - बाल बच गए।
दुर्घटना के बाद तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाया।
बताया जाता है कि उक्त बाईक सवार मिजार्गंज से अपने घर सतगांवा वापस जा रहा था। वहीं उक्त स्कार्पियो में 5-6 लोग बाराती के लिए देवरी के खटोरी गए थे। वापसी के क्रम में ही थम्भाचक में स्कार्पियो अनियंत्रित होकर आगे चल रहे बाईक को टक्कर मार दी।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु एलईडी जागरूकता वाहन से आमजनों को चुनावी जागरूकता की गई



गिरिडीह। लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु व्यापक जन जागरूकता को लेकर एलईडी जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डिजिटल वैन के माध्यम से गांव, कस्बों, टोलों में जाकर लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। खासकर वैसे बूथों में जहां पूर्व में मतदान प्रतिशत कम रहा है। इस दौरान आमजनों को मतदान तिथि 20 मई और 25 मई को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा जिन्होंने अभी तक फॉर्म 6 नहीं भरा है वो अभी फॉर्म 6 से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा एलईडी वैन के माध्यम से सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, वोटर हेल्पलाइन ऐप, सक्षम ऐप आदि की भी जानकारी दी गई।

## पारसनाथ कॉलेज में प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर जागरूकता संगोष्ठी सह क्युज प्रतियोगिता का आयोजन




डुमरी:पारसनाथ महाविद्यालय इसरीबाजार में सोमवार को प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर जागरूकता संगोष्ठी सह क्युज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।संचालन एनएसएस पदाधिकारी डॉ शशि भूषण ने किया।उन्होंने प्लास्टिक से पृथ्वी पर होने वाले नुकसान को विस्तार से बतलाया.कहा कि मनुष्य जिस रफ्तार से प्लास्टिक का उपयोग कर रहा है वह धरती के लिए और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा है.अधिक पेड़ पौधे लगाकर पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है वहीं प्राचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति जब बाजार जाए साथ में एक थैला लेकर चले और सामग्री को उस थैला में लेकर घर वापस आए,आज कोई भी सामान प्लास्टिक में लेकर जहां-तहां फेंक देते हैं जो पानी के बह कर नदी नालों के माध्यम से जलाशयों में जाता है जिससे वह ना सड़ता है और ना ही गलता है जबकि मिट्टी में दबने से मिट्टी में पानी का रिसाव कम कर देता है और बहुत लंबे समय तक वह जल के रिसाव को धरती से बंद कर देता है जो धरती के लिए नुकसानदेह है इसलिए हमें जितना भी प्लास्टिक है उसे डिस्ट्रॉय कर देना चाहिए नहीं तो वही प्लास्टिक को पशु भोजन के रूप में ले लेते हैं और उसके पेट में जाकर वह खतरनाक बीमारी पैदा करता है और समय रहते पशु काल के गाल में समा जाते हैं कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने भी अपना विचार रखा,इस दौरान क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में
यशवंत सिन्हा,योगेश प्रसाद,मौलाना इसरायल,कुबेर प्रसाद,मोहम्मद आसीफ,मेघलाल महतो,डेगनारायण महतो आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने चुनाव 2024 के निमित्त प्रशिक्षण सेल/लॉजिस्टिक सेल व अन्य सेल के द्वारा किए जा रहे कार्यों का किया समीक्षा

### अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें:- जिला निर्वाचन

उज्जवल दुनिया




गिरिडीह । जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए कार्मिक सेल/वाहन सेल/लॉजिस्टिक सेल/प्रशिक्षण सेल/ईवीएम वीवीपैट सेल/अटत्र सेल के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं , मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उक्त सभी कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान सभी को बताया गया कि लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराना हमारी जिम्मेवारी है।
साथ ही कंप्यूटर कोषांग, सामग्री कोषांग, लॉजिस्टिक कोषांग को दिशा- निदेशों का पूर्ण पालन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कंट्रोल रूम को 24 .7 उचित संचालन एवं रजिस्टर संधारण को लेकर निर्देश दिए।
इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सैन्य बल ठहराव के लिए गांवा प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण



गावां। गावां प्रखंड के अंतर्गत आगामी लोकसभा को मध्य नजर रखते हुए गांवा बीडीओ महेंद्र रविदास ,सीओ अविनाश रंजन व थाना प्रभारी महेश चंद्र ने सोमवार को प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय गावां का सैन्य बल ठहराव के लिए निरीक्षण किया गया।इस दौरान चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा बलों की ठहराव हेतु बुनियादी सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, शौचालय, पंखा आदि को देखा गया। एवं सभी शिक्षकों को आदेश दिया गया कि सभी जगह साफ सफाई एवं पानी बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।मौके पर उपस्थित पारा शिक्षा संघ अध्यक्ष अनिल यादव और सभी शिक्षक अपने विद्यालय में उपस्थित थे ।

## दो महीने से रेपिस्ट को गिरफ्तार करने में पुलिस विफल, पीड़ित महिला कर रही गुहार

गिरिडीह । जिले के जमुआ थाना पुलिस रेपिस्ट को गिरफ्तार करने मे विफल साबित हो रही है। करीब दो महीने पहले जमुआ प्रखंड अंतर्गत चितरडीह पंचायत के कुम्हरगडीया गांव में बीते 1 मार्च को गांव के अजित वर्मा पिता कामेश्वर वर्मा ने एक महिला के घर मे घुस कर रेप की घटना को अंजाम दिया जिसके बाद जमुआ पुलिस ने घटनास्थल से अजित को बरामद कर उसके परिजनों को सौप दिया। वही पीड़ित महिला द्वारा आवेदन देने पर जमुआ पुलिस ने कांड संख्या 55/2024 के तहत केस दर्ज कर लिया है। केस दर्ज किए दो महीना करीब हो चुका है लेकिन अभी तक रेपिस्ट पुलिस के गिरफ्त से दूर है जिससे साफ पता चलता है कि जमुआ पुलिस कितना गंभीर है। वही पुलिस के इस लापरवाही से क्षेत्र मे भय का माहौल बना है वही दबंग बेखौफ है। साथ ही सवाल है कि जब पुलिस ने घटनास्थल से बरामद किया उस समय उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया ।बता दे कि घटना के दिन पीड़ित महिला घर में अकेली थी और परिवार के लोग पास के घर में हो रहे विवाह में गए थे इसका फायदा उठाकर रेपिस्ट ने घटना को अंजाम दिया।

## रिझनी, भोगताडीह गांव में ग्रामीणों की शिकायत पर लोकपाल तमन्ना प्रवीन द्वारा मनरेगा योजना की हुई जांच



### कूप, तालाब निर्माण में मिली गड़बड़ियां, योजना स्थल से बोर्ड भी गायब

उज्जवल दुनिया

तिसरी प्रतिनिधि। तिसरी प्रखंड अंतर्गत खटपोंक पंचायत के रिझनी, भोगताडीह गांव में ग्रामीणों की शिकायत पर लोकपाल तमन्ना प्रवीन द्वारा मनरेगा योजना के तहत निर्मित कूप, तालाब की जांच किया गया।
जांच के दौरान राशि निकासी के अनुसार निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। साथ ही कार्य स्थल पर बोर्ड नदारद पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार रिझनी गांव के एक व्यक्ति द्वारा आम बागवानी और कूप जबरन दूसरे जमीन पर मनरेगा योजना के तहत निर्माण कार्य की शिकायत के उपरांत लोकपाल द्वारा जांच किया गया।
फूलो किस्कू के जमीन पर तालाब निर्माण और भोगताडीह में एक कूप की जांच की गई। लोकपाल द्वारा पूर्व में भी विभिन्न योजनाओं की जांच की गई थी तब भी कई आवश्यक निर्देश के बाद भी स्थिति में सुधार नही हो पाया है। इस बाबत लोकपाल प्रवीण ने बताया कि इस प्रकार की गड़बड़ी के जिम्मेवार बीपीओ, जेई जैसे पदाधिकारी भी हैं। योजना की शुरूआत से अंतिम भुगतान तक देख रेख नहीं करते है।
योजना स्थल पर बोर्ड नही लगाए जाने पर मुखिया, रोजगार सेवक और पंचायत सेवक की लापरवाही है। क्योंकि उनके डोंगल से ही बोर्ड का भुगतान किया जाता है।
कहा कि विवादित योजना स्थल का निर्णय सीओ दे सकते हैं, दोनो पक्ष का अपना-अपना दावा है। विवादित स्थल पर मनरेगा योजना का जिओ टेग नहीं करना चाहिए था। मौके पर मुखिया जानकी यादव, जेई संजय साहू सहित कई अन्यलोग उपस्थित थे।

## विश्व पृथ्वी दिवस का थीम पृथ्वी बनाम प्लास्टिक,इसका उद्देश्य प्लास्टिक के कचरो को कम कर पृथ्वी को बचाना है: सचिव




गिरिडीह । माननीय झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मनोज प्रसाद के आदेशानुसार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमती सोनम बिश्नोई के नेतृत्व में प्लस टू उच्च विद्यालय गिरिडीह मेंझजागरूकता सह साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व पृथ्वी दिवसझ के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में किया गया। सचिव के द्वारा बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस का थीम पृथ्वी बनाम प्लास्टिक जिसका उद्देश्य प्लास्टिक के कचरो को कम कर पृथ्वी को बचाना है। प्लास्टिक प्रदूषण को गंभीर खतरा है। हम सबों को यह प्रण लेना चाहिए कि पृथ्वी दिवस का लक्ष्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण से प्लास्टिक कचरे को हटाने के लिए जागरूकता को और बढ़ावे। कार्यक्रम में लीगल डिफेंस काउंसिल के सहायक फैयाज अहमद अपने विचार व्यक्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाने वाले सृष्टि कुमारी द्वितीय पुरस्कार रिसीता कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार रेहान अंसारी ने प्राप्त किया। उत्साह वर्धन के लिए अन्य बच्चों को भी पुरस्कार वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक दयानंद कुमार, उपेंद्र कुमार राय, कुमार प्रवेल रमन भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएलबी दिलीप कुमार, अनवर उल हक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वर्ल्ड अर्थ डे पर सर जेसी बोस विद्यालय में एक इंटर हाउस सेमिनार का आयोजन

उज्जवल दुनिया उज्जवल दुनिया



गिरिडीह । वर्ल्ड अर्थ डे पर सर जेसी बोस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय में विद्यालय के सभागार में प्राचार्य श्री मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में एक इंटर हाउस सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में गठित 6 हाउस के प्रतिभागियों ने भाग लिया । इस मौके पर सीसीए के प्रभारी राकेश कुमार और मेंटर मोहम्मद अख्तर अंसारी ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस मौके पर स्पीच कंपटीशन ,पोस्टर मेकिंग कंपटीशन और डिस्प्ले बोर्ड डेकोरेशन का आयोजन किया। जिसमें विभिन्न हाउस की छात्राओं ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को अपनी और आकर्षित किया, जिसमें इंग्लिश की नमिता कुमारी प्रथम स्थान, हिंदी की प्रज्ञा कुमारी द्वितीय स्थान पर जबकि संस्कृत की स्वाति कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं करीब 70 से 75 विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक पोस्टर बनाएं जिसमें से तीन सर्वश्रेष्ठ चुने गए जिसमें प्रथम प्रीति प्रज्ञा दशम बी ,द्वितीय रोहिना परवीन 12 आर्ट बी ,और तृतीय मुस्कान कुमारी 12 साइंस बी के के पोस्टर को स्थान मिला ।
प्राचार्य श्री कुशवाहा ने कहा कि पृथ्वी हमारे मां है ।जिस प्रकार से एक मां का दायित्व उनके बच्चों के लिए होता है। हम मानव इतने कृतघ्न हो चुके हैं कि अपने क्रिया कलापों से इस धरती मां के दिल को तड़पा रहे हैं ,यह धरती मां प्रदूषण की मार से सिसक रही है ,रो रही है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और और सभी हाउस के इंचार्ज हाउस मास्टर्स , कर्मचारियों के साथ-साथ सभागार में विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## महावीर जयंती के मौके पर गिरिडीह में जैन समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा



गिरिडीह । महावीर जयंती पर 2623वीं जन्म जयन्ती गिरिडीह के जैन धर्मावलंबियों ने बड़ा चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर बड़ा चौक से शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा में जैन समाज के महिला, पुरुष, युवा व बच्चे समेत समाज के कई श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी।
इस दौरान गाजे-बाजे के साथ भगवान महावीर को पालकी पर बैठाकर शोभा यात्रा निकाली गयी। जो शहरी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। मंदिर में भगवान महावीर का अभिषेक हुआ। तत्पश्चात शाम में बच्चे अनिका, परी जैन,आनया सरावगी व महिलाए मंजु शाह ,सरोज चौधरी, हिमानी सरावगी सहित कई महिलाओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय ने उनके आवास पहुँचकर विद्यार्थियों संग उनके अभिभावकों से मुलाकात कर अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया



उज्जवल दुनिया

टुंडी : टुंडी विधानसभा क्षेत्र के राजगंज व टुंडी के जैक बोर्ड के दसवीं की परीक्षा में शीर्ष अंक से पास छात्र-छात्राओं को टुंडी विधानसभा भाजपा नेता विक्रम पाण्डेय ने उनके आवास पहुँचकर विद्यार्थियों संग उनके अभिभावकों से मुलाकात कर अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य शुभकामनाएँ दिया। इस क्रम में 1. आर बी बी उच्च विद्यालय, राजगंज की काजल कुमारी, पिता श्री उत्तम कुमार स्वर्णकार जिनकी सुपूत्री ने जैक बोर्ड के दसवीं की परीक्षा 90.6% अंक प्राप्त किया है, वहीं आँचल कुमार विश्वकर्मा, पिता श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा जिनके सुपुत्र ने जैक बोर्ड के दसवीं की परीक्षा 88% अंक प्राप्त किया उनसे उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएँ दिया।
2. संत जेवियर्स उच्च विद्यालय, टुंडी के संदीप कुमार मण्डल, पिता श्री मनोज कुमार मण्डल जिनके सुपुत्र ने जैक बोर्ड के दसवीं की परीक्षा में 96.8% अंक प्राप्त किया उनसे उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएँ दिया वहीं अजय महतो, पिता श्री खगेन महतो जिनके सुपुत्र ने जैक बोर्ड के दसवीं की परीक्षा 96% अंक प्राप्त किया उनसे उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएँ दिया। 3 . स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर, रतनपुर गादी टुंडी की शालिनी मिश्रा, पिता श्री सुफल मिश्रा जिनकी सुपूत्री ने जैक बोर्ड के दसवीं की परीक्षा की परीक्षा में 96% अंक प्राप्त किया उनसे उनके आवास पर मुलाकात कर अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएँ दिया इस मौके पर साथ में उपस्थित थे भाजपा के वरिष्ठ नेता सुदाम ओडी, गौतम कुमार साव, पंचायत समिति सदस्य सुनील साव, भगत एवं अन्य शामिल थे ।

## 40 करोड़ के लागत से बन रहे नगर निगम का भवन का आगे का हिस्सा भरभरा कर गिरा

- चर्चित और रसूखदार निरंजन राय कंस्ट्रक्शन की लापरवाही एवं अधिकारियों की उदासीनता के कारण के निमार्णाधीन भवन का हिस्सा हुआ धरासाय
- घटना के बाद विभाग के द्वारा जांच का दिया आदेश

अमित सहाय



गिरिडीह । गिरिडीह शहर के ऑफिसर कॉलोनी में करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे नगर निगम का भवन का आगे का हिस्सा बीते दिनों पूरी तरह से भरभरा कर गिर गया।
चर्चित और रसूखदार निरंजन राय कंस्ट्रक्शन की लापरवाही एवं विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण के निमार्णाधीन भवन का हिस्सा हुआ धरासाय। इस दौरान मौके पर करीब दो दर्जन से अधिक मजदूर काम कर रहे थे और वे बाल - बाल बच गए। नगर निगम का भवन निमार्णाधीन है. इस निमार्णाधीन भवन का जब हिस्सा गिरा, उस वक्त वहाँ कोई मौजूद नहीं था वरना कोई बड़ा हादसा से इनकार नहीं किया जा सकता है. इस घटना ने कार्य की गुणवत्ता पर कई बड़े और गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आनन फानन में हटाना एजेंसी मलवा को हटाने में जुट गई है
विदित हो कि ऑफिसर कॉलोनी गिरिडीह में नगर निगम गिरिडीह के नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। चर्चित और रसूखदार निरंजन राय कंस्ट्रक्शन को करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से नगर निगम का नया भवन बनाने का जिम्मा मिला है लेकिन भवन के बनते बनते ही इसके सामने के हिस्से का ताश के पत्तों की तरह भरभरा कर गिर जाना इस बात की ओर इशारा कर रहा है कि भवन बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल बखूबी किया जा रहा है।
हालाँकि घटना के बाद विभाग के द्वारा जांच का आदेश तो दे दिया गया है, पर रसूखदार संवेदक के आगे जाँच का क्या होगा, ये भी देखने वाली बात होगी. फिलहाल भवन के पूरा होने के पूर्व ही एक हिस्सा टूट कर गिर जाने के बाद तरह झ तरह की चर्चा हो रही है.

# अंतर्राज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के दो सदस्यों को राजमहल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



राजमहलः अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने थाना क्षेत्र के मंगलहाट चौक के पास छापेमारी अभियान चलाकर अंतर्राज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। जहां इस छापेमारी अभियान में पुलिस ने चोरी के तीन मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है जिसे मोटरसाइकिल चोर गिरोह के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। इस संदर्भ में राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल बेचने की इरादे से साहिबगंज से मंगलहाट की ओर आ रहा है। जहां ऐसी सूचना मिलने पर पुलिस अलर्ट हो गई और एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस की टीम का गठन किया गया। जहां टीम ने मंगलहाट चौक पर मोर्चा संभाल लिया उधर जैसे ही संदिग्ध व्यक्ति मंगलहाट चौक पहुंचा पुलिस ने बिना समय गंवाए उसे दबोच लिया। वही पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि उक्त मोटरसाइकिल चोरी की है। वही चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार किए व्यक्ति ने अपनी पहचान नगर थाना क्षेत्र के नया टोला पुरानी साहिबगंज निवासी अर्जुन सिंह उर्फ देवा सिंह पिता राम प्यारे सिंह के रूप में बताया जहां पुलिस ने उसे मौके पर से ही गिरफ्तार कर लिया और सख्ती से पूछताछ की। जहां पूछताछ करने पर उसने जुर्म कबूल करते हुए कहा कि चोरी की और भी मोटरसाइकिल मौजूद है। जहां पूछताछ के दौरान उसने अपने गिरोह के अन्य सदस्य गोड्डा जिला अंतर्गत मेहरमा थाना क्षेत्र के चंपा कसबा दुधीचक निवासी शेख अंसार पिता शेख सुलेमान व एक अन्य चोर के बारे में जानकारी दिया। जहां उसकी निशानदेही पर शेख अंसार को गिरफ्तार किया गया। जहां दोनों के पास से चोरी की 3 मोटरसाइकिल, 3 मोबाइल एवं 14 हजार रुपए बरामद हुआ। वही गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों ने बताया कि वह लोग मोटरसाइकिल चोरी करवाते हैं और बाहर सप्लाई कर देते हैं। जहां ग्राहक मिलने पर आसपास के क्षेत्र में भी बेच देते हैं। वही उक्त दोनों मोटरसाइकिल चोर गिरोह के सदस्य के द्वारा जब्त किए गए मोटरसाइकिल से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई कागजात नहीं दिखा पाए जहां अर्जुन सिंह उर्फ.देवा सिंह का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। जहां वो अपराध की कई घटनाओं में पूर्व में भी संलिप्त रह चुका है। उधर उसके विरुद्ध झारखंड व बिहार के कई थानों में पहले से कई प्राथमिकी दर्ज है जिसमें नगर थाना साहिबगंज कांड संख्या 205/15 एवं 13/24, बिहार के भागलपुर जिला अंतर्गत कहलगांव थाना कांड संख्या 116/ 21, गोड्डा जिला अंतर्गत महगामा थाना कांड संख्या 192/23 एवं मेहरमा थाना कांड संख्या 104/23 के तहत हत्या, चोरी, अवैध रूप से हथियार रखना सहित अन्य गंभीर मामले में पहले से केस दर्ज भी है।
उधर चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार मामले को लेकर राजमहल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उधर गिरफ्तार किए गए दोनों मोटरसाइकिल चोर गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने स्वास्थ्य जांच के उपरांत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस छापामारी दल में राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर, तालझारी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सुधांशु, एसआई बिट्टू कुमार साहा, अनिल कुमार यादव, अरविंद कुमार दास एवं सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

## भाजपा नेता गमालियल हेंब्रम 5 दिनों से लापता, पत्नी ने बरहेट थाना में दिया आवेदन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बरहेटः थाना क्षेत्र अंतर्गत बरहेट खेरवा निवासी सह भाजपा नेता गमालियल हेंब्रम विगत पांच दिनों से लापता है। उक्त मामले की जानकारी उसकी पत्नी बिनीता टुडू ने बरहेट थाना को लिखित आवेदन देकर दी है। इस संबंध में भाजपा नेता की पत्नी बिनीता टुडू ने अपने पति सह भाजपा नेता गमालियल हेंब्रम पेटखासा निवासी की लापता होने की सूचना दी है। जिसमें बताया है कि उसके पति गमालियल हेंब्रम के मोबाइल नंबर 9155848865 और 6207728831 विगत 19 अप्रैल से स्विच ऑफ आ रहा है। इस संबंध में गमालियल हेंब्रम की पत्नी ने बताई कि 15 अप्रैल को उसका पति और उसके साथी खेरवा निवासी आशमोहम्मद मोमीन 32 वर्ष पिता जहांगीर मोमीन चार पहिया वाहन से दुमका के लिए निकले थे और 17 अप्रैल को उसके पति के द्वारा फोन कर बताया गया कि वह 18 अप्रैल को देवघर से दिल्ली फ्लाइट से जाएगा के साथ ही गाड़ी से कपड़ा भिजवाने की बात कही थी। वही कहा था हम दुमका में रिसीव कर लेंगे उधर जब उसकी पत्नी ने 19 अप्रैल को उसके मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया तो उसका मोबाइल स्विच आ-फ बताने लगा। इसके साथ ही उसके दूसरे साथी आशमोहम्मद मोमीन का भी मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है तबसे लगातार प्रयास किया जा रहा, परंतु अभी तक ना संपर्क हो पाया है, ना ही किसी प्रकार का सूचना मिल रहा है जिससे उसके परिजन काफी चिंतित हैं। उधर
वर्तमान समय में बरहेट विधनसभा क्षेत्र के सबसे विख्यात चेहरा हैं गमालियल हेंब्रम जो भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ है। विगत 2019 में बरहेट विधनसभा से आजसू पार्टी के तरफ से चुनाव भी लड़ चुके हैं। इस संबंध में बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार बताते हैं कि मामले की जानकारी मिली है, पुलिस के द्वारा लगातार दिए गए मोबाइल फोन नंबर को ट्रेस किया जा रहा है बहुत जल्द सफलता मिलेगी।

## एसपी ने सुदूरवर्ती क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



बरहेटः लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा, थाना प्रभारी पवन कुमार भी उनके साथ मौके पर उपस्थित रहे। जहां क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पंचकटिया बाजार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय फूलभंगा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बोड़बाँध के अलावा अन्य विद्यालय के मतदान केंद्रों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने विद्यालय के मतदान केंद्र के आसपास के लोगों से भी बातचीत की। वही क्षेत्र के लोगों को निर्भीक एवं भय मुक्त मतदान करने की अपील की। इस मौके पर एसएसबी के जवान भी मौजूद थे।

## रेलवे फाटक से देशी कट्टा के साथ दो युवक हुए गिरफ्तार, भेजा गया जेल



साहिबगंजः मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे फाटक के पास दो युवक किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की नीयत से हथियार के साथ घूमने की सूचना पुलिस को मिली। जहां ऐसी सूचना मिलने पर सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु मिजाचौकी थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जहां गठित विशेष टीम के द्वारा मिजाचौकी रेलवे फाटक के पास दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में पाया जिसे पकड़कर तलाशी लेने पर एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया। जहां अभियुक्त सोनू यादव उम्र 19 वर्ष पिता नंदकिशोर यादव, साकिन मिजाचौकी शाहाबाद, थाना पीरपैंती, जिला भागलपुर बिहार एवं जितेंद्र यादव उम्र 38 वर्ष, पिता दिलमोहन यादव, साकिन मिजाचौकी गांधीनगर, थाना मिजाचौकी को एक अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उधर इस मामले को लेकर मिजाचौकी थाना कांड संख्या 35/24 के तहत आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। जहां दोनों आरोपियों को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करा कर जेल भेज दिया गया। इस छापेमारी दल में पुअनि महेंद्र सिंह, लर्नर चालक आरक्षी 525 दिलीप कुमार सिंह, आरक्षी 423 रघुवीर राम, आरक्षी 521 साहेब लाल हांसदा शामिल थे।

## बांस पर झोला के सहारे आदिवासी पहाड़िया ने वृद्ध मरीज को इलाज के लिए लाया सदर अस्पताल



साहिबगंजः जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अन्तर्गत लदोनी पहाड़ बड़ा तोफिर निवासी टुकु पहाड़िया को ग्रामीणों ने इलाज के लिए बांस में झोलानुमा जुगाड़ बनाकर कंधा पर लेकर लदोनी पहाड़ से पैदल सफर करते हुए गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल पहुंचे। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर मरीज की हालत को देखते हुए उसे फौरन अस्पताल में भर्ती किया। वही इसको लेकर ग्रामीणों ने बताया कि उन लोगों का पहाड़ पर घर है जहां तबीयत खराब हो जाने के बाद उन लोगों को मजबूरी में इसी तरह से मरीजों को कंधे पर लादकर सदर अस्पताल आना पड़ता है। वही एंबुलेंस की सुविधा अब तक इस पहाड़ पर रहने वाले लोगों को नसीब नहीं हुई है जहां आदिवासी पहाड़िया बांस के सहारे झोला नुमा बनाकर मरीज को उसमे बिठाकर कंधा में टांगकर सात किलोमीटर पैदल चलकर अस्पताल लाए हैं जहां इलाज चल रहा है।

## मारवाड़ी युवा मंच द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में रक्तदान शिविर हुई आयोजित

बरहेटः सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच बरहेट शाखा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट के प्रांगण में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहां इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे, अंचल अधिकारी चोनाराम हेंब्रम, उप प्रमुख रूपक साह, पूर्व प्रभारी डॉ. संतोष टुडू, मायुम के प्रांतीय संयोजक दीपक डोकानिया द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उधर रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से नियुक्त स्वास्थ्य कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट के प्रभारी चिकित्सक डॉ. हेंब्रम सहित सदर अस्पताल के लैब टेक्नीशियन मो. अजहर, शुभम गोस्वामी लैब सहायक, प्रमोद तुरी, विजय रूज, अस्पताल प्रबंधक चंदन कुमार ने शिविर संचालन में अपना सहभागिता सुनिश्चित किया। जहां इस शिविर में रक्तदाताओं ने कुल 14 यूनिट रक्तदान किए। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष धीरज मोदी, उपाध्यक्ष सह रक्तदान संयोजक कपिश डोकानिया, सचिव दीपक सिंघानिया, विकास डोकानिया, आशीष सिंघानिया, राहुल डोकानिया, अनुराग सिंघानिया, हरीश शर्मा, आशीष शर्मा, प्रिंस भगत समेत अन्य ने रक्तदान किया।

## अज्ञात चोरों ने विद्युत शक्ति उप केंद्र में चोरी करने का किया प्रयास

रांगाः रांगा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर विद्युत शक्ति उपकेंद्र में अज्ञात चोरों ने चोरी करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है जहां इस मामले में कनीय अभियंता दिलेश्वर महतो ने रांगा थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात चोरों पर कार्यवाही करने की मांग की है।उधर दिए गए आवेदन पत्र में बताया कि दिनांक 21 अप्रैल 2024 की रात्रि को करीब 9:30 बजे सीता पहाड़ में कार्यरत कर्मी जोसेफ हांसदा तथा माचो हांसदा को अज्ञात चोरों ने बंधक बना लिया तथा 33/ 11 विद्युत शक्ति उपकेंद्र में चोरी करने का प्रयास किया गया। उधर रात्रि के करीब 12:30 बजे विद्युत शक्ति उपकेंद्र पथरिया में कार्यरत कर्मियों के द्वारा इस बात की सूचना प्राप्त हुई की सीता पहाड़ विद्युत शक्ति उपकेंद्र में कुछ अज्ञात चोरों द्वारा कर्मियों को बंधक बनाकर चोरी करने का प्रयास किया जा रहा है। उधर अज्ञात चोरों ने इन दोनों कर्मियों को घायल भी कर दिया जहां तत्काल मामले की सूचना रांगा थाना प्रभारी तथा सहायक विद्युत अभियंता रांगा तथा अन्य कर्मियों को दी गई। उधर घायल हुए जोसेफ हसदा को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा लाया।

# झामुमो के बैनर तले ग्रामीणों ने किया डीविसी एस पौंड से छाई ट्रांसपोटिग कार्य ठप

- अधिकारियों ने प्रशासन से लगाया छाई ट्रांसपोटिग सुचारू करवाने की गुहार

उज्जवल दुनिया संवाददाता



बोकारो थर्मल : झामुमो के बैनर तले ग्रामीणों ने नूरीनगर समीप स्थित ड-ीविसी का एस पौंड से होने वाली छाई का ट्रांसपोटिंग कार्य रविवार से अनिश्चित काल के लिए ठप कर दिया है। झामुमो के वरीय नेता सुन्दर महतो ने बताया कि हाइवा डम्फरों से होने वाली छाई ट्रांस्पोटिग कार्य के दौरान सड़क में पानी का छिड़काव डीविसी के द्वारा नही किया जा रहा है जिस कारण ग्रामीण छाई प्रदूषण से परेशान है। आए दिन सड़क दुर्घटनाए हो रही है ।इसके अलावे उपरघात के ग्रामीण क्षेत्रों से बोकारो थर्मल स्कूल पढ़ाई हेतु आने वाले ग्रामीण छात्रों के लिए स्कूल बस की व्यवस्था डीविसी के द्वारा नहीं करवाई गई है। जबतक सड़को में पानी का छिड़काव नही होगा एवम डीविसी के द्वारा स्कूली बस की व्यवस्था नहीं की जाती है तबतक छाई ट्रांस्पोटिग कार्य डीविसी की एस पौंड से बाधित रहेगा। वही इस सम्बंध में बोकारो थर्मल प्लांट के उप महा प्रबंधक बीजी होलकर ने कहा कि झामुमो की ओर से बेवजह छाई ट्रांस्पोटिग कार्य बाधित रविवार की संध्या से किया गया है जबकि छाई ट्रांस्पोटिग कार्य के दौरान सड़को में नियमित पानी का छिड़काव किया जाता है। छाई ट्रांसपोटिंग कार्य को सुचारू करने में मदद करने की गुहार ड-ीविसी अधिकारियो ने बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी से किया गया है कहा की छाई ट्रांस्पोटिग कार्य सुचारू नही हुई तो बोकारो थर्मल प्लांट बंद हो जाएगी.

## एसडीपीओ बरहरवा ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को लिया हिरासत में

हिरणपुर(पाकुड़): एसडीपीओ मंगल सिंह जामुदा के नेतृत्व में रांगा थाना पुलिस ने रविवार को स्थानीय पुलिस की सहयोग से हिरणपुर बाजार स्थित एक घर मे औचक छापेमारी किया। वही घर के मालिक मदन भगत को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर रांगा थाना ले गया। छापेमारी के दौरान हिरणपुर थाना प्रभारी नवीन कुमार व रांगा थाना प्रभारी भी उपस्थित थे। मिली जानकारी के अनुसार रांगा थाना क्षेत्र में अवैध गांजा की कारोबार करते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को रंगेहाथ पकड़ा है। गिरफ्त में आये व्यक्ति ने कहा है कि गांजा हिरणपुर बाजार निवासी मदन भगत से लेकर आते है। इसको लेकर एसडीपीओ ने गिरफ्त में आये व्यक्ति के निशानदेही पर छापेमारी किया गया ।

# दो अलग अलग गांव में खाना बनाने के दौरान आग लगने से हजारों का हुआ नुकसान

उज्जवल दुनिया संवाददाता



उधवाः राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तर पलाशगाछी पंचायत के गुही टोला एवं पश्चिमी उधवा पंचायत के बाबु टोला में आग लगी का मामला प्रकाश में आया है। जहां आगलगी की घटना में हजारों का नुकसान बताया जा रहा है। दरअसल सोमवार के दोपहर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा पंचायत अंतर्गत बाबु टोला गांव में सत्तर शेख के घर में खाना बनाने के दौरान आग लग गई। उधर आग की चिंगारी धीरे धीरे विकराल रूप धारण कर लिया और पुरे घर को चपेट में ले लिया। वहीं दूसरी ओर उत्तर पलाशगाछी पंचायत के गुही टोला गांव में यासीन शेख का बेटा तजरुद्दीन शेख के घर में भी खाना बनाने के दौरान आग लग गई। यह आग आसपास के फरमान शेख और यासीन शेख के घर को भी चपेट में ले लिया। उधर आगलगी में घर में रखे सारा समान जलकर राख हो गया है जिससे पीड़ित परिवार निहत्थे हो गया है। वहीं पीड़ित परिवारों ने जिला प्रशासन से मुआवजा की गुहार लगाया है।

## क्राउडफंडिंग के जरिए राशि इकट्ठा कर सड़क दुर्घटना की शिकार महिला का हो रहा है इलाज

बरहरवाः कोटालपोखर थाना क्षेत्र के पलाशबोना गांव के समीप विगत गुरुवार को ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर से हुए भीषण दुर्घटना में एक 7 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई थी। वहीं 45 वर्षीय महिला सेतेरा बीबी को गंभीर चोट आई थी। मिली जानकारी के अनुसार इस भीषण सड़क दुर्घटना में महिला का दोनों पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया था जहां आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण परिजन उनका इलाज कराने में असमर्थ हो रहे थे। तभी यूनाइटेड गुमानी ग्रुप एवं हेल्पिंग नेचर सोसाइटी ने आगे आकर पीड़ित महिला के इलाज के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से क्राउडफंडिंग कर इलाज के लिए आवश्यक राशि इकट्ठी की। जहां वरिष्ठ समाजसेवी मो. लूतफुल हक, अब्दुस सकूर, एम. एस. हसन, वकील अहमद ने गुमानी क्षेत्र के सबसे सक्रिय व्हाट्सएप ग्रुप यूनाइटेड गुमानी व दीन दुखियों के इलाज हेतु मददगार संस्था हेल्पिंग नेचर सोसाइटी को मदद के लिए जानकारी दिया। इसके पश्चात महिला के इलाज के लिए सहयोग राशि मांगते हुए उनके परिजन के बैंक खाते की जानकारी व यूपीआई क्यूआर कोड सार्वजनिक किया गया। उधर देखते ही देखते गुमानी, कोटलपोखर एवं अन्य जगहों से यूपीआइ के माध्यम से राशि जमा होना शुरू हुआ जहां कुछ ही घंटो में इलाज की सहायता राशि जमा हो गई। उधर ऑडिट तैयार करने तक कुल 63 हजार 623 रुपए की राशि जमा हुई है जिससे महिला का इलाज भागलपुर में चल रहा है। वहीं सोमवार को पीड़िता के लिए विभिन्न माध्यमों से अर्जित सहयोग राशि से उनके इलाज में विभिन्न माध्यमों से खर्च के उपरांत बची हुई राशि 17 हजार 765 रुपए को उन्हें उनके घर जाकर सौंप दिया गया। वहीं पीड़िता के परिजनों ने यूनाइटेड गुमानी ग्रुप के सदस्यों, हेल्पिंग नेचर सोसाइटी एवं सहयोग करने वाले सभी को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। उधर यूनाइटेड गुमानी के सह एडमिन वसीम अख्तर ने कहा कि क्षेत्र के लोगों द्वारा सामाजिक सदभावना की एक और अविश्वसनीय मिसाल कायम किया गया। इसी तरह समाज एकजुट होकर एक दूसरे की मदद करें तो एक बेहतर समाज की परिकल्पना की जा सकती है, जहां सभी लोग मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को अंगीकार कर अपने जीवन में आगे बढ़ेंगे। इस मौके पर हेल्पिंग नेचर सोसाइटी के अध्यक्ष मो. रियाजुद्दीन, कोषाध्यक्ष वसीम अख्तर, यूनाइटेड गुमानी के सह एडमिन वकील अहमद, सदस्य एम. एस. हसन, मो. असफाक, इमाम हुसैन, मो. रियाज, उक्त ग्राम के वरिष्ठ समाजसेवी मो. लूतफुल हक, अब्दुस सकूर के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## जनसंपर्क पदाधिकारी ने डाक मत पत्र सुविधा को लेकर मीडिया कर्मियों के साथ की बैठक

पाकुड़ः सूचना भवन सभागार में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने मतदान कवरेज हेतु प्राधिकृत मीडिया कर्मियों के साथ की बैठक। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में आवश्यक सेवा में लगें अब्सेंटी वोटर को डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि के साथ बैठक करते हुए मीडिया कर्मियों को मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखंड द्वारा जारी डाक मतपत्र सुविधा संबंधी वीडियो दिखा कर उन्हें इसकी पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## डीसी ने मतदान केंद्र के लिए मतदान दल को दिया प्रशिक्षण

उज्जवल दुनिया संवाददाता




पाकुड़ः सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में मतदान सुविधा केन्द्र के लिए मतदान दल और डाक मतपत्र मतदान केन्द्र के लिए मतदान दल को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को डाक मतपत्र के माध्यम से वोटिंग की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उपस्थित मास्टर ट्रेनरों द्वारा ऑडियो, वीडियो के माध्यम से पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोटिंग की प्रक्रिया को दशार्या गया। इस प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता श्री जेम्स सुरीन, ईटीबीपीसी कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर एवं कर्मी उपस्थित थे।

## लोबिन हेंब्रम का लगातार जनता के बीच तूफानी द्वारा जारी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

पाकुड़ः- राजमहल लोकसभा से इस बार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर ताल ठोक रहे बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेम्ब्रम लगातार जनता के बीच पहुंच उनका जनता मन टटोल रहे हैं। उनका तूफानी दौरा लगातार जारी है। सोमवार को अमड़ापाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र कुश्चिरा में उन्होंने आमजन के साथ बैठकर उनका हाल जाना। कुश्चिरा पहुंचे लोबिन हेम्ब्रम का आदिवासी समाज के द्वारा परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक किया गया। बैठक में सभी ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान समय में लोबिन हेम्ब्रम ही एक ऐसे नेता हैं जिन्हें आदिवासी और मूलवासी की चिंता रहती है। सड़क से सदन तक प्रखरता से हमारे हक के लिए बोलने वाले नेता के तौर पर जन जन के नेता को ही हम स्वीकार होंगे। बैठक के बाद निर्दलीय लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि जनता का भरपूर सहयोग देखने को मिल रहा है। वर्तमान सांसद विजय हांसदा के कार्य शैली से लोगों में खासी नाराजगी है। लोग विकल्प के रूप में मुझे चुनने के लिए आतुर हैं। जनमानस की भावनाओं की अनदेखी नहीं होगी। हर हाल में इसबार राजमहल लोकसभा का सीट मैं जितने वाला हूँ। लोबिन हेम्ब्रम चुनाव को चुनौती के रूप में लेते हुए पूरे आक्रामक तेवर में दिख रहे हैं झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेम्ब्रम अभी से ही जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ स्थानीय नीति और सीएनटी-एसपीटी एक्ट को कानूनी ताकत के साथ लागू करने को लेकर चुनाव प्रचार में अपनी ही पार्टी के सांसद और महागठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा को हराने में लगे हुए हैं.

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने नोडल पदाधिकारी से कार्यों की जानकारी ली

उज्जवल दुनिया संवाददाता




पाकुड़ः सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत गठित सभी कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं अबतक की गई कार्रवाईयों के निमित कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर गठित सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों से एक-एक कर उनके कोषांग अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। इनमें मुख्य रूप से कार्मिक कोषांग, वाहन कोषांग, ईवीएम कोषांग, स्वीप कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग, एमसीसी कोषांग, पोस्टल बैलेट कोषांग, मीडिया कोषांग, एमसीएमसी कोषांग, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग कोषांग, सामग्री कोषांग समेत अन्य कोषांगो की बारी-बारी बिंदुवार समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त कोषांगों के संबंधित नोडल पदाधिकारी से किए जा रहे कार्यो की जानकारी लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनिवार्य रूप से सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं अपने अधीनस्थ पदाधिकारी/कर्मियों को अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी को सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। चुनाव कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की बात कही गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भी जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा स्वीप नोडल पदाधिकारी को स्वीप एक्टिविटी के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि अधिक से अधिक जिले के सभी योग्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, जिससे जिले के मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। इसके अलावा एमसीसी घोषणा के बाद से अब तक की गई कार्रवाई की भी जानकारी ली गई एवं एफ०एस०टी / एस०एस०टी टीम को सक्रिय होकर कार्य करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, इंटर स्टेट बॉर्डर निगरानी कार्य की समीक्षा की गई। मौके पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, स्थापना उप समाहर्ता विकास कुमार त्रिवेदी, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार एवं संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नहाने के दौरान पोखरा में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

- स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से निकल गया शव

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हिरणपुर(पाकुड़): घाघरजानि स्थित सार्वजनिक तालाब में रविवार दोपहर को गांव के ही सुनिराम बास्की (36) की डूबने से मृत्यु हो गई।जो मानसिक रूप से अस्वस्थ भी था ।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बीडीओ टुडू दिलीप, अंचलाधिकारी मनोज कुमार व एएस-ाआई शिवानन्द सिंह ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी के अंदर से बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में आदिवासियों की पर्व होने के कारण सभी एक जगह एकत्रित थे। वही मृतक दिन के दो बजे नहाने के लिए पोखरा में आया। जो अपने कपड़े को पोखरा के पक्की घाट में रखकर तालाब के गहरे पानी मे उतर गया। पोखरा में करीब 10 से 12 फिट गहरी पानी रहने के कारण सुनिराम बास्की डूब गया। निकट में नहा रहे अन्य लोगो द्वारा इसकी सूचना तुरन्त मृतक के पत्नी मायनो टुडू को दिया। घटनास्थल पर पहुंचे बीडीओ , सीओ व पुलिस ने ग्रामीणों की सहयोग से शव को करीब दो घण्टे बाद बाहर निकाला। शव को देखने साथ पत्नी सहित एक मात्र पुत्री मरांगबिटी बास्की सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना रहा। उधर पुलिस मामले को लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई थी।मृतक काफी गरीब रहने के कारण मजदूरी कर जीवनयापन कर रहा था। इस सम्बंध में बीडीओ ने बताया कि घटना को लेकर आवश्यक प्रक्रिया की जा रही है।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# फतेहाबाद: लोकसभा चुनावों को लेकर 10 मई को फतेहाबाद में होगी किसान-मजदूर महापंचायत

**फतेहाबाद,(एजेंसी)**

**लोकसभा चुनावों में भाजपा 400 पार नहीं, 400 से हार का करेगी सामना : मनदीप नथवान**



लोकसभा चुनावों को लेकर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति द्वारा 10 मई को फतेहाबाद अनाज मण्डी में किसान-मजदूर महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। इस महापंचायत में संयुक्त किसान मोर्चा के अनेक वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। इस महापंचायत में लोकसभा चुनावों को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी और अनेक अहम फैसले लिए जाएंगे। यह जानकारी सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते किसान संघर्ष समिति के राज्य अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कही।

इस अवसर पर उनके साथ ब्लाक उपप्रधान मलकीत उप्पल, सुरजीत सिंह उप्पल, बृजलाल कड़वासरा भट्ठू, छबील दास ढाणी छतरियां, भूपेन्द्र रंधावा सहित अनेक किसान मौजूद रहे।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा पुलिस बल के पर लोगों को डराने का काम कर रही है। भाजपा प्रत्याशी सरेआम लोगों को धमका रहे हैं। इस तरफ भय का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार लोगों के अधिकारों का हनन कर रही है और प्रशासन भी उसका साथ दे रहा है। भाजपा नेता और पुलिस कर्मचारी किसानों को खालिस्तानी बता रहे हैं। उन पर मुकदमें दर्ज कर जेलों में डाला जा रहा है लेकिन किसान और मजदूर आगामी लोकसभा चुनावों में सरकार व भाजपा को इसका जवाब देंगे।

मनदीप नथवान ने कहा कि 10 साल तक देश पर राज करने वाली भाजपा सरकार के पास उपलब्धियां गिनवाने के नाम पर कुछ नहीं। आज लोग भाजपा से पूछना चाहते हैं कि किसानों को दिल्ली जाने क्यो रोका, किसानों पर गोली क्यों चलाई गई। एमएसपी गारंटी कानून क्यों नहीं लाए।स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट क्यों लागू नहीं की गई। सत्ता पक्ष ही नहीं विपक्षी नेताओं से भी किसान सवाल पूछेंगे कि सत्ता में आने पर वे इन मुद्दों पर क्या करेंगे। मनदीप नथवान ने कहा कि हरियाणा में अभी विपक्ष का कोई उम्मीदवार मैदान में नहीं है लेकिन भाजपा के उम्मीदवार अभी से अपनी हार मान चुके हैं। सिरसा से प्रत्याशी अशोक तंवर मोदी की गारंटी गिनवा रहे हैं लेकिन लोग भली-भांति जानते हैं कि गारंटी तो अशोक तंवर की ही नहीं है। मनदीप ने दावा किया कि तंवर सहित प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा का सुपड़ा साफ हो रहा है। इस कुशासन का अंत नजदीक आ चुका है।

## भाजपा माफिया का अड्डा बन चुकी है : मथुरा दत्त जोशी

**देहरादून,(एजेंसी)**। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन और प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचारी, व्यभ्यचारी, दुराचारी, बलात्कारी तथा माफिया का अड्डा बन चुकी है। आज पूरे देश के भ्रष्टाचारी, बलात्कारी और माफिया भाजपा रूपी गंगा में डुबकी लगाने को आतुर हैं।

मथुरा दत्त ने कहा कि पार्टी विद डिफरेंस का मुखौटा ओढ़ने वाली भाजपा की आज की दिशा और दशा देखकर दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी की आत्मा दुःखी होती होगी कि किस भाजपा के लिए उन्होंने अपना सारा जीवन लगा दिया।



उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में देश के सारे बडे. भ्रष्टाचारी, खनन माफिया, भू माफिया, महिला दुराचार के आरोपी भाजपा में शामिल हो चुके हैं तथा आज भाजपा उनका अड्डा बन चुकी है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने केंद्रीय सत्ता का दुरुपयोग कर जिस किसी भी माफिया, भ्रष्टाचारियों के पीछे ईडी, सीबीआई और आइटी को लगाया, आज वे भाजपा रूपी गंगा में डुबकी लगा कर अपने को पाप मुक्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी चुनावी सभाओं में ईमानदारी का डपोर शंख बजा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में मंगलसूत्र को नारी के सुहाग का प्रतीक माना जाता है, लेकिन नरेन्द्र मोदी भारतीय नारी के मंगलसूत्र का भी अपमान कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी पत्नी के मंगलसूत्र का कभी भी मान नहीं रखा तथा सात फेरे लेने के बावजूद उन्हें पत्नी का दर्जा नहीं दिया।

## बदरी-केदारनाथ धामों में ऑनलाइन पूजा के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह, 6975 लोगों ने कराया बुक

**देहरादून, (एजेंसी)**। उत्तराखंड के बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में ऑन लाइन पूजाओं के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। दोनों धामों के लिए अब तक 6975 श्रद्धालुओं ने 01 करोड़ 20 लाख से अधिक धनराशि की ऑनलाइन पूजाओं की बुक करायी है।



बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की अधिकारिक वेबसाइट ँ३३स्र२:ि१ल्लं३ँ-ह्यी१ल्लं३ँ.ॠङ्ग५.ल्ल पर 15 अप्रैल से (सोमवार) 22 अप्रैल दिन तक एक सप्ताह में 6981 श्रद्धालुओं ने ऑन लाइन पूजायें बुक करायी है, जिसमें से 4735 श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम के लिए 2246 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम के लिए ऑनलाइन पूजाएं बुक करायी हैं।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने मंदिर समिति में ई -आफिस और ऑनलाइन सेवाओं को अपनाये जाने पर जोर दिया है। वेबसाइट सहित पूजा काउंटरों को आधुनिक बनाया गया है।

बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों धामों के लिए ऑनलाइन पूजा बुकिंग से 1,20,03725 की धन राशि मंदिर समिति को प्राप्त हो गयी है। बदरीनाथ धाम के लिए 82,58920 केदारनाथ धाम के लिए 37,44805 ऑनलाइन पूजाओं की बुकिंग धनराशि प्राप्त हुई।बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ के मुताबिक ऑनलाइन पूजाओं और बदरीनाथ-केदारनाथ यात्रा के विषय में तीर्थयात्री लगातार मंदिर समिति कार्यालयों से जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

## चंडी चौदस पर भव्य रूप से सजाया गया मां चंडी देवी मंदिर

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। चंडी चौदस के अवसर पर सिद्धस्थल मां चंडी देवी के दर्शनों को मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। चंडी देवी मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है।इस अवसर पर मां चंडी देवी मंदिर परमार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रोहित गिरी महाराज ने मंदिर प्रांगण में श्रद्धालु भक्तों को मां की महिमा का महत्व बताते हुए कहा कि नवरात्रों में मां के नौ स्वरूप मां भगवती चंडी देवी से मिलने आती हैं। चंडी चौदस पर विशेष पूजा-अर्चना के बाद सभी देवियां जगत कल्याण के लिए अपने स्थान लौट जाती हैं। मां चंडी देवी के मंदिर में नियमित रूप से पूजा पाठ और व्रत का पालन करने वाले साधकों की मां चंडी देवी सभी मनोकामना पूरी करती हैं। उन्होंने कहा कि जगत की अधिष्ठात्री देवी मां चंडी देवी की शरण में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु भक्त का कल्याण अवश्य ही निश्चित है। मानव जाति के कल्याण के लिए अवतरित हुई मां दुर्गा की शक्ति अपरंपार है। मां चंडी देवी का अलौकिक प्रताप आसुरी शक्तियों से श्रद्धालु भक्तों की रक्षा करता है। देवभूमि उत्तराखंड आने वाले श्रद्धालु भक्तों को अपने जीवन को भवसागर से पार लगाने के लिए मां के दर्शन अवश्य करने चाहिए। अपनी शरण में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु भक्त का संरक्षण कर मां सुख, समृद्धि, यश, वैभव प्रदान करती हैं।इस अवसर पर पंडित पंकज रतूड़ी, पंडित देशवाल शास्त्री, पंडित राजेश कुकशाल, पंडित नवल किशोर, पंडित अमित बेलवाल, पंडित रोहित डबराल, पंडित मनमोहन कंडवाल, अवनीश त्रिपाठी, त्रिलोक शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 'टीएचडीसीआईएल, उत्तराखंड का उप्र के बुलंदशहर जिले में सितंबर तक कोयला आधारित ताप विद्युत परियोजना चालू करने का लक्ष्य'

**ऋषिकेश,(एजेंसी)**। उत्तराखंड के विद्युत क्षेत्र के अग्रणी उपक्रम, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने सितंबर- 2024 तक उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में अपने कोयला आधारित बिजली संयंत्र को चालू करने का लक्ष्य रखा है। इस बाबत कंपनी के निदेशक (पर्सनल) ने बताया कि इस लक्ष्य के साथ ही कंपनी घरेलू ताप विद्युत क्षेत्र में उतर जाएगी।





निदेशक (पर्सनल) शैलेंद्र ने बताया कि टीएचडीसीआईएल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में 1,320 मेगावाट 2660 मेगावाट की अत्याधुनिक तापीय बिजली परियोजना एसटीपीपी स्थापित कर रही है। परियोजना की समय सीमा के बारे में पूछे जाने पर निदेशक ने बताया कि इसका काम पूरे जोरों पर चल रहा है। हमें 660 मेगावाट की पहली इकाई इस साल सितंबर तक और दूसरी इकाई मार्च 2025 तक चालू होने का अनुमान है। यह लगभग 12,000 करोड़ रुपये की परियोजना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उत्तराखंड स्थित इकाई की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 1,587 मेगावाट है, जिसमें से 1,424 मेगावाट जलविद्युत, 113 मेगावाट पवन और 50 मेगावाट सौर है। कंपनी के निदेशक (पर्सनल) ने बताया कि जनवरी-2024 तक बुलंदशहर जिले के खुर्जा में इस अत्याधुनिक तापीय बिजली संयंत्र के एसटीपीपी पर 9,428.30 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और लगभग 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि कंपनी खुर्जा एसटीपीपी में पर्यावरण-अनुकूल कार्बन कैप्चर तकनीक लागू करने की प्रक्रिया में है, जो कार्बन उत्सर्जन को कम करेगी। परियोजना का विवरण साझा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परियोजना की आधारशिला 09 मार्च, 2019 को रखी थी। यह परियोजना 1,200.843 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है।

उन्होंने बताया कि यह एक एकीकृत कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र है, जो मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में स्थित अमेलिया कोयला खदान से जुड़ा है। परियोजना पूरी होने पर संयंत्र 85 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर पीएलएफ के अनुरूप सालाना 926.4 करोड़ यूनिट बिजली पैदा करेगा। विद्युत मंत्रालय के बिजली आवंटन के अनुसार, उत्पादित बिजली का 64.7 प्रतिशत उत्तर प्रदेश को आपूर्ति की जानी है और शेष अन्य लाभार्थियों को दी जाएगी।

## त्वरित निस्तारण और निर्माण कार्यों में तेजी लाए : जिलाधिकारी खुराना

**गोपेश्वर, (एजेंसी)**। जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना ने सोमवार को रेल विकास निगम, बीआरओ, पिटकुल और एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा की।



उन्होंने निर्देशित किया कि तहसीलों से समन्वय स्थापित करते हुए वन भूमि हस्तांतरण, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण और अन्य लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए और निर्माण कार्यों में तेजी लाए। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी संबंधित एसडीएम को एनएचआईडीसीएल के साथ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करने और कमेडा से हेलंग तक बॉटलनेक वाले स्थानों पर प्राथमिकता पर चौड़ीकरण का कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलबा निस्तारण और संवेदनशील स्थलों को चिह्नित कर तत्काल इसकी रिपोर्ट दें। मैठाणा में हिल कटिंग के लिए रूट डायवर्ट करने की मांग पर कार्यदायी संस्था को इसका प्लान उपलब्ध कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने ग्राम कोलडा का गजट प्रकाशन, सिवांई में अर्जित नाप भूमि का काश्तकारों में मुआवजा वितरण और लोनिवि को सुशीला देवी इंटर कॉलेज का संशोधित आंगणन शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही वन विभाग को लंगाली में वृक्षों का पातन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

रेल साइडिंग सुरगें और अतिरिक्त रेलवे लाइन बिछाने के लिए गैर वन भूमि चयन के लिए संबधित एसडीएम को निर्देश दिए। सिमली-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग के बगोली सेतु के प्रतिकर भुगतान, भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव, जोशीमठ के मारवाड़ी और मलारी मोटर मार्ग विस्तारीकरण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, रेल विकास निगम महाप्रबंधक सूरज प्रकाश, बीआरओ के कैप्टेन शुभम, मेजर प्रतीप काले, ओसी मनोहर कुमार, रेल विकास निगम के उप महाप्रबंधक सूरज प्रकाश, ईई पिटकुल महेश रावत, एनएचआईडीसीएल के सहायक अभियंता शैलेन्द्र कुमार सहित वर्चुअल माध्यम से सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## किसान की धान बिक्री की राशि देने के एवज में सहकारी बैंक मैनेजर व कैशियर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**कोरबा, (एजेंसी)**। भ्रष्टाचार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर द्वारा सोमवार को अमित दुबे, ब्रांच मैनेजर एवं आशुतोष तिवारी, कैशियर, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा पाली, जिला कोरबा को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। पीड़ित रामनोहर यादव जो कि ग्राम धंवरा डोंगरी बतरा, जिला कोरबा का निवासी है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा पाली, जिला कोरबा में उसके द्वारा बेचे गये धान का भुगतान, जो लगभग पांच लाख रुपये था, जिसके आहरण के लिये 7500 रुपये रिश्वत की मांग आरोपितगण अमित दुबे, ब्रांच मैनेजर एवं आशुतोष तिवारी, कैशियर द्वारा की गई थी। पीड़ित द्वारा इसकी शिकायत एन्टी करप्शन ब्यूरो, बिलासपुर में की गई। शिकायत सत्यापन पश्चात आज योजनाबद्ध तरीके से ट्रेप आयोजित किया गया।

पीड़ित आरोपीगण को रिश्वत देने के लिये बैंक कार्यालय गया, जहां आरोपितगण द्वारा सावधानी बरतते हुए, रिश्वत रकम न लेते हुए, पांच लाख रुपये आहरण राशि से रिश्वती रकम 5000 रुपये काटकर पीड़ित को शेष राशि दी गई, जिस पर एसीबी की टीम द्वारा कार्रवाई कर कैशियर से रिश्वत की राशि बरामद की गई।

घटना में दोनों आरोपितों की संलिप्तता पाए जाने से दोनों ही आरोपितों के विरुद्ध धारा सात भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 ( यथा संशोधित अधिनियम 2018) के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी के छग प्रवास के मद्देनजर राज्यपाल हरिचंदन ने ली बैठक

**रायपुर, (एजेंसी)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 व 24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। वे 23 अप्रैल को राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। इस सिलसिले में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने सोमवार को राजभवन में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। हरिचंदन ने राजभवन में प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम के लिए की गई तैयारियों का भी स्वयं जायजा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, उप सचिव हिना अनिमेष नेताम एवं राजभवन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रदेश में आंधी के साथ बारिश की संभावना

**रायपुर, (एजेंसी)**। प्रदेश में सोमवार को आंधी व बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि मध्य छत्तीसगढ़ में वर्षा होगी। उल्लेखनीय है कि रविवार को बस्तर के कुछ इलाकों में दो सेंटीमीटर तक बारिश हुई।

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ इरान के ऊपर स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका, हवा की अनियमित गति दक्षिण छत्तीसगढ़ से दक्षिण तमिलनाडु तक है। 22 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ तथा वज्रपात की भी संभावना जताई जा रही है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट संभव है।

### नक्सलियों के प्रेशर आईईडी विस्फोट से ग्रामीण युवक की मौत

**बीजापुर, (एजेंसी)**। जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेलपारा मुतवेंडी निवासी 20 वर्षीय गड़िया अपने घर से कुछ दूरी पर वनोपज के संग्रहण के लिए जंगल गया हुआ था। इस दौरान आज सोमवार को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए और ग्रामीण युवक की दर्दनाक मौत हो गई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की है।

उल्लेखनीय है कि नक्सली अक्सर जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी का जाल बिछाए होते हैं, इसकी चपेट में कई बार निर्दोष ग्रामीण, मवेशी एवं जवान भी आ जाते हैं, जिससे उनकी मौत हो जाती है या फिर गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। ऐसे कई मामले नक्सल प्रभावित इलाके से अक्सर सामने आते रहते हैं।

### कांग्रेसजनों ने देखी मतगणना की व्यवस्था

**देहरादून, (एजेंसी)**। कांग्रेस के प्रदेश चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर राजीव महर्षि और कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को टिहरी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए बनाए गए महाराणा स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया और देहरादून जिलाधिकारी सोनिका जी और सिटी मजिस्ट्रेट देहरादून से मतगणना से संबंधित जानकारी साझा की।

इस अवसर पर पूर्व महानगर अध्यक्ष लाल चंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री गोदावरी थापली, प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई विकास नेगी, प्रवक्ता सुलेमान अंसारी, प्रवक्ता मोहन काला, प्रदेश युवा कांग्रेस नेता विकास नेगी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुख्य सचिव ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**देहरादून, (एजेंसी)**। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सोमवार को केदारनाथ धाम पहुंचकर केदारनाथ पुनर्निर्माण और पुनः विकास कार्यों के मास्टर प्लान के फेस 2 के तहत 21 प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे, जिला प्रशासन, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पिथौरागढ़ सड़क हादसा : मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये का दिया जाए मुआवजा : करन माहरा

**देहरादून, (एजेंसी)**। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सोमवार को पिथौरागढ़ के एंचोली क्षेत्र में अंडोली के पास हुए सड़क हादसे पर गहरा दुःख जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने सड़क दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

माहरा ने कहा कि इस हृदय विदारक दुर्घटना से कई लोग असमय काल कलवित हो गये हैं। उनके परिजनों के लिए यह असहनीय दुःख है हम उनके दुःख को बांट तो नहीं सकते, लेकिन इस दुःख की घड़ी में उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में होने वाले ऐसे हादसों को रोकने के उपाय होने चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सड़क दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने के साथ ही घायलों के समुचित उपचार के इन्तजाम किये जाने की भी मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन और प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने भी इस भीषण सड़क हादसे पर गहरा दुःख जताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदन प्रकट की है।

### ऐपण कलाकार ज्योति पांडे विधानसभा अध्यक्ष से मिलीं, भेंट की कलाकृति

**देहरादून, (एजेंसी)**। देहरादून यमुना कॉलोनी स्थित शासकीय आवास पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण से ऐपण कलाकार ज्योति पांडेय ने सोमवार को भेंट कर ऐपण कला से निर्मित कलाकृति भेंट की।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने ज्योति की बनाई गई ऐपण कलाकृतियों की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परम्पराओं को दर्शार्ती ऐपण कला कुमाऊं की विशिष्ट पहचान है। शुभ अवसरों पर प्रयोग किए जाने वाली ऐपण कला के गौरवशाली इतिहास को नई पहचान दिलाने के लिए सरकार भी प्रतिबद्ध है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोक कला ऐपण हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। आज ऐपण कलाकार अपने कौशल के माध्यम से इस कला को देश-विदेश में प्रचारित एवं प्रसारित भी कर रहे हैं। ऐपण कला को जीआईटैग (भौगोलिक संकेतक) प्राप्त होना लोक कला संरक्षण की दिशा में एक अहम उपलब्धि है।

### उत्तराखंड : भीषण गर्मी के कारण कम निकले वोटर, पिछली बार से तीन प्रतिशत घटा मतदान

**देहरादून, (एजेंसी)**। उत्तराखंड में इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा है। 57.25 फीसदी ही मतदान हुआ है।इसका कारण चुनाव आयोग ने भीषण गर्मी के कारण मतदाताओं के घर से बाहर न निकलना बताया है।

उत्तराखंड के मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम का कहना है कि इस बार लगभग 2019 के मुकाबले तीन फीसदी मतदान कम हुआ है, जिसका कारण इस बार चुनाव के दिन गर्मी ज्यादा थी इसलिए मतदाता कम ही घर से बाहर निकलें। साथ ही चुनाव से महीने पहले ही करीब 130 गांव में चुनाव का बहिष्कार भी लोगों ने किया।